# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह में शिरकत करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी


• बोकारो, शनिवार 7 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 261 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## एसीबी की टीम ने रोजगार सेवक को घूस लेते किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत नौडीहा बाजार ब्लॉक कार्यालय के आवासीय परिसर में शुक्रवार को रोजगार सेवक जितेंद्र राम को मनरेगा कूप योजना में एंट्री करने के नाम पर 7000 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। एंटी करप्शन ब्यूरो पलामू की टीम ने यह कार्रवाई की। रोजगार सेवक को गिरफ्तार करने के बाद मेदिनी नगर कार्यालय लाया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। एसीबी की कार्रवाई से नौडीहा बाजार ब्लॉक कार्यालय के कर्मियों में हड़कंप मच गया है। एसीबी टीम ने नौडीहा बाजार ब्लॉक में पहली बार इस तरह की कार्रवाई की है। सरईडीह पंचायत के खरडीहा के राजन यादव को मनरेगा योजना के तहत 4 लाख 72 हजार की कूप स्वीकृत हुई थी। इसमें मजदूरी भुगतान हेतु इंट्री करने के लिए राजन ने रोजगार सेवक जितेंद्र राम से कई बार आग्रह किया, लेकिन घूस की राशि देने के बाद ही कार्य करने पर अड़ा रहा। राजन ने इसकी शिकायत एसीबी पलामू कार्यालय में की थी। इसकी जांच की गई और मामला सही पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज की गई और कार्रवाई के लिए टीम बनाकर मौके पर भेजा गया। प्रखंड कार्यालय में बने आवास में रोजगार सेवक ने जैसे ही लाभुक से घूस की 7000 की रकम ली, उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# अध्ययन और आत्मविकास पर दें अधिक ध्यान : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज जिला रामरुद्र सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, चास, बोकारो में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। जब विद्यालय के नाम में ही 'एक्सीलेंस' अर्थात उत्कृष्टता निहित है, तो विद्यार्थियों का लक्ष्य भी हर हाल में उत्कृष्टता प्राप्त करना होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों से केवल उनके अभिभावकों को ही नहीं बल्कि पूरे समाज को बड़ी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा समय के महत्व को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सीखी गई छोटी-बड़ी आदतें—जैसे समय पर आना, नियमित अभ्यास करना और अनुशासन बनाए रखना, जीवन में आगे




चलकर सफलता की आधारशिला बनती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सपने वे नहीं हैं जो नींद में देखते हैं, बल्कि सपने वे होते हैं जो उन्हें पूरा किए बिना सोने नहीं देते। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हों, आत्मविश्वास, परिश्रम और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने तथा अध्ययन और आत्म विकास पर अधिक ध्यान देने की सलाह दी। राज्यपाल ने अपने संघर्षशील जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि जब वे दो वर्ष के भी नहीं थे तभी उनके पिता जी का देहांत हो गया था। वे ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। आज जो भी हैं, इसमें उनके माता का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियां भी व्यक्ति को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकतीं, यदि उसके भीतर दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास हो। राज्यपाल ने संवाद के क्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया तथा कहा कि अनावश्यक रूप से अन्य दिशाओं में ध्यान भटकाना अपने साथ अन्याय करना है। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार उसकी शिक्षा होती है। उन्होंने कहा कि राज्य में बारहवीं तक की शिक्षा की स्थिति अच्छी तो है किन्तु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पीछे हैं। इसमें सुधार लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता के त्याग को स्मरण रखने तथा शिक्षकों का सम्मान करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने संवाद के क्रम में विद्यार्थियों से कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो वे उन्हें पत्र लिखकर अवगत करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के एमडी ने की आत्महत्या

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** गुरुवार की देर रात जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के एमडी अनुराग सरावगी (45) ने छठी मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस आत्महत्या का कारण और दूसरे तथ्यों को लेकर जांच में जुटी हुई है। राजधानी रांची के जाने-माने बिल्डर और मेन रोड स्थित जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग सरावगी ब्लेयर अपार्टमेंट में रहते थे। घटना के समय वह फ्लैट में अकेले थे, जबकि उनकी पत्नी और दोनों बच्चे रिश्तेदारों से मिलने गए हुए थे।

### सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत लूटा रेलवे ओवरब्रिज के पास शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में पकरार गांव निवासी वासुदेव महतो (65) की मौके पर ही मौत हो गई। वासुदेव महतो प्रतिदिन की तरह सब्जी बेचने के लिए अपने घर से शहरी क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर उनकी मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए और सड़क जाम कर दिया।

### अनियंत्रित स्कार्पियो ने महिला हवलदार को रौंदा

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** राजगंज-सिजुआ मुख्य मार्ग पर गुरुवार की रात नया मोड़ (हरित प्रधान) के समीप एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने महिला सीआइएसएफ हवलदार रौंद दिया। इस हृदयविदारक हादसे में गंभीर रूप से जख्मी महिला हवलदार स्नेहलता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका के पति कुंदन कुमार सीआइएसएफ की सिजुआ यूनिट में तैनात हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और फरार स्कार्पियो चालक की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना में अनियमितता मामले में कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के अंतर्गत अनियमितता के मामले में कार्रवाई हुई। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी ने हजारीबाग के फोर्ड एंड ऑर्थो केयर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की है। आज शुक्रवार को अस्पताल प्रबंधन द्वारा शो-कॉज नोटिस का समय पर उत्तर नहीं देने के कारण अस्पताल को योजना के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बीमा कंपनी नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा अस्पताल के विरुद्ध प्रस्तुत विस्तृत रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएं पाई गई, जो आयुष्मान भारत योजना के नियमों के प्रतिकूल हैं। इन अनियमितताओं पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी द्वारा अस्पताल को क्रमशः 20 सितंबर 2024, 30 मई 2025 एवं 23 सितंबर 2025 को कुल तीन पत्र जारी किए गए थे। इन सभी पत्रों के माध्यम से अस्पताल के अधिकृत ई-मेल आईडी पर स्पष्टीकरण मांगा गया लेकिन निर्धारित समय सीमा में अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा जवाब नहीं मिलने की स्थिति में रिमाइंडर भी भेजा गया, इसके बावजूद कोई प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया गया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के दिशा-निर्देश की कंडिका 6।3।4।2 के तहत कार्रवाई करते हुए जसास ने अस्पताल को योजना से निलंबित करने का निर्णय लिया है। निलंबन अवधि के दौरान अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वर्तमान में भर्ती आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी मरीजों को छुट्टी मिलने तक सामान्य रूप से निरंतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही। निलंबन अवधि में भी अस्पताल में पाई गई अनियमितताओं एवं विसंगतियों की नियमित जांच जारी रहेगी। इस कार्रवाई को झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक की स्वीकृति प्राप्त है। राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के अंतर्गत गंभीर रोगों से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कुल 24 मामलों पर विचार किया गया, जिनमें से 21 मरीजों को चिकित्सीय सहायता राशि स्वीकृत की गई। जिसमें कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट, ब्रेन इंज्यूरी सहित गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को 05 से 10 लाख रुपये तक की मदद दी गयी।

## चतरा डीएसपी समेत टंडवा और लावालौंग थाना प्रभारी हाईकोर्ट तलब, मोबाइल जब्त


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मैट्रिक के परीक्षार्थी को अवैध तरीके से हिरासत में लेने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने चतरा के डीएसपी समेत टंडवा और लावालौंग के थाना प्रभारी को तलब कर लिया है। इन तीनों का मोबाइल जब्त करके कोर्ट रूम में बैठा दिया गया है। इसके साथ ही, अदालत ने चतरा एसपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हाजिर होकर यह बताने का निर्देश दिया गया है कि परीक्षार्थी को किस आधार पर हिरासत में लिया गया। क्या पुलिस ने इसका कोई केस डायरी तैयार किया है? मिली जानकारी के अनुसार परीक्षार्थी की मां की ओर से हाईकोर्ट में हैवियस कॉर्पस सुनवाई के लिए दायर याचिका पर यह कार्रवाई की गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नारायण प्रसाद और एके राय की खंडपीठ ने इस मामले पर दोबारा सुनवाई करने की बात कही है। अदालत ने पुलिस अधिकारियों से पूछा कि 26 और 27 जनवरी की रात को दो बच्चों को घर से क्यों उठाया गया? पूछताछ के बाद उन्हें तुरंत क्यों नहीं छोड़ा गया? उन दोनों बच्चों को 10 दिनों तक हिरासत में क्यों रखा? चतरा डीएसपी ने अदालत को बताया कि स्टेशन डायरी में इसका जिक्र किया गया है। इसके बाद अदालत ने मोबाइल से चतरा एसपी से बात की और केस डायरी के बारे में जानकारी मांगी। अदालत ने एसपी से पूछा कि केस डायर में इन दोनों बच्चों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के लिए कोई बात लिखी गई है या नहीं? इसके बाद अदालत ने चतरा डीएसपी समेत टंडवा और लावालौंग के थाना प्रभारी का मोबाइल जब्तकर कोर्ट रूम में बैठा दिया।

## चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-बिक्री के बड़े रैकेट का भंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** जिले के सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-बिक्री के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और चार चोरी की मोटरसाइकिलें तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए। यह कार्रवाई 5 फरवरी 2026 की रात को की गई। करीब 10 बजे गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार ग्राम कोल्हड़िया ढोढ़वा निवासी राजेश कुमार मंडल अपने घर में चोरी की मोटरसाइकिलें छिपाकर रखता था और उनकी अवैध खरीद-बिक्री करता था। सूचना की पुष्टि के बाद, वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया। रात करीब 10:30 बजे थाना प्रभारी रोहित कुमार दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम ढोढ़वा कोल्हड़िया में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। राजेश कुमार मंडल के घर से एक विवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल और एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई। इसके अतिरिक्त गोविन्द मंडल, सुम्बय महित्य उर्फ शिबू रजवार और रामधन मंडल उर्फ रावण मंडल के घरों से भी चोरी की मोटरसाइकिलें और एक नोकिया कीपैड मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस ने कुल चार हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जिनके रजिस्ट्रेशन नंबर और चेचिस-इंजन नंबर अलग-अलग थे। सभी बरामद सामानों की विधिवत जप्ती सूची तैयार की गई। पुलिस ने इस मामले में राजेश कुमार मंडल, गोविन्द मंडल, सुम्बय महित्य उर्फ शिबू रजवार और रामधन मंडल उर्फ रावण मंडल नामक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्त सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। यह कार्रवाई सोनारायठाढ़ी थाना कांड संख्या 09/2025, दिनांक 06 फरवरी धारा 317(5)/3(5) बीएनएस 2023 के तहत की गई है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी रोहित कुमार दाँगी, एसआई तबरेज अंसारी, जैप-05 के सशस्त्र बल और थाना के कई पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और चोरी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।



## रांची नगर निगम चुनाव में 242 महिला प्रत्याशी मैदान में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** इस बार के रांची नगर निगम चुनाव सिर्फ स्थानीय सरकार के गठन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी का भी आईना बनकर सामने आया है। नगर निगम के सभी 53 वार्डों में पार्षद पद के लिए कुल 390 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है, जिनमें से 242 महिलाएं हैं। यह संख्या कुल उम्मीदवारों का लगभग दो-तिहाई है, जो शहरी निकाय चुनावों में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती है। महिलाओं की इतनी बड़ी भागीदारी के पीछे आरक्षण व्यवस्था का अहम योगदान माना जा रहा है। कई वार्ड ऐसे हैं जहां केवल महिला प्रत्याशियों के बीच ही सीधा मुकाबला होगा। इससे चुनावी समीकरणों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। महिलाओं ने स्थानीय मुद्दों जैसे साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और



स्वास्थ्य सुविधाओं को अपने चुनावी एजेंडे में प्रमुखता से शामिल किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह चुनाव महिलाओं के लिए नेतृत्व क्षमता साबित करने का बड़ा अवसर है। कई महिला प्रत्याशी पहली बार राजनीति में कदम रख रही हैं, जबकि कुछ पहले भी सामाजिक और सार्वजनिक कार्यों से जुड़ी रही हैं। इससे नगर निगम की कार्यशैली में जमीनी मुद्दों को लेकर नई सोच और दृष्टिकोण आने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, कुल 148 पुरुष प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं और वे भी मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। 6 फरवरी शनिवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह निर्गत कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी वार्डों में प्रचार अभियान तेज हो जाएगा। नगर निकाय चुनाव में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी को महिला प्रत्याशियों ने सामाजिक बदलाव और सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक संकेत बताया है। अलग-अलग वार्डों से चुनाव लड़ रहीं महिला उम्मीदवारों का मानना है कि महिलाओं के आगे आने से न सिर्फ स्थानीय स्तर पर बल्कि समाज और देश में भी व्यापक बदलाव आएगा।

C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### आर.पी.एस. रेसिडेंसियल स्कूल में विदाई समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 6 फरवरी 2026 को स्थानीय आर.पी.एस. रेसिडेंसियल स्कूल के सभागार में 12वीं कक्षा के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के छात्रों के विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सबके चेहरे पर विदाई का गम और भविष्य के सुनहरे सपने चमक रहे थे । इस अवसर पर प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह एवं उपप्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा के साथ सभी वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ व्यक्त कीं। प्राचार्य श्री सिंह के साथ सभी विभागाध्यक्ष ने प्रतीक चिह्न (मोमेंटो) एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए।



### धनरूआ में युवती को जबरन उठा ले जाने का आरोप, पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार सुबह करीब 11 बजे 22 वर्षीय युवती को जबरन उठा ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक चार-पांच अन्य लोगों के साथ युवती के घर पहुंचा और उसे अपने साथ ले गया। इस दौरान जब युवती की मां ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी।इस मामले में अगवा की गई युवती की मां ने धनरूआ थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र समीर कुमार, उसके पिता राजकुमार सिंह, राहुल कुमार समेत दो अन्य को आरोपी बनाया गया है।पीड़िता की मां का कहना है कि वह अनुसूचित जाति की महिला है, जबकि आरोपी उच्च जाति के हैं और जबरन उसकी बेटी को घर से उठा ले गए। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। थाना पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवती की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है और सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।

### भाजपा की संयुक्त संगठनात्मक बैठक संपन्न

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी पटना जिला ग्रामीण के अंतर्गत पालीगंज एवं मसौढ़ी विधानसभा की संयुक्त संगठनात्मक बैठक पारसनाथ कुशवाहा कॉलेज में जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने कार्यकताओं से आगामी 9 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना आगमन पर बापू सभागार, पटना में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। तैयारी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री एवं क्षेत्रीय सह प्रभारी धनराज शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही जिला प्रभारी संजीव यादव, जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी कुमुद रंजन, ब्रजेश, नीरज, लंकेश, आशा किरण, विधानसभा संयोजक नारायण कुमार तथा सभी मंडल अध्यक्ष लवकुश कुमार,उतम कुमार, मंडल प्रभारी, मंडल मोर्चा के अध्यक्ष और मंडल महामंत्री विशेष रूप से मौजूद रहे।



### डाक बंगला के जमीन विवाद पर आया नया मोड़, प्रभारी अंचलाधिकारी ने दिया अनापत्ति पत्र

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के डाक बंगला परिसर की जमीन को लेकर चल रहे दो विभागों के विवाद के बिच शुक्रवार को एक नया मोड़ आ गया है, जहां अंचल के प्रभार में बीडीओ प्रभाकर के द्वारा अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद पटना को जिला परिषद अंतर्गत मसौढ़ी निरीक्षण भवन की भूमि खेसरा संख्या 885, 886, 887, 888, 889 रखवा 2.85 एकड़ एवं थाना नंबर 425 मौजा मसौढी के निरीक्षण भवन के स्वामित्व पर जिला परिषद की भूमि को बताया गया है। इसके साथ ही उन्होंने पत्र में लिखा है कि जिला परिषद इस पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य के लिए स्वतंत्र हैं।यह पत्र बीते 5 फरवरी की तिथि को जारी की गई, पत्र निर्गत के एक बार फिर से घमासान मच गया है। नगर परिषद के स्थाई सशक्त कमेटी सह वार्ड पार्षद शंभू सिंह ने इस पत्र पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि डीडीसी के द्वारा दोनों पक्षों की सुनवाई के लिए बुलाया गया था सुनवाई अभी पूरी हुई नहीं है कि यह पत्र कैसे निर्गत हो गया वह भी बिना किसी कर्मचारी के जांच के द्वारा यह निर्गत की गई है, इसके अलावा इस पत्र में थाना नंबर भी गलत अंकित की गई है एवं इस पर कई प्लॉट की भी चर्चा की गई है।

### दो गुटों में गोलीबारी, दो व्यक्तियों की लगी गोली

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के तारेगना डीह मोहल्ले में शुक्रवार की शाम को उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया, जब दो गुटों में आपसी गोलीबारी होने लगी,जिसमें दो व्यक्ति की गोली लगी है। एक व्यक्ति की हाथ में गोली लगी और दूसरे व्यक्ति की पैर में गोली लगी है, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्तियों में तारेगना डीह निवासी बाबर खान उर्फ गुड्डू मियां (50 वर्ष) पिता स्व फैयाजीकीम वही दूसरे पक्ष के भगवानगंज थाना अंतर्गत के रहने वाले नदौना गांव के राहुल पासवान (26) वैजनाथ पासवान जो अपने ननिहाल तारेगना डीह आया हुआ था, घटना पुरानी विवाद को लेकर हुई हैं, घटना के कर्म का खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

### नहाने के दौरान डूब कर मरे युवक का शव बरामद

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 4 दिन पूर्व मनेर के हल्दी छपरा संगम घाट पर नहाने के दौरान डूब के मरे युवक अमरजीत कुमार का शव पुलिस ने गोरेया स्थान गंगा घाट से बरामद किया है। पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। युवक के शव मिलते ही परिवार वालों के बीच कोहराम मच गई। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि हल्दी छपरा गंगा घाट पर नहाने के दौरान अमरजीत की डूबने से मौत हो गई थी। जिसका शव का पता नहीं चल पा रहा था। शुक्रवार की शाम को गोरेया स्थान के पास से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस से मृतक के शव को बरामद का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 65 लीटर विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार की रात को सूचना पर पुलिस ने हल्दी छपरा श्मशान घाट के पास छापेमारी करते हुए देसी और विदेशी 65 लीटर शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिसे गिरफ्तारी के बाद पुलिस उचित कार्रवाई के लिए जुटी हुई है। बताया जाता है की सूचना पर हल्दी छपरा संगम घाट के समीप श्मशान घाट स्थित पुलिस ने छापेमारी की। मनेर थाना के एसआई अनुज गुप्ता छापेमारी के दौरान 65 लीटर देसी और विदेशी शराब को बरामद किया है।

# नाले की पानी निकासी और अपने जीर्णोद्धार का बाट जोह रही है कटनी पाईन

## जल जमाव की बनी है स्थिति, मोरहर नदी मे मिलाने की है मांग



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर के लिए जल निकासी एक सबसे बड़ी चुनौती है, इसको लेकर न जाने कितनी बार मैराथन बैठक हुई, बावजूद आज तक इसका नतीजा नहीं निकल पाया है। बहरहाल हम बात कर रहे है मसौढ़ी का कटनी पाईन की, जो वार्ड नंबर 26 के सरवां गांव के पास वह रूकी हुई है।और नाले का पानी निकासी और अपने जीर्णोद्धार का बाट जोह रही हैं। यह कटनी पाईन अपने गोद में नाले का पानी लेकर कई वर्षों से यह अपने जीर्णोद्धार का इंतजार कर रही है। दरअसल कटनी पाईन के बारे में सरवां गांव के स्थानीय निवासी विमलेश्वर सिंह ने बताया कि वर्ष 2006 से पहले से ही यह पाईन जो पुनपुन नदी से मोरहर नदी में मिलती थी और वह भदौरा होते हुए सोनकुकरा से दहीभता होते हुए यह पाईन सरवां तक आती थी,लेकिन आज के हालात में कई जगहों पर इसका जल जमाव की स्थिति बन गई है, और कई जगह पर इस बांध दिया गया है। नतीजन कई जगहो पर जल जमाव की स्थिति बन गई है और वहीं पर वह नाले का पानी सडकर दुर्गंध दे रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से इसे मोरहर नदी में मिलाने की मांग कर रहे हैं। जल निकासी नहीं होने से जल जमाव की स्थिति बन गई है नतीजन पानी वहीं पर सड कर दुर्गंध देता है जिसे महामारी फैलने का आसार है। इसके अलावा वीर कुंवर सिंह कॉलोनी के पास भी जल जमाव की स्थिति बन गई है जिससे पूरे मोहल्ले में चापाकल में झाग और पानी निकलने लगता है। लोगों को कई तरह की बीमारियों काफी खतरे से भयभीत है,बहरहाल वीर कुंवर सिंह कॉलोनी और सरवां के पास जल जमाव की जल निकासी के लिए कई बार नगर परिषद की बोर्ड की बैठक में एवं सिंचाई विभाग के मंत्री से भी मांग की गई है।सरवां गांव के विमलेश्वर सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, विनोद सिंह, मिथिलेश सिंह, जीत नारायण सिंह, कृष्ण मिस्त्री, बबलू सिंह, रामानुज सिं,ह रमाकांत सिंह आदि ने पाईन का जीर्णोद्धार करते हुए इसे मोरहर नदी में मिलाने की मांग की है और बताया है कि इससे पूरे शहर के नाले का पानी का निकासी हो सकेगा।

# मसौढी में युवक का शव मिलने से सनसनी परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

## मृतक की मौत हादसे में गिरने से हुई है या हत्या बनी चर्चा का बिषय

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के न्यूमणीचक से तारेगना डीह जाने वाले रास्ते के बीच शुक्रवार की अल्हे सुबह एक अर्धनिर्मित चारदीवारी के अंदर एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मौके पर मसौढी पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है मृतक की पहचान जितेंद्र कुमार (30 वर्ष) पिता सुखदेव यादव मणीचक के रूप में हुई, खबर मिलते ही इस घटना के बाद परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है,थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि युवक का शव एक खाली पड़े जमीन के चारदीवारी के अंदर थी। देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि चाहरदीवारी फांदने के दौरान वह गिर गया होगा और उसी दौरान उसकी मौत हो गई होगी। सूचना मिलते ही मृतक के घर और ससुराल वाले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान मृतक के परिजनों के दो पक्ष आपस में भीड़ गए। दोनों एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। पुलिस ने किसी तरह उन्हें शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। वही इस पूरे मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया की बिते रात को एक युवक भटक कर चार दिवारी फांदकर जा रहा था, वह दीवार पर एक किल फंसा हुआ मिला है, प्रतीत हो रहा है इससे गिरने पर हादसा हुआ है।इस घटना के बाद आसपास के मोहल्ले वासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है ई यह महज एक हादसा है या फिर हत्या है?







# बिहार के सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की ऐतिहासिक घोषणा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार सिंह की पहल पर बिहार के सभी पुलिसकर्मियों के साथ-साथ राज्य के अन्य सभी सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस संबंध में श्री मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा पूर्व में माननीय उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री से मुलाकात कर कर्मचारियों को चिकित्सा उपचार के दौरान होने वाली कठिनाइयों से उन्हें लिखित आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया था तथा राज्य में कैशलेस इलाज की सुविधा लागू करने की मांग की गई थी। माननीय उपमुख्यमंत्री द्वारा इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप आज सदन में इस विषय पर महत्वपूर्ण घोषणा की गई। घोषणा के अनुसार, अब बिहार में सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ विधायक एवं विधान पार्षदों को भी कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। यह निर्णय राज्य के लाखों कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा।

इस जनहितकारी और अत्यंत आवश्यक निर्णय के लिए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री तथा माननीय उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री के प्रति बिहार पुलिस एसोसिएशन ने हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।



# ट्रेन रद्द व रूट परिवर्तन से स्टेशन पर बिगड़े हालात, यात्रियों की उमड़ रही भीड़

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर गया रेलवे स्टेशन में चल रहे मेगा ब्लॉक का असर अब पूरी तरह तारेगना रेलवे स्टेशन पर दिखाई देने लगा है। ट्रेनों के रद्द होने और कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए जाने से स्टेशन परिसर में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज और प्रवेश द्वारों पर दिनभर अफरातफरी की स्थिति बनी रहती है। सीमित ट्रेनों के परिचालन के कारण यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्टेशन की व्यवस्थाएं चरमराती नजर आ रही हैं। सुबह और शाम के व्यस्त समय में जैसे ही किसी ट्रेन के आगमन की घोषणा होती है, यात्रियों में चढ़ने के लिए होड़ मच जाती है। अत्यधिक भीड़ के कारण कई यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सीट मिलने की अनिश्चितता के कारण अनेक यात्री घंटों पहले स्टेशन पहुंचने को मजबूर हैं।यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों की संख्या कम होने से हर ट्रेन में सामान्य से कई गुना अधिक यात्री सफर कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना-गया रेलखंड पर ट्रेनों का रद्द एवं परिवर्तित परिचालन 21 मार्च तक जारी रहेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में यात्रियों की परेशानी और बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से अतिरिक्त ट्रेनों के परिचालन अथवा विशेष व्यवस्था करने की मांग की है।



### प्लास्टिक का उपयोग मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी : प्रेम कुमार

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां, फतुहा व खुशरूपुर प्रखंड से गहरे जुड़े प्रेम युथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेमजी ने श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र पटना की सभागार में प्लास्टिक मुक्त भारत को लेकर इंटर्न कर रही 140 छात्राओं को प्लास्टिक से हो रहे दुष्प्रभाव के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी है। माइक्रो प्लास्टिक हवा में घुल गया है माँ के दूध तक पहुंच गया है। प्लास्टिक के उपयोग तुरंत बंद करने की जरूरत है। प्लास्टिक हमारे जीवन मे रच बस गया है । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि घर से कपड़ा के झोला लेकर निकलने की आदत डालें। वहीं महावीर कैंसर संस्थान के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार ने प्लास्टिक से हो रहे खतरों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक समुंदर में जीवों को प्रभावित कर रहा है प्लास्टिक कचरे से भारत मे बड़े पैमाने पर पशुओं की मृत्यु हो रही है।

# इंटर की चल रही परीक्षा के दौरान ड्यूटी से गायब रहने वाले पांच स्टैटिक दंडाधिकारियों से एसडीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कदाचार मुक्त दावों के साथ कड़ी सुरक्षा के साथ चल रही मसौढ़ी अनुमंडल के सात परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संचालित हो रही है। इस दौरान कई परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारियों की गायब रहने की सूचना मिल रही थी, जिसको लेकर एसडीएम अभिषेक कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर इसकी जांच करवाई जहां पर कुल पांच स्टैटिक दंडाधिकारी ड्यूटी से गायब दिखें ,इन सभी गायब रहने वाले स्टैटिक दंडाधिकारियों पर एसडीएम अभिषेक कुमार ने स्पष्टीकरण जारी किया है। गायब रहने वाले पदाधिकारी में रंजन कुमार, कनीय अभियन्ता मनरेगा, धनरूआ, जो हाई स्कूल धनरूआ में स्टैटिक दंडाधिकारी के रूप में मृत नियुक्त थे वहीं शशिकान्त आजाद, तकनीकि सहायक, धनरूआ, हाई स्कूल साई परीक्षा केंद्र, विक्की कुमार, पंचायत रोजगार सेवक, उच्च माध्यमिक विद्यालय बरनी परीक्षा केंद्र,एवं हंस राज, पंचायत रोजगार सेवक,योगेन्द्र सिंह, प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी, प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र आदी थे। इन सबों पर बिहार इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा (सैद्धान्तिक) परीक्षा-2026 के परीक्षा ड्यूटी में अनुपस्थित रहने के संबंध में स्पष्टीकरण किया गया है।दरअसल जोनल सह उड़नदस्ता दण्डाधिकारी के द्वारा संबंधित परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षण किया गया, जिसमे सभी अनुपस्थित पाये गये, जहां एसडीएम ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण ड्यूटी से अनुपस्थित होना लापरवाही, मनमानी, स्वेच्छाचारिता को साफ दर्शाता है। पत्र प्राप्ति के साथ ही अद्योहस्ताक्षरी को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं उक्त कृत्य के लिए अनुशासनिक कार्रवाई हेतु आप सभी पर कारवाई की जाय।



# मसौढी में पांच दिवसीय वार्ड सभा संपन्न, अंतिम दिन आठ वार्डों में हुई वार्ड सभा, दिखी जन भागीदारी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परीषद मसौढी के सभी वार्डों में स्थानीय समस्याओं के समाधान, विकास की योजना और जनसुनवाई के लिए 'वार्ड सभा' का चल रहा आयोजन शुक्रवार को संपन्न हो गया, बीते 2 फरवरी से यह वार्ड सभा का आयोजन की शुरूआत की गई थी और अंतिम दिन 8 वार्डों में वार्ड सभा का आयोजन किया गया, अंतिम दिन वार्ड संख्या 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34 में वार्ड सभा का आयोजन किया गया, जहां काफी संख्या में सभी वार्ड की जनता शामिल हुए और अपनी अपनी समस्या, विचार और योजना की चर्चा की,जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों की भागीदारी के साथ विकास कार्यों की योजना बनाना, समस्याओं की पहचान करना और वार्ड पार्षदों की देखरेख में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करना है।कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया की वित्तीय वर्ष 2026 -27 के लिए बजट निर्माण किया जाना है। जिसको लिए सभी वार्डों के आम जनता से संवाद किया जा रहा है, जिसके मुख्य रूप से कई एजेंडे बनाये गये थे, जिसमें स्वच्छता, राजस्व संवर्धन, जल जमाव का निराकरण, सड़को एवं नालों की आवश्यकता, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था में सुधार, वार्ड के सार्वजनिक स्थलों का सौंदरीकरण, वार्ड में नागरिक सुविधाओं का प्रस्ताव आदि थे।

# डीएम के आदेश पर मसौढी पंचायत सचिव पर एक करोड़ 56 लाख सरकारी राशि गबन करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के पंचायत सचिव रमाकांत गिरी पिता स्व भागवत गिरी पर एक करोड़ 56 लाख की सरकारी राशि गबन करने के मामले में जिलाधिकारी के जांचोपरांत मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार ने मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दरअसल यह मामला 2020-21 की है जब पंचायत सचिव रामाकांत गिरी मोकामा प्रखंड में कार्यरत थे, जहां 15 पंचायत के प्रभार में थे, उस वक्त 15 वित्त की योजना के अंतर्गत नल जल, नली गली, पंचायत भवन, स्वच्छता समेत कई योजनाओं के कार्यों की ऑडिट नहीं करवाए थे और ना ही कोई इसका लेखा-जोखा जमा हो पाया था, जिस कारण सभी योजनाओं में निर्गत सरकारी राशि किस मद में खर्च हुई है, कहां कितना क्या कुछ किया गया है उसका कोई रिपोर्ट जमा नहीं किया गया था ।जिलाधिकारी के जांच के बाद अनुशासनहीनता और तकरीबन 1 करोड़ 56 लाख की सरकारी राशि के गबन मामला की पूर्ण जांच के बाद मसौढ़ी थाने में बीडीओ को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया, उस आलोक में बीडीओ प्रभाकर कुमार ने थाने में उक्त आरोपी पंचायत सचिव पर सरकारी राशि गबन करने का प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

# कृषि अनुसंधान परिसर में समेकित कृषि प्रणाली विषय पर पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण-सह-प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का समापन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेष के लिए 'समेकित कृषि प्रणाली' विषय पर आयोजित पाँच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण-सह-प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम (02-06 फरवरी, 2026) का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में सिक्किम राज्य से आए कुल 27 कृषकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों के ज्ञान एवं कौशल को सुदृढ़ करते हुए टिकाऊ, संसाधन-दक्ष तथा विविधीकृत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों को संबोधित करते संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने उत्पादन हानि को कम करने के लिए आवश्यकता के अनुरूप संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ताके माध्यम से स्मार्ट खेती पद्धतियों को अपनाना कृषि को अधिक दक्ष, सुदृढ़ तथा भविष्य-उन्मुख बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि-उद्यमिता, मूल्य संवर्धन तथा बाजार से जुड़ाव के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। इससे पूर्व, डॉ. संजीव कुमार, पाठ्यक्रम निदेशक एवं प्रमुख, फसल अनुसंधान प्रभाग ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समग्र प्रतिवेदन एवं मूल्यांकन प्रस्तुत किया तथा प्रतिभागियों को उपलब्ध कराए गए प्रमुख अधिगम निष्कर्षों एवं प्रक्षेत्र-आधारित अनुभवों पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को धरातल पर उतारने के लिए किसानों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण की व्यावहारिक उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर संतोष व्यक्त किया।




# कल से आयोजित होगी खादी और ग्रामोद्योग की 10 दिवसीय प्रदर्शनी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 07 फरवरी को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा पटना के गांधी मैदान में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त राज्य स्तरीय विपणन एवं पीएमईजीपी प्रदर्शनी का केन्द्रीय मंत्री एमएसएमई जीतन राम मांझी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद रविषंकर प्रसाद जी, स्थानीय जन-प्रतिनिधिगण, ग्रामीण विकास से संबद्ध विभागों एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों के ग्रामोद्योगी गतिविधियों जुडे कामगारों सहित सेवा प्रदान करने वाले 786 लाभुकों को भौतिक एवं आभासी माध्यम से 1518 आधुनिक मशीनों/टूलकिटों का वितरण किया जाएगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी में देशभर के अनेक राज्यों के खादी संस्थाओं द्वारा उत्पादित सूती, रेशमी, ऊनी तथा पॉली खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों के प्रदर्शन सह बिक्री किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने वाले उद्यमियों द्वारा तैयार अनूठे उत्पादों का भी प्रदर्शन सह बिक्री किया जाएगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी में खादी कारीगरों तथा ग्रामोद्योग लाभार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के खादी वस्त्रों के उत्पादन तथा ग्रामोद्योगी गतिविधियों का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से शाम 08:00 बजे तक खुला रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने के सतत प्रयासों को मूर्त रूप देने की दिशा में खादी और ग्रामोद्योग आयोग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 07.02.2025 को पटना के गांधी मैदान में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त राज्य स्तरीय विपणन एवं पीएमईजीपी प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री एमएसएमई, जीतन राम मांझी जी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विषिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद रविषंकर प्रसाद जी, स्थानीय जन-प्रतिनिधिगण, उद्योग से संबद्ध विभागों एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण, स्थानीय गणमान्य लोग तथा KVIC के लाभुक भाग लेंगे। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों के ग्रामोद्योगी गतिविधियों यथा मधुमक्खी पालन, कुम्भकारी, चर्मकारी, ताड़ गुड़ निर्माण, अगरबत्ती उद्योग, वेस्ट वुड एवं टर्न वुड क्राफ्ट से जुडे कामगारों सहित सेवा प्रदान करने वाले कारीगरों यथा इलेक्ट्रीशियन, मोबाइल रिपेयरर, रेडीमेड वस्त्र निर्माता आदि क्षेत्र के 786 लाभुकों को भौतिक एवं आभासी माध्यम से 1518 आधुनिक मशीनों/टूलकिटों का वितरण किया जाएगा। महात्मा गांधी द्वारा लगातार देशवासियों से खादी एवं स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया जाता रहा है। इसी विचार से ओतप्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकल फॉर वोकल एवं खादी फॉर फैशन, खादी फॉर नेशन के नारे के साथ खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी में देशभर के अनेक राज्यों के खादी संस्थाओं द्वारा उत्पादित सूती, रेशमी, ऊनी तथा पॉली खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों के प्रदर्शन सह बिक्री किया जाएगा तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने वाले उद्यमियों द्वारा तैयार अनूठे उत्पादों का भी प्रदर्शन सह बिक्री किया जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### निर्माणाधीन भवन से एक युवक का शव बरामद, दो आरोपि गिरफ्तार

**रांची (नबिटासं)।** पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित अनसूल अपार्टमेंट के सामने निमार्णाधीन भवन से एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान उसी अपार्टमेंट में पेंट-पुट्टी का काम करने वाले वसीम मंसूरी के रूप में हुई है, जो 2 फरवरी से लापता था। प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का प्रतीत होने पर पुलिस ने जांच शुरू की। इस संबंध में मृतक के पिता जसीम मंसूरी ने थाना में लिखित आवेदन देकर वसीम के साथ काम करने वाले साहिद असारी, दिलशाद तथा अन्य अज्ञात के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। मामला जगन्नाथपुर (पुंदाग ओपी) थाना कांड संख्या 24/28, दिनांक 04 फरवरी 2026, धारा 103(1)/238/3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में डीएसपी हटिया की अगुवाई में विशेष अनुसंधान टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में मुख्य आरोपी साहिद असारी ने बताया कि उसका मृतक की बहन के साथ प्रेम प्रसंग था। कुछ दिन पूर्व दोनों को मिलने के दौरान वसीम और उसके परिजनों ने साहिद की पिटाई की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। इसी रंजिश में साहिद ने अपने साथी मुसरफ के साथ मिलकर 2 फरवरी को वसीम को काम के बहाने निमार्णाधीन अपार्टमेंट में बुलाया और चाकू व डंडे से वार कर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को छिपाने की नीयत से लिफ्ट शाफ्ट के पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगा चाकू, डंडा, खून सने कपड़े और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### गुड़ियों में 300 लीटर जावा महुआ विनष्ट, अवैध भट्ठियां तोड़ी गई

**बरही हजारीबाग (नबिटासं)।** निकाय चुनाव को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने गुड़ियों गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 300 लीटर जावा महुआ विनष्ट किया। इस दौरान अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त भट्ठियां, बर्तन और अन्य सामग्री भी तोड़ दी गई। हालांकि कार्रवाई के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक बिनोद कुमार ने बताया, ह्लनिकाय चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।ह्व उन्होंने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई करनी पड़ी, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।पुलिस की इस सख्ती से क्षेत्र में शराब कारोबारियों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बेहतर होगी। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**रांची (नबिटासं)।** रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। धमकी ईमेल के जरिये भेजी गई थी, जिससे सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। कोर्ट परिसर और आसपास के इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। प्रवेश को सीमित किया गया और झारखंड जगुआर का बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पुलिस प्रशासन साइबर सेल की मदद से ईमेल भेजने वाले व्यक्ति या समूह की पहचान में जुटा है। अभी तक किसी संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### गिरिडीह नगरपालिका आम चुनाव में 16 महापौर एवं 216 वार्ड पार्षद के उम्मीदवार मैदान में

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगरपालिका आम चुनाव के निमित्त नाम निर्देशन और नाम वापसी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गिरिडीह उपायुक्त राम निवास यादव ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त श्री यादव ने बताया कि महापौर पद के लिए कुल 20 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। नाम वापसी के दिन 3 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया, जबकि एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया गया। इसके बाद अब महापौर पद के लिए कुल 16 उम्मीदवार के नाम शामिल हैं। वहीं गिरिडीह वार्ड पार्षद पद के लिए कुल 232 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था, जिनमें से 16 ने नाम वापसी ली। इसके बाद अब 216 उम्मीदवार वार्ड पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर पंचायत बड़की सरिया में अध्यक्ष पद के लिए कुल 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं यहां के 12 वार्डों में कुल 80 वार्ड पार्षद प्रत्याशी का भी नामांकन शामिल है। इसके अलावा धनवार में अध्यक्ष पद के लिए 14 उम्मीदवार ने नामांकन किया हैं, जबकि 11 वार्डों में कुल 54 उम्मीदवार वार्ड पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

# नगरपालिका चुनाव 2026: प्रचार-प्रसार पर सख्त नजर, बिना अनुमति प्रचार पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं केबल नेटवर्क के माध्यम से होने वाले चुनावी प्रचार-प्रसार को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निदेर्शों के तहत बिना अनुमति किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन के प्रकाशन अथवा प्रसारण पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जारी आदेश के अनुसार किसी भी चुनावी पुस्तिका, बैनर, पोस्टर, पम्पलेट अथवा अन्य मुद्रित सामग्री पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता अंकित होना अनिवार्य होगा। बिना विवरण वाली सामग्री का मुद्रण या




प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा जिला प्रशासन ने गिरिडीह जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों एवं प्रकाशकों को निर्देश दिया है कि वे चुनाव प्रचार से संबंधित किसी भी सामग्री के मुद्रण से पूर्व प्रकाशक से घोषणा पत्र प्राप्त करें तथा मुद्रण कार्य पूर्ण होने के दो दिनों के भीतर संबंधित दस्तावेज, छपी सामग्री की प्रति एवं सहमति पत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अनिवार्य रूप से जमा करें।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क, एसएमएस अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित करने के लिए उम्मीदवारों अथवा अन्य व्यक्तियों को जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र आनेक्सरे ए में आवेदन करना होगा। बिना अनुमति प्रसारित सामग्री को पेड न्यूज की श्रेणी में रखा जाएगा निदेर्शों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राजनीतिक विज्ञापनों पर होने वाला समस्त व्यय संबंधित उम्मीदवार के चुनाव खर्च खाते में जोड़ा जाएगा। मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु एमसी एमसी की विशेष अनुमति आवश्यक होगी जिला प्रशासन ने बताया कि एमसीएमसी कार्यालय सूचना भवन, गिरिडीह में स्थापित है, जो निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक 247 कार्यरत रहेगा। प्रशासन ने सभी उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों, मीडिया संस्थानों एवं प्रिंटिंग प्रेस संचालकों से दिशा-निदेर्शों का सख्ती से पालन करने की अपील की।

## समस्याओं को सुनना व समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिक उपस्थित किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि जनता की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है जनता दरबार में लगभग 52 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें बिजली विपत्र भूमि



हुए और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन व आम नागरिकों के बीच संवाद का माध्यम है।

इससे ना केवल लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है, बल्कि जनता का विश्वास भी प्रशासनिक व्यवस्था में मजबूत होता है। जनता की समस्याओं को सुनना व समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जनता दरबार कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ विवाद पेंशन पारिवारिक कलह रोजगार सामाजिक सुरक्षा आवास राशन कार्ड और जनसुविधा से संबंधित विषय प्रमुख रहें। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता व त्वरित कार्रवाई के साथ काम करें, ताकि जनता को अनावश्यक परेशान नहीं होना पड़े। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव है, उनका निपटारा नियमानुसार ढंग से तुरंत किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इस दौरान उपायुक्त ने कई मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया।

## मनोज सिंह वार्ड 23 से निर्विरोध निर्वाचित घोषित, अब डिप्टी मेयर की कुर्सी पर नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। निगम की राजनीति की मुख्य धुरी माने जाने वाले कद्दावर नेता मनोज सिंह शुक्रवार को वार्ड नंबर 23 से निर्विरोध वार्ड पार्षद चुन लिए गए हैं। निर्वाचित पदाधिकारी ने शुक्रवार को उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंप दिया। उनकी इस जीत ने न केवल उनके समर्थकों में उत्साह भर दिया बल्कि निगम की भावी सियासत के समीकरण भी बदल दिए हैं। बता दें कि मनोज सिंह शुरूआत से ही मेयर पद के सबसे प्रबल दावेदारों में गिने जा रहे थे। हालांकि, सीट महिला के लिए आरक्षित होने के बाद



उन्होंने अपनी रणनीति बदली व स्वयं को डिप्टी मेयर के पद के लिए आगे किया। इसी लक्ष्य के साथ उन्होंने वार्ड 23 से चुनावी मैदान में कदम रखा, जहां जनता के अपार समर्थन व प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार व्यापक समर्थन से वे निर्विरोध चुन लिए गए।

निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद मनोज सिंह ने वार्ड 23 की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि वार्ड 23 के देवतुल्य जनता के विश्वास व स्नेह की जीत है। निर्विरोध चुना जाना उनके लिए गौरव की बात है। यह जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। उनका लक्ष्य मेदिनीनगर का समग्र विकास व हर नागरिक की समस्याओं का समाधान करना है। मनोज सिंह के निर्विरोध निर्वाचन ने विपक्षी खेमे में हलचल तेज कर दी है। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद असगर आलम, प्रदीप कुमार अकेला, कोमल कुमार अंकू, मिथिलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, उत्तम कुमार सिंह, सोनू सिंह, मिथिलेश सिंह, राहुल सिंह, गोलू सिंह, वेद प्रकाश तिवारी, विवेक सिंह, संतोष तिवारी सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## वार्ड 14 से अरुणानाथ मंडल का नामांकन स्वीकृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** नगर निकाय चुनाव क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 से पार्षद प्रत्याशी अरुणानाथ मंडल के नामांकन पत्र की नामांकन संवीक्षा के दौरान स्वीकृति प्रदान कर दी गई। शुक्रवार को संपन्न हुई नामांकन संवीक्षा में सभी पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन की जांच की गई, जिसमें अरुणानाथ मंडल का नामांकन वैध पाया गया इस अवसर पर सभी पार्षद प्रत्याशियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया गया। बैठक के बाद प्रेस से बातचीत करते हुए अरुणानाथ मंडल ने बताया कि चुनाव आयोग ने सभी प्रत्याशियों को शांतिपूर्ण एवं मर्यादित तरीके से चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का निर्देश दिया है।

## पलामू एसीबी की टीम ने रोजगार सेवक जितेंद्र राम को 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** पलामू प्रमंडलीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मनरेगा योजना में रिश्वत मांगने वाले एक रोजगार सेवक को सात हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र कुमार राम के रूप में हुई है। वह नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत सरईडीह पंचायत में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत था। उसने मनरेगा योजना में एंट्री के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के अनुसार आरोपी रोजगार सेवक ने मनरेगा योजना के तहत सिंचाई कूप की एंट्री कराने के एवज में रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो



ने मामले की जांच की, इसमें रिश्वत मांगने की बात सत्य पाई गई।

रणनीति बनाकर की गई कार्रवाई में शिकायत सत्यापित होने के बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाया व शुक्रवार को रोजगार सेवक को सात हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शिकायतकर्ता की जानकारी पलामू एसीबी के पुलिस अधीक्षक ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि वादी राजन कुमार यादव ने वादी द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय, पलामू में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। एसीबी टीम आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने सिटी रसोई रेस्टूरेंट का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारु (हजारीबाग)।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने दारु चौक मे शुक्रवार को सिटी रसोई रेस्टुरेंट का उद्घाटन फीता काट कर किया। रेस्टुरेंट के मालिक रवि कश्यप ने अपने परिजनों व ग्रामीणों संग सदर विधायक का स्वागत फूल माला पहनाकर किया। इस मौके पर सदर विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों मे भी अब अच्छे रेस्टुरेंट खुलने लगे है यह बहुत ही अच्छी बात है अब गाव के लोग भी स्वादिस्ट भोजन का आनंद उठा सकेंगे।

रवि कश्यप ने बताया कि उनके होटल मे एक से एक वेज और नॉन वेज खाने के ब्यंजन उपलब्ध होंगे। रेस्टुरेंट से दस



किलोमीटर के क्षेत्र तक होम डीलेवरी कि सुबिधा होगी। इस मौके पर श्रवण मंडल, सिकंदर मंडल, अनु साव, दीपक चौरसिया, छोटेलाल साहा, प्रेम साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सरकारी योजना से दिव्यांग युवक को मिला सहारा, बीडीओ ने दी ट्राइसाइकिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने खुर्दजवार (डपोक पंचायत) निवासी दिव्यांग युवक प्रवीण कुमार, पिता सीताराम, को ट्राइसाइकिल प्रदान की। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें सम्मानजनक जीवन देना है। उन्होंने बताया कि सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों के आवागमन में सुविधा होती है और वे अपने दैनिक कार्य अधिक सहजता



से कर पाते हैं। ट्राइसाइकिल मिलने पर प्रवीण कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे उनकी दिनचर्या आसान होगी और वे अधिक सक्रिय रूप से सामाजिक जीवन से जुड़ सकेंगे। बीडीओ ने अन्य पात्र दिव्यांगजनों से भी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और कहा कि प्रशासन दिव्यांग सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में हेड क्लर्क बिनोद राम, राजीव कुमार, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, अनुसेवक दीपक कुमार सहित कई कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। लाभुक और उनके परिजनों ने प्रशासन के प्रति आभार जताया।

## गिरिडीह में बालू माफिया बेखौफ, प्रशासन मौन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** झारखंड सरकार द्वारा बालू उठाव पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद गिरिडीह जिले में अवैध बालू खनन और तस्करी खुलेआम जारी है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि बालू माफिया अब कानून, पुलिस और प्रशासन—किसी से भी डरते नजर नहीं आ रहे हैं जिले की कई नदियों से दिनदहाड़े बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है।

सड़कों पर बालू लदे ट्रैक्टर और हाफ डाला वाहन बेखौफ फरार्टा भरते दिखते हैं, जबकि रात के समय यह अवैध कारोबार और भी तेज हो जाता है। सवाल यह उठता है कि आखिर यह सब किसके



संरक्षण में चल रहा है मटरुखा पंचायत बना बालू माफियाओं का गढ़ गिरिडीह जिले की मटरुखा पंचायत इन दिनों अवैध बालू कारोबार का बड़ा केंद्र बन चुकी है। पंचायत के महतोडीह शिव मंदिर के आसपास प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टरों द्वारा अवैध रूप से बालू उठाव किया जा रहा है। यहां से बालू को ताराटांड़, गोविंदपुर, टुंडी और धनबाद जैसे क्षेत्रों में 407 और हाफ डाला वाहनों के जरिए भेजा जा रहा है।स्थानीय सूत्रों की मानें तो पंचायत के जंगलों में पहले नदी से बालू निकाला जाता है, फिर ट्रैक्टरों से उसे सुरक्षित स्थानों पर डंप कर बड़े स्तर पर तस्करी की जाती है। यह पूरा नेटवर्क सुनियोजित तरीके से चलाया जा रहा है प्रशासन की चुप्पी पर सवाल सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा अवैध कारोबार किसी से छिपा नहीं है। इसके बावजूद न तो नियमित छापेमारी हो रही है और न ही बड़े माफियाओं पर कोई ठोस कार्रवाई।

कभी-कभार छोटे वाहनों को पकड़कर खानापूर्ति जरूर की जाती है, लेकिन असली सरगना आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। झारखंड सरकार को अवैध बालू उठाव के कारण प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही, नदी, जंगल और पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंच रही है।

बड़े सवाल क्या अवैध बालू कारोबार को पुलिस-प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है प्रतिबंध के बावजूद ट्रैक्टर और ट्रकों की आवाजाही कैसे संभव हो रही है आखिर कब तक बालू माफिया कानून से ऊपर रहेंगे?अब देखना यह है कि राज्य सरकार इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेती है और क्या पुलिस व जिला प्रशासन को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं, या फिर यह अवैध कारोबार यूं ही सरकार के राजस्व और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता रहेगा।

## नगरपालिका आम चुनाव के निमित्त नाम निर्देशन एवं नाम वापसी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** नगरपालिका आम चुनाव 2026 के निमित्त नाम निर्देशन एवं नाम वापसी को लेकर आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त ने राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचनझ्र2026 की निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जारी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचनझ्र2026 की नाम निर्देशन और नाम वापसी की आज अंतिम तिथि था। आगे उपायुक्त ने बताया कि गिरिडीह नगर निगम के महापौर पद के लिए कुल 19 नाम निर्देशन दाखिल किया गया था, जिसमें 03अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 16 है, जिसमें 02 महिला है। वहीं बड़की सरैया नगर पंचायत अध्यक्ष के पद के लिए कुल 19 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें 02 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 17 है, जिसमें 17 महिला है धनवार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 14 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 14 है, जिसमें 02 महिला है। इसके अलावा वार्ड नंबर 01 में कुल 06 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 06 है, जिसमें 03 महिला है वहीं वार्ड संख्या 02 में कुल 06 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें 02 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 04 है। वार्ड संख्या 3 में कुल 05 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया जिसमें 01 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 04 है वार्ड संख्या 04 में कुल 07 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 07 है। जिसमें 03 महिला है। वार्ड संख्या 05 में कुल 03 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 03 है। जिसमें 03 महिला है।वार्ड संख्या 06 में कुल 07 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 07 है। जिसमें 01 महिला




है।वार्ड संख्या 07 कुल 05 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 05 है। जिसमें 01 महिला है।वार्ड संख्या 08 में कुल 08 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें 02 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 06 है वार्ड संख्या 09 कुल 05 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 05 है। जिसमें 05 महिला है।वार्ड संख्या 10 कुल 07 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 07 है। जिसमें 01 महिला है वार्ड संख्या 11 कुल 14 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें 02 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 12 है। जिसमें 01 महिला है।वार्ड संख्या 12 कुल 07 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 07 है वार्ड संख्या 13 कुल 07 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 07 है। जिसमें 05 महिला है।वार्ड संख्या 14 कुल 04 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 04 है। जिसमें 04 महिला है।वार्ड संख्या 15 कुल 04 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 04 है। जिसमें 04 महिला है।वार्ड संख्या 16 कुल 02 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 02 है वार्ड संख्या 17 कुल 03 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 03 है। जिसमें 03 महिला है।वार्ड संख्या 18 कुल 05 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 05 है। जिसमें 05 महिला है।वार्ड संख्या 19 कुल 07 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, 01 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 06 है। जिसमें 02 महिला है वार्ड संख्या 20 कुल 09 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 09 है। जिसमें 09 महिला है।वार्ड संख्या 21 कुल 03 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 03 ह वार्ड संख्या 22 कुल 06 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 06 है वार्ड संख्या 23 कुल 10 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें 01 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 09 है। जिसमें 01 महिला है।वार्ड संख्या 24 कुल 12 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 12 है वार्ड संख्या 25 कुल 09 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें 01 अभ्यर्थी ने अपना नामांकन वापस लिया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 08 है। जिसमें 08 महिला है।वार्ड संख्या 26 कुल 03 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 03 है। जिसमें 03 महिला है। वार्ड संख्या 27 कुल 04 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 04 है वार्ड संख्या 28 कुल 10 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, नाम वापसी के उपरांत अभ्यर्थियों की संख्या 10 है। जिसमें 02 महिला है।

# 444 निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** जिले के सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों द्वारा ज्ञानदीप पोर्टल पर इंटेक कैपेसिटी (कुल सीटें) और स्कूल बेसिक जानकारी अपडेट न करने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) योगेश कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में 444 निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीईओ ने बताया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) के तहत अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन के लिए यह प्रक्रिया अनिवार्य है।

डीईओ ने कहा कि कई विद्यालयों ने अब तक जानकारी अपडेट नहीं की है, जिससे ईडब्ल्यूएस और डीजी श्रेणी के छात्रों के नामांकन में बाधा उत्पन्न हो रही है। यह स्थिति

## डीइओ ने अपनाया कड़ा रुख

आरटीइ अधिनियम व विद्यालयों की मान्यता शर्तों का उल्लंघन है। डीईओ ने सभी विद्यालयों को 24 घंटे के भीतर पोर्टल पर इंटेक कैपेसिटी (कुल सीटें) और स्कूल बेसिक इनफार्मेशन अपडेट करने और स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। समयसीमा में अनुपालन न होने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और मान्यता रद होने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों से तत्काल अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि यह कदम छात्रों के हित में लिया गया है और किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कमरे से चार टूरिस्टों की लाशें बरामद

- फंदे से लटकी मिली चारों की लाशें
- मृतकों में दो पुरूष व दो महिलाएं
- पुलिस हर मामले से कर रही जांच
- लगाये जा रहे अलग-अलग कयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के राजगीर स्थित दिगंबर जैन धर्मशाला में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कमरे से तेज दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जब कमरा संख्या 6 एबी का दरवाजा खोला गया, तो अंदर का दृश्य देखकर हर कोई सन्न रह गया। कमरे के भीतर चार शव फंदे से लटके हुए मिले। मृतकों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने प्रथम दृष्टया सभी मौतों को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, चारों मृतक जैन धर्म के अनुयायी थे और धार्मिक यात्रा पर 31 जनवरी को राजगीर पहुंचे थे। धर्मशाला के कर्मचारियों के मुताबिक, 2 फरवरी तक उन्हें परिसर में देखा गया था, लेकिन इसके बाद कमरे का दरवाजा नहीं खुला। कई दिनों तक किसी की गतिविधि न दिखने और अंततः बदबू आने पर धर्मशाला प्रबंधन को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

धर्मशाला इंचार्ज मुकेश जैन ने पुलिस को बताया कि चारों पर्यटक नेपाल घूमने के बाद राजगीर आए थे। एक व्यक्ति ने अपना आधार कार्ड दिया था, जिसमें नाम जी. आर. नाग प्रसाद और पता बेंगलुरु दर्ज है। बाकी तीन लोगों के पहचान पत्र नहीं मिले हैं। पुलिस मृतकों की शिनाख्त और उनके परिजनों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर खोला गया, जिसके बाद चारों शव फंदे से लटके मिले। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। किसी भी बाहरी व्यक्ति को घटनास्थल के पास जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

पुलिस-प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कमरे को पूरी तरह सील कर दिया है। डीएसपी राजगीर, थानाध्यक्ष समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद है। साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया है। फंदे की स्थिति, कमरे के अंदर के हालात और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की बारीकी से जांच की जा रही है।

पुलिस आत्महत्या, सामूहिक आत्महत्या, आपसी विवाद या किसी साजिश जैसे सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। मोबाइल कॉल डिटेल, यात्रा के दौरान संपर्क में आए लोगों की जानकारी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। फिलहाल पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचने से बच रही है।

थाना प्रभारी रमन कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और समय का खुलासा हो सकेगा। रिपोर्ट से यह भी स्पष्ट होगा कि सभी की मौत एक ही समय हुई या अलग-अलग।

# पंचायत सरकार भवन निर्माण को ले संशय की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार सरकार भले ही भू-माफियाओं के खिलाफ सख्ती के दावे कर रही हो, लेकिन चेरिया बरियारपुर प्रखंड की पबरा पंचायत का मामला इन दावों की हकीकत उजागर करता नजर आ रहा है। यहां पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रशासन जहां उपयुक्त सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं होने की बात कह रहा है, वहीं पुराने सरकारी अभिलेख इस दावे को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। उक्त सरकारी भूमि पर वर्षों से दबंगों का अवैध कब्जा है। इसे खाली कराकर पंचायत भवन बनवाने के बजाय प्रशासन बाढ़ और नदी कटाव की दृष्टि से संवेदनशील जगहों का चयन कर रहा है, जो सवालों के घेरे में हैं। ग्रामीणों के हाथ लगे दस्तावेजों के अनुसार, मौजा पबरा, थाना संख्या 193, खाता संख्या 288, खेसरा संख्या 647 के अंतर्गत लगभग 15 कट्ठा सात धूर गैर मजरुआ आम भूमि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है।

आरोप है कि यह जमीन वर्षों से पंचायत के कुछ प्रभावशाली लोगों के अवैध कब्जे में है। 23 जनवरी 2015 को तत्कालीन सीओ ने ज्ञापांक 122 के तहत अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर 31 जनवरी तक भूमि खाली करने का आदेश दिया था। यहां तक कि तीन कट्ठा भूमि जलमीनार निर्माण के लिए चिह्नित भी की गई थी। बावजूद इसके कब्जा नहीं हटाया गया। 23 फरवरी 2015 को पत्रांक 280 के माध्यम से एसडीओ मंझौल को अतिक्रमण हटाने की सूचना दी गई, लेकिन मामला फाइलों में दबकर रह गया। बाद में जलमीनार किसी दूसरे स्थान पर बना दिया गया और अतिक्रमणकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

अब करीब 10 वर्ष बाद पंचायत सरकार भवन निर्माण की योजना सामने आई है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार इस बार मौजा पबरा, खाता संख्या 287, खेसरा संख्या 850 में बूढ़ी गंडक नदी से महज 30-40 मीटर दूरी पर जमीन चिह्नित की जा रही है।

# जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष विधायक पर लगाया गंभीर आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा नेता व धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने नगर निगम चुनाव को लेकर कई सवाल उठाया है। इंटरनेट मीडिया में कहा है कि 2026 में जो कुछ हो रहा है,वह न तो राजनीतिक रणनीति है और न ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया, यह एक खुला षड्यंत्र है, जिसके सूत्रधार स्वयं धनबाद विधायक राज सिन्हा हैं। धनबाद के निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, जिन्होंने अपने कार्यकाल में धनबाद नगर निगम को विकास की नई दिशा दी,जनता के बीच मजबूत पकड़ बनाई और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्हीं को हराने के लिए उनके ही समाज के छोटे भाई संजीव अग्रवाल को जान बूझकर मैदान में उतारा गया। यह निर्णय नहीं, साजिश है। यह चुनाव नहीं, सामाजिक विभाजन का प्रयोग है।निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल के बढ़ते जनाधार, उनके विकास कार्यों और जनता के भरोसे से घबराकर एक सुनियोजित कुचक्र रचा गया। जिसका एक मात्र स्पष्ट उद्देश्य है की निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल को हराना, पिछले चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे कांग्रेस नेता शमशेर आलम को जिताना और भारतीय जनता पार्टी के परंपरागत मतदाताओं को आपस में लड़ाना। यह कोई राजनीतिक चूक नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित साजिश एवं विश्वासघात बताया है। अग्रवाल ने इस पूरे घटनाक्रम के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के पारंपरिक व्यवसायी मतदाताओं, मध्यम वर्ग, मारवाड़ी समाज और राष्ट्रवादी सोच रखने वाले नागरिकों के बीच जानबूझकर गहरी दरार पैदा की गई है। यह दरार न सिर्फ.एक नेता के खिलाफ है, बल्कि पार्टी की जड़ों पर सीधा प्रहार है। धनबाद की जनता अब सब समझ चुकी है। विकास बनाम साजिश, नेतृत्व बनाम षड्यंत्र और जनहित बनाम निजी अहंकार यह चुनाव इन सबका फैसला करेगा। समाज को बांटने वालों को जवाब मिलेगा। साजिश करने वालों को चिन्हित कर धनबाद नगर निगम को प्रयोगशाला बनने से रोकना ही प्राथमिकता है।

## रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**कटिहार।** महज 200 रुपये में यातायात पुलिस पदाधिकारी व होमगार्ड का ईमान बिक गया। छह हजार के फाइन को 200 रुपये के नजराने में निपटा दिया गया, किंतु नजराना वसूली की यह करतूत वीडियो में रिकॉर्ड हो गई और पुलिस पदाधिकारी और होमगार्ड जवान के लिए भारी पड़ गया।

होमगार्ड जवान शंभू दास को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि पुलिस पदाधिकारी हरि प्रकाश फरार है। अभी एक महीने पूर्व ही एसपी शिखर चौधरी ने वाहन जांच में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर पुअनि हरि प्रकाश को सम्मानित भी किया था। नजराने की राशि अमर चौक के समीप एक चाय की दुकान में जमा होती थी।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगलागंज।** शुक्रवार को रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया के प्रांगण में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा के संदर्भ में विस्तार से विद्यार्थियों को बताया और दीदी नेशनल चैनल के माध्यम से विद्यालय के 911 के छात्राओं को कार्यक्रम दिखाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं दीपक कुमार, मानस कुमार, सुनील कुमार, कन्हाई दास, तरुण कुमार, वंदना सोनी कुमारी, एंटीना कुमारी, रीमा सिंह, प्रभात रंजन कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष रिंकी कुमारी, सिंह इत्यादि ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और विद्यार्थियों को इस परिचर्चा से सीख लेने के लिए प्रेरित किया।

# गबन मामले में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

## फाइल लंबित रहने पर सरकार पर भी उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के खजाने से कथित तौर पर 10 हजार करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में तीखा विवाद शुरू हो गया है। इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है और मामला अब उच्चस्तरीय जांच की मांग तक पहुंच गया है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने इस कथित गबन को गंभीर आर्थिक अपराध बताया है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी राशि का गायब होना राज्य के वित्तीय प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। मरांडी ने स्पष्ट रूप से पूछा कि यह पैसा आखिर गया कहां और क्या इसे किसी तरह के निवेश में लगाया गया है। उन्होंने यह आशंका भी जताई कि कहीं इससे मुख्यमंत्री या मुख्य सचिव को कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ तो नहीं पहुंचा।

बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री के निर्देश के बावजूद वित्त सचिव ने सभी विभागों के सचिवों की बैठक बुलाकर विस्तृत हिसाब लेने के बजाय फाइल सीधे मुख्य सचिव को भेज दी। उनका कहना है कि यह फाइल पिछले तीन महीनों से लंबित है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार इस मामले में जांच से क्यों बच रही है और कार्रवाई में देरी किसके इशारे पर हो रही है।

मरांडी ने यह भी कहा कि जिस तरह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमीन घोटाले के आरोपों का सामना कर रहे हैं, उसी तरह मुख्य सचिव भी आरोपों के घेरे में हैं। ऐसे में यह संदेह स्वाभाविक है कि इस मामले को जानबूझकर दबाने या टालने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मुख्य सचिव से फाइल पर अब तक कोई निर्णय नहीं होने का कारण स्पष्ट करने की मांग की।

कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह पूरा मामला भाजपा शासनकाल की वित्तीय अनियमितताओं का परिणाम है। प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि राज्य गठन के बाद लंबे समय तक कोषागारों का ऑडिट नहीं कराया गया, जबकि डेढ़ दशक से अधिक समय तक झारखंड में भाजपा की सरकार रही।

कांग्रेस का कहना है कि महागठबंधन सरकार के पूर्व कार्यकाल में जब वित्त मंत्रालय ने जांच शुरू की, तब भाजपा शासनकाल की गड़बड़ियां उजागर होने लगीं। पार्टी ने दावा किया कि वर्तमान सरकार वित्तीय मामलों में सख्ती बरत रही है और सभी बोर्ड, निगम व आयोगों का पूर्ण ऑडिट कराया जा रहा है। ऑडिट रिपोर्ट सामने आते ही भाजपा शासनकाल की वास्तविक स्थिति उजागर हो जाएगी।

# सेविका-सहायिका की बैठक में एमडीए अभियान पर जोर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** मनरेगा प्रखंड भवन में सभी आंगनबाड़ी-सेविकाओं की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि हमारे गांव और हमारे परिवार को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन एमडीए अभियान की शुरूआत हो रही है, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्यकर्मी जब घर-घर जाकर दवा लेकर पहुंचेंगे। इस दौरान अधिक से अधिक लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है अंत में उन्होंने सभी से अपील की10 फरवरी से दवा खाइए, फाइलेरिया भगाइए ताकि गांव, पंचायत और पूरा क्षेत्र फाइलेरिया मुक्त बन सके।

# जिले के 253 प्रधानाध्यापकों का रोका गया वेतन

## बीइओ और स्कूलों को भी भेजा गया पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** सारण जिले में यू-डायस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) पोर्टल पर छात्रों की एंट्री में लापरवाही अब महंगी पड़ने लगी है। यू-डायस-2024-25 एवं 2025-26 में छात्रों के नामांकन में पाए गए अंतर का निराकरण नहीं किए जाने और पोर्टल पर छात्रों की एंट्री नहीं होने के कारण जिले के 253 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापकों का वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को पत्र भेजकर कार्रवाई का आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा के पत्रांक 2454 दिनांक 22 दिसम्बर 2025 के आलोक में यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों के अनुसार यू-डायस में दर्ज छात्र नामांकन ही सरकारी योजनाओं की बुनियाद है। पोर्टल पर दर्ज संख्या में अंतर होने से छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, किताब, यूनिफॉर्म, स्कूल ग्रांट, शिक्षक पदस्थापन और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं के आवंटन में परेशानी आती है।कई विद्यालयों में स्थिति यह रही कि रजिस्टर में छात्र संख्या अलग थी, जबकि पोर्टल पर दूसरी संख्या दर्ज थी। इससे जिला स्तर पर विभागीय समीक्षा और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बार-बार सवाल उठ रहे थे। आदेश में उल्लेख किया गया है कि छात्रों की एंट्री संतोषजनक नहीं होने के कारण विभागीय वीसी में डीईओ को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा था।

# कई ईंट-भट्ठा मालिक वाणिज्य कर विभाग के रडार पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में जीएसटी चोरी करने वाले ईंट भट्ठा संचालकों के खिलाफ वाणिज्य कर विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक जांच अभियान शुरू कर दिया है। बड़े पैमाने पर संचालन के बावजूद सही डाटा नहीं देने, बिक्री छिपाने और बिना निबंधन भट्ठा चलाने की शिकायतों के बाद विभाग हरकत में आया है। जांच के दौरान ईंट भट्ठों पर उपलब्ध ईंट और कोयला स्टॉक की भौतिक जांच की जा रही है, ताकि वास्तविक उत्पादन और बिक्री का सही आंकलन किया जा सके।

जिले में वर्तमान में करीब 180 ईंट भट्ठे संचालित बताए जा रहे हैं, जबकि वाणिज्य कर विभाग के रिकॉर्ड में केवल 153 भट्ठे ही निबंधित हैं। शेष लगभग दो दर्जन से अधिक भट्ठे बिना निबंधन के संचालित होने की आशंका है। ऐसे भट्ठों को विभाग ने सीधे अपने निशाने पर लिया है।बिना निबंधन भट्ठा संचालन को न केवल जीएसटी नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है, बल्कि इससे सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

राज्य कर संयुक्त आयुक्त, शाहाबाद अंचल के निर्देश पर इस जांच के लिए तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है। जिसमें आबिद सुभहानी राज्य कर संयुक्त आयुक्त, हरेराम और जयंती कुमारी राज्य कर सहायक आयुक्त शामिल है। इन टीमों को जिले के अलग-अलग प्रखंडों में ईंट भट्ठों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच टीम भट्ठा संचालकों से बीते तीन वर्षों का पूरा लेखा-जोखा मांग रही है।

इसमें यह देखा जा रहा है कि इस अवधि में कितना कोयला खरीदा गया, कितनी ईंटों का उत्पादन हुआ और कितनी ईंटों की बिक्री की गई। उपलब्ध स्टॉक और कागजी रिकॉर्ड में अंतर पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है। विभाग का कहना है कि जांच अभियान का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि कर प्रणाली में पारदर्शिता लाना है। नियमों का पालन करने वाले भट्ठा संचालकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी, जबकि

# मैथिली ठाकुर ने अपने ही सरकार को घेरा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा के लिए पहली बार निर्वाचित एनडीए विधायक सदन में क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए दमदारी से अपनी बातों को रख रहे हैं। मुजफ्फरपुर के गायघाट से जदयू विधायक कोमल सिंह के बाद अब बीजेपी विधायक मैथिली ठाकुर ने भी अपनी ही सरकार को घेरते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। इसको सकारात्मक राजनीति के रूप में देखा जा रहा है। शुक्रवार को बिहार विधानसभा में मैथिली ठाकुर ने अपने क्षेत्र तारडीह प्रखंड के कुरसों नदीयामी स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। जब उन्हें सरकार की ओर से जवाब मिला तो उन्होंने सदन में स्पष्ट कहा कि वह इस जवाब से संतुष्ट नहीं हैं।

विधायक ने कहा कि जिस अस्पताल भवन को केवल मरम्मत योग्य बताया गया है, वह पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और उसे नए सिरे से पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वहां केवल एक आयुष चिकित्सक कार्यरत हैं, जबकि पहले दो एमबीबीएस डॉक्टर तैनात थे।

मैथिली ठाकुर का कहना है कि यदि इस स्वास्थ्य केंद्र का समुचित विकास किया जाए, तो अलीनगर और घनश्यामपुर प्रखंड के करीब 40 से 50 हजार लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकती है।

पहली बार विधायक बनीं मैथिली ठाकुर जिस सक्रियता के साथ विधानसभा में अपनी बात रख रही हैं, वह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नम आंखों से स्व. अजित पवार का अस्थि कलश किया गया विसर्जित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय अजित पवार की स्मृति में शुक्रवार को गयाजी की पावन धरती पर एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव राणा रणवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम प्रणाम किया।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विधिवत हवन और प्रार्थना की गई। इसके पश्चात पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्व. पवार की अस्थियों का फल्गु नदी में विसर्जन किया गया। इसके बाद परंपरा के अनुसार पिंडदान भी संपन्न हुआ। इस दौरान उपस्थित लोग भावुक हो उठे और कई कार्यकताओं की आंखें छलक पड़ीं।

एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव राणा रणवीर सिंह ने बताया कि स्व. अजित पवार का अस्थि कलश राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा को सौंपा गया था, जिसे महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, उनके पुत्र पार्थ पवार और जय पवार ने परिवार की ओर से सौंपा।

परिवार की इच्छा के अनुरूप देश की पवित्र नदियों में अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया की जा रही है, इसी क्रम में मोक्ष नगरी गयाजी में यह धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

इससे पूर्व अस्थि कलश का शहर भ्रमण भी कराया गया, ताकि स्व. अजित पवार को चाहने वाले लोग अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। रास्ते भर लोगों ने पुष्प अर्पित कर अपने नेता को याद किया।श्रद्धांजलि सभा में राम छबीला सिंह, वरुण कुमार, देवेंद्र सिंह, अरविंद यादव, शांति देवी, बिहारी सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, अमित सिंह, अखिलेश कुमार राय, शशि भूषण कुमार, शशि भूषण कुमार, मनी सिंह सहित बड़ी संख्या में एनसीपी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# बदमाशों ने छात्र को मारी गोली, जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों ने एक स्नातक के छात्र को गोली मार दी। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान 18 वर्षीय शिवम कुमार के रूप में हुई है। शिवम के पिता उमेश कुमार अर्धसैनिक बल एसएसबी में जवान हैं और इस समय अररिया जिले में तैनात हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर दुल्लाह गांव की है। बताया जा रहा है कि शिवम कुमार अपने दोस्त के बर्थडे की पार्टी में जा रहा था। इसी दौरान वह सुनसान जगह पर लीची गाछी के पास रुका, तभी बदमाशों ने पिस्टल सटाकर उसके पेट में गोली मार दी। वारदात के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। गोली लगते ही शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि वह होश में था और उसने खुद अपनी मां को फोन कर बताया कि उसके पेट में बहुत दर्द हो रहा है और जल्दी आने को कहा। इसके बाद परिजन और उसके दोस्त उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसके पेट से गोली निकाली।

# कुएं से महिला की लाश बरामद, सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** सासाराम के रोहतास जिले में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब बड्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर कचनठ पथ के किनारे स्थित एक कुएं से लगभग 25 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया।

शव मिलने की खबर से आसपास के ग्रामीण इलाकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीण जब कुएं के पास से गुजर रहे थे, तो उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई। शक होने पर जब लोगों ने कुएं के अंदर झांककर देखा, तो महिला का शव पानी में तैरता नजर आया। यह दृश्य देखते ही ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मृत महिला की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है, जिससे इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस ने शव की पहचान के लिए सदर अस्पताल स्थित शीतगृह में सुरक्षित रखवाया है।

घटना की सूचना मिलते ही बड्डी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। चौकीदार रामलखन राम ने बताया कि घटनास्थल से एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है।

चिकित्सकों के अनुसार प्रथम दृष्टया महिला की मौत कुएं में गिरने से होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मेगा ब्लॉक के कारण यात्री हो रहे हलकान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** पटना-गया रेलखंड पर गया रेलवे स्टेशन में चल रहे मेगा ब्लॉक का असर अब पूरी तरह जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर दिखाई देने लगा है। ट्रेनों के रद्द होने और कई ट्रेनों के मार्ग बदले जाने की वजह से स्टेशन परिसर में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज और स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर दिनभर अफरातफरी की स्थिति बनी रहती है। सीमित संख्या में ट्रेनों के चलने के कारण यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्टेशन की व्यवस्थाएं चरमराती नजर आ रही हैं।

सुबह और शाम के व्यस्त समय में स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है। प्लेटफॉर्म पर खड़े होने तक की जगह नहीं बचती। जैसे ही किसी ट्रेन के आने की घोषणा होती है, यात्रियों में चढ़ने के लिए होड़ मच जाती है। अत्यधिक भीड़ के कारण कई यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सीट मिलने की अनिश्चितता के चलते कई यात्री घंटों पहले ही स्टेशन पहुंचने को मजबूर हैं।

यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों की संख्या कम होने से हर ट्रेन में सामान्य से कई गुना ज्यादा यात्री सफर कर रहे हैं। सालपुर गांव के रहने वाले राहुल कुमार ने बताया कि पहले जिस ट्रेन से वे रोज आसानी से यात्रा कर लेते थे, अब उसी ट्रेन में खचाखच भीड़ रहती है। इससे न सिर्फ परेशानी बढ़ गई है, बल्कि यात्रा भी जोखिम भरी हो गई है। शहबाजपुर गांव की रहने वाली रेणु देवी ने बताया कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए इस भीड़ में सफर करना बहुत मुश्किल हो गया है। प्लेटफॉर्म पर ज्यादा भीड़ होने के कारण ट्रेन में चढ़ते और उतरते समय धक्का-मुक्की हो जाती है, जिससे किसी बड़े हादसे का डर बना रहता है।

रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक, पटनाझगया रेलखंड पर ट्रेनों का रद्द और बदले हुए रूट से परिचालन 21 मार्च तक जारी रहेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में यात्रियों की परेशानी और बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि या तो अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएं या फिर कोई खास व्यवस्था की जाए, ताकि भीड़ और परेशानी कुछ कम हो सके।

CMYK

# बागवानी और हाई वैल्यू खेती से बदलेगी बिहार की तस्वीर : डॉ. रामकृपाल

## गांधी मैदान में तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव शुरू, कृषि मंत्री ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** राज्य के कृषि मंत्री डॉ. राम कृपाल यादव ने कहा है कि बिहार की असली ताकत खेतों में पसीना बहाने वाले हमारे किसान भाई-बहन हैं। सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है कि किसान मजबूत होंगे, तभी बिहार मजबूत बनेगा। इसलिए राज्य सरकार बागवानी, उच्च मूल्य वाली खेती, आधुनिक तकनीक और सुदृढ़ बाजार व्यवस्था को कृषि विकास का मुख्य आधार बना रही है। वे शुक्रवार को गाधी मैदान में तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद किसानों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने की। कृषि मंत्री ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार का एक स्पष्ट और दूरदर्शी सपना है 'हर भारतीय की थाली में बिहार का कम-से-कम एक व्यंजन हो।' यह केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि बिहार के लिए एक सशक्त आर्थिक क्रांति का विजन है जब बिहार का लिट्टी-चोखा, मखाना, फल-सब्जियां और अन्य कृषि उत्पाद देश की हर थाली तक पहुंचेंगे तब किसानों की आय बढ़ेगी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। सीएम का यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लोकल टू ग्लोबल' विज़न से जुड़ा हुआ है, जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाज़ार और किसानों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। हमारी नीति स्पष्ट है कि हर जिले की एक विशिष्ट फसल हो। उसी के आधार पर क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित होंगी और उत्पादों को सशक्त बाजार व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। आज बिहार की खेती एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। मखाना, शहद, फल-सब्ज़ियां, मसाले और जीआई टैग प्राप्त उत्पाद बिहार की गुणवत्ता और पहचान को मजबूत कर रहे हैं। अब खेती को कम लागत और अधिक मुनाफ़े की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। धान और गेहूं के साथ-साथ ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, केला, आंवला, सब्जी व मसाले किसानों की आय बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बागवानी केवल खेती नहीं, बल्कि रोजगार का बड़ा स्रोत है। नर्सरी, ग्रेडिंग-सॉर्टिंग, पैकेजिंग, कोल्ड चेन, परिवहन, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और ई-कॉमर्स के माध्यम से लाखों रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। इसके लिए हर प्रखंड में किसान उत्पादक संगठनों को सशक्त किया जा रहा है।

## हम यह संकल्प लें कि जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाएंगे : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने शुक्रवार को पटना के पाटलिपुत्र में आयोजित प्रकृतिका 2026 कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने आयोजकों की सराहना की और कहा कि इसमें भाग लेकर काफी प्रसन्नता हो रही है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, खाद्य असुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है तो ऐसे महोत्सव यह स्मरण कराते हैं कि समाधान हमारी अपनी धरती, हमारे देसी बीजों और पारंपरिक ज्ञान में ही छिपा हुआ है। आज हम यह संकल्प लें कि देसी बीजों की विविधता को बचाएंगे, जैविक व प्राकृतिक खेती को अपनाएंगे, जल और मिट्टी के संरक्षण को प्राथमिकता देंगे और स्थानीय खाद्य प्रणालियों को सशक्त बनाएंगे। विस अध्यक्ष ने कहा कि इस महोत्सव में देश के लगभग 20 राज्यों से किसान, कृषि विशेषज्ञ, शोधकर्ता, फूड इनोवेटर, महिला समूह और युवा सहभागी बन रहे हैं। यह विविधता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है जब किसान और वैज्ञानिक साथ बैठकर संवाद करते हैं जब महिलाएं अपने पारंपरिक खाद्य ज्ञान को साझा करती हैं जब युवा नवाचार के साथ जुड़ते हैं, तब एक सशक्त और आत्मनिर्भर खाद्य प्रणाली का निर्माण होता है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई दी। मौके पर जस्टिस नीलू अग्रवाल, मेयर सीता साहू, एम थॉमस, कर्नल सोमेंद्र पांडे, गुरु प्रिया सिंह, राकेश नाथ चौबे, प्रोफ़ेसर वसी अहमद आदि थे।

## भारत दर्शन भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं का विधानसभा अध्यक्ष ने बढ़ाया उत्साह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 21वीं वाहिनी द्वारा आयोजित भारत दर्शन भ्रमण पर 32 छात्र-छात्राओं को बिहार विधान सभा की कार्यवाही देखने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ शिक्षक भी थे। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इन सबके साथ ग्रुप फोटोग्राफी करा उनका उत्साह बढ़ाया। अध्यक्ष ने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों में बेहतर संसदीय समझ विकसित होगी। बिहार विस की कार्यवाही देखकर छात्र-छात्रा काफी उत्साहित थे।

## एलआइसी का मुनाफा 16.68% बढ़ा, नौ महीनों में 33,998 करोड़ का शुद्ध लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम के निदेशक मंडल ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है। इस अवधि में एलआईसी ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। एलआईसी का कर पश्चात लाभ बढ़कर 33,998 करोड़ हो गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 29,138 करोड़ था। इस प्रकार निगम के मुनाफ़े में 16.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आईआरडीएआई के अनुमान के अनुसार प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर एलआईसी भारतीय जीवन बीमा बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है। नौ महीनों की अवधि में कुल बाजार हिस्सेदारी 57.07 प्रतिशत रही। व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 35.84 प्रतिशत जबकि समूह व्यवसाय में यह 71.36 प्रतिशत रही। इस अवधि में एलआईसी की कुल प्रीमियम आय 3,71,293 करोड़ रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 3,40,563 करोड़ थी। इसमें 9.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। व्यक्तिगत व्यवसाय के तहत कुल प्रीमियम आय 2,35,991 करोड़ रही, जिसमें 6.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं समूह व्यवसाय की प्रीमियम आय बढ़कर 1,35,302 करोड़ हो गई, जो 13.56 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। वार्षिकीकृत प्रीमियम समतुल्य के आधार पर कुल प्रीमियम 44,007 करोड़ रहा। इसमें व्यक्तिगत व्यवसाय का योगदान 62.61 प्रतिशत और समूह व्यवसाय का 37.39 प्रतिशत रहा।

## मगध महिला कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के संबंध में पटना के लोगों के बीच जागृति फैलाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में भागीदारी हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक दल द्वारा पटना के मगध महिला कॉलेज में संस्कृत अभियान चलाया गया जिसके मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नागेंद्र प्रसाद वर्मा रहे। मेयर सीता साहू, प्राचार्य नागेंद्र प्रसाद वर्मा, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, मधु गुप्ता, डॉ. ज्योति दूबे, राजेश केशरी, डॉ. आशा ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. नागेंद्र प्रसाद वर्मा ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्वच्छ वातावरण के बिना स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन की परिकल्पना करना बेकार है। कहा कि शहर की स्वच्छता नगर निगम की जिम्मेदारी तो हैं शहर में रहने वाले हर लोगों की जिम्मेदारी भी है। सब मिलकर स्वच्छता के लिए काम करेंगे तो शहर स्वच्छ होगा। पटना की महापौर सीता साहू ने कहा कि नगर निगम द्वारा पटना को स्वच्छ रखने के लिए 24 घंटे काम किया जाता है और इससे जुड़े हुए हजारों स्वच्छता कमी और स्वच्छंगिनी स्वच्छता के लिए संकल्पित भाव से काम करते हैं। नागरिकों के पूर्ण सहयोग से स्वच्छता के उच्च मानकों को हासिल किया जा सकता है। लोक गायिका और पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने लोकगीतों और स्वच्छता गीतों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को समझाया। नीतू नवगीत ने कहा कि शहर की स्वच्छता का महत्व तो बहुत बड़ा है जब हम शहर को साफ रखते हैं तो हम न केवल अपने आसपास के वातावरण को सुंदर बनाते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य की भी रक्षा करते हैं।

## 7 माह से वेतन नहीं मिलने से आवास सहायक कर्मियों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को धरातल पर उतारने वाले आवासकर्मी आज खुद दाने-दाने को मोहताज हैं। वजीरगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कार्यरत ग्रामीण आवास सहायकों, आवास पर्यवेक्षकों और लेखापालों को पिछले सात महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। प्रखंड के आवास पर्यवेक्षक कौशल किशोर, आवास सहायक पंकज कुमार, गौरव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, शिवलोक बिहारी एवं अन्य कर्मियों ने बताया कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दवाओं के लिए अब दूसरों से कर्ज लेना पड़ रहा है। कई कर्मियों का कहना है कि दूर-दराज के क्षेत्रों में फील्ड ड्यूटी के लिए जाने हेतु वाहन के तेल और भाड़े के पैसे भी अब पास में नहीं बचे है। प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण रूप से सफल बनाने में इन कर्मियों की भूमिका अग्रणी रही है। लाभुकों का चयन, जियो-टैगिंग से लेकर आवास पूर्ण होने तक की पूरी प्रक्रिया इन्हीं के कंधों पर टिकी है। इसके बावजूद, बिहार के कई जिलों में फंड की कमी या तकनीकी कारणों से इनका मानदेय अटका हुआ है। मानदेय न मिलने के बावजूद कर्मियों से लक्ष्य पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनी संत रविदास जयंती

### उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा ने पुष्पांजलि कर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। एससी मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज हम संत रविदास की जयंती मना रहे हैं। उन्होंने हमें जो ज्ञान दिया और देश को मार्गदर्शन किया वह समाज को जोड़ने का था। समाज के बीच भेदभाव नहीं हो, कोई लड़ाई न हो, यही रास्ता उन्होंने 600 वर्ष पहले दिखाया था। उनका स्पष्ट मानना था कि ये समाज हमारा है। हम जातियों में बंटे जरूर हैं, लेकिन समाज हमारा है। यही कारण है कि आज ये पूरे समाज के भगवान हैं। ये सिर्फ एसटी के भगवान नहीं हैं। इन्होंने सबको जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के विचार कालजयी हैं, जो समस्त समाज को समरसता का संदेश देते हैं।

उन्होंने कहा कि यह समाज तभी चल सकता है जब हम सभी साथ मिलकर चलें। उनके विचारों पर आज हम सभी को चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय तब होगा जब सबके साथ न्याय होगा। भाजपा इसी के तहत काम कर रही है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि संत रविदास ने अपनी आध्यात्मिक सोच और सामाजिक सरोकार से यह साबित किया कि प्रतिभा को दबाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि ने मानव कल्याण, राष्ट्रसेवा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण होम कर दिया। उनके ओजस्वी विचारों के दिव्य प्रकाश से मानवता का सर्वदा कल्याण होता रहेगा।

## उद्योग विभाग की ऋण शिविर में 90 लाख स्वीकृति



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** उद्योग विभाग द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार भवन में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं भुगतान हेतु ऋण शिविर का आयोजन किया गया। डीएम नितिन कुमार सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 6 आवेदनों कुल राशि 48 लाख तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 12 आवेदनों कुल राशि 42 लाख की ऋण स्वीकृति विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदान की गई। इस शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। शिविर में इंडियन बैंक भभुआ की अनुपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके जोनल हेड को पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को फरवरी माह में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## आइएचएम हाजीपुर ने स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत स्वच्छता एवं जिम्मेदार पर्यटन को दिया बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर ने पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत एक व्यापक छात्र जागरूकता कार्यक्रम एवं पर्यटन हितधारक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। स्वच्छता एवं सतत विकास का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल दो स्थानों–माउंट लिटेरा जी स्कूल, सोनपुर तथा आईएचएम हाजीपुर परिसर–में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत माउंट लिटेरा जी स्कूल, सोनपुर में हुई जहां आइएचएम के संकाय सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व एवं राष्ट्रीय पर्यटन पर उसके प्रभाव के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया। छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए जबकि सभी प्रतिभागी छात्रों को अल्पाहार पैकेट एवं स्मृति-चिहन वितरित किए गए। एस. के. चौहान (निदेशक, माउंट लिटेरा जी स्कूल, सोनपुर) ने इस विद्यालय भ्रमण को सांस्कृतिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## शक्तिधाम में 25 फरवरी से चार दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री दादीजी सेवा समिति द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में 25 फरवरी से चार दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि चार दिवसीय इस भव्य आयोजन में सबसे पहले बुधवार 25 फरवरी को दादीजी होली मिलन का भव्य आयोजन संध्या 5 (पांच) बजे से होगा। गुरुवार 26 फरवरी को इस अवसर पर सुबह दस बजे से भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जायगी। यह यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट एक्जीविशन रोड से सुबह दस बजे निकल कर भट्टाचार्य रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज,गांधी मैदान,होटल मौर्या, बिस्कोमान भवन होते हुए बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर पहुंचेगी। वहीं शुक्रवार 27 फरवरी को 11 बजे सुबह से 'अखण्ड श्याम पाठ' संध्या टेकरीवाल एवं संजू अग्रवाल तथा संध्या 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक 'रात्रि भजन' का आयोजन होगा।

## केवाइपी केंद्रों के लंबित भुगतान व पोर्टल अव्यवस्था का मुद्दा मीडिया में आते ही अफसरों ने झाड़ा पल्ला : आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**वैशाली/पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्र इन दिनों गंभीर प्रशासनिक और तकनीकी संकट से जूझ रहे हैं। भुगतान में लगातार देरी, नए पोर्टल की खामियां और विभागीय उदासीनता के कारण राज्य भर के कई केवाइपी केंद्रों का नियमित संचालन प्रभावित हो रहा है। केवाइपी केंद्र संचालक एवं केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष आनंद रंजन झा ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि पूरी होने के बावजूद छात्रों से नामांकन के समय ली गई 1000 की सिक्योरिटी राशि अब तक वापस नहीं की गई है। इसके साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हजारों छात्रों को प्रमाण-पत्रों की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे उन्हें रोजगार, उच्च शिक्षा एवं अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नए नॉलेज पार्टनर के बाद लागू किए गए नए पोर्टल में गंभीर तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। एलएफ लॉगिन से अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पा रही है, सेशन रिपोर्ट जनरेट नहीं हो रही, इनवॉयस जेनरेशन में अत्यधिक देरी हो रही है, केवाइपी लॉगिन बार-बार फेल हो रहा है, बायोमेट्रिक अटेंडेंस बार-बार एक्सपायर हो रही है। सुविधा के अभाव में केंद्रों पर अनावश्यक प्रशासनिक दबाव बढ़ गया है। इसका सीधा असर नामांकन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। आनंद रंजन झा ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ केंद्रों की राशि कटौती पर रोक के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कटौती की गई।

## रोटरी क्लब ऑफ पटना द्वारा मध्य विद्यालय में डेंटल केयर शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना के तत्वावधान में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बाजार समिति रोड, पटना में आज एक डेंटल चेकअप एवं डेंटल केयर शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते उपचार उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर रोटरी क्लब की अध्यक्षा रश्मि कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ दिमाग के लिए शरीर का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है और दांतों की सही देखभाल समग्र स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिविर में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. अमित राम, डॉ. संतोष कुमार मंडल एवं डॉ. तान्या राज ने बच्चों के दांतों की जांच की तथा आवश्यक उपचार एवं देखभाल संबंधी परामर्श दिया। जांच के दौरान कुछ छात्रों में दंत उपचार की आवश्यकता पाई गई जिसके लिए चिकित्सकों द्वारा उचित सलाह दी गई। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों ने जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। शिविर के दौरान कुल 105 बच्चे लाभान्वित हुए जिनमें से कुछ बच्चों को माउथवॉश एवं टूथपेस्ट भी वितरित किए गए इस मौके पर एम. पी. जैन ने बताया कि कार्यक्रम में रोटरी क्लब की सचिव रोटेरियन मंजूशा कुमारी, कोषाध्यक्ष रोटेरियन अजय कुमार झुनझुनवाला, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन शशि भूषण प्रसाद एवं रोटेरियन विनोद भांति, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य संजय कुमार, वर्तमान प्राचार्य अरुण कुमार पाठक सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मंदिर से समाज तक: बिहार धार्मिक न्यास पर्षद की नई दिशा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद अब पारंपरिक प्रशासनिक दायरे से आगे बढ़कर सामाजिक परिवर्तन की एक संगठित शक्ति के रूप में सामने आ रहा है। मठों और मंदिरों के प्रबंधन तक सीमित रहने के बजाय पर्षद ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक समरसता को अपने कार्यक्षेत्र का केंद्रीय हिस्सा बना लिया है। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि राज्य में धार्मिक संस्थानों को योजनाबद्ध तरीके से समाज विकास के सक्रिय केंद्रों में बदला जा रहा है।

इस नई सोच की झलक 18 सितंबर को पटना के बापू सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय धार्मिक न्यास समागम में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। पर्षद से जुड़े चार हजार से अधिक मठों और मंदिरों के प्रतिनिधि, संत और प्रशासनिक अधिकारी एक मंच पर एकत्र हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा माता सीता धाम की अवधारणा को मूर्त रूप देने से प्रेरित होकर पर्षद ने पहली बार धार्मिक ढांचे को सामाजिक विकास से जोड़ने का ठोस खाका पेश किया।

पर्षद अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन के नेतृत्व में यह स्पष्ट किया गया कि मंदिर और मठ अब केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं रहेंगे। उन्हें शिक्षा और समाज सुधार के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसी उद्देश्य से स्वाध्याय केंद्र, पुस्तकालय और निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था की योजना बनाई गई है। संस्कृत पाठशालाओं और वेद अध्ययन को बढ़ावा देकर पारंपरिक ज्ञान को नई पीढ़ी से जोड़ने की दिशा में भी काम शुरू किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को भी प्राथमिकता दी गई है। मंदिर परिसरों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, योग और आयुर्वेद केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार है। महिलाओं और युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण, कंप्यूटर शिक्षा और स्वरोजगार कार्यक्रम चलाकर आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया जाएगा। दहेज रहित विवाह, जरूरतमंद कन्याओं के विवाह सहयोग और नशामुक्ति अभियान को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया गया है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी पर्षद ने स्पष्ट लक्ष्य तय किए हैं। मंदिरों और मठों के आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। औषधीय पौधों की नर्सरी, गौशाला विकास और धर्मशाला विस्तार जैसी योजनाएं इस व्यापक सोच का हिस्सा हैं। पर्षद ने यह भी स्पष्ट किया है कि चढ़ावे की राशि को समाज कल्याण और विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। छठ महापर्व के दौरान पर्षद की सक्रियता ने इस दृष्टिकोण को व्यवहार में भी दिखाया। राज्यभर के मंदिरों में सफाई अभियान चलाए गए, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद केंद्र बनाए गए और व्रती महिलाओं के लिए विश्राम व्यवस्था की गई। दिल्ली, मुंबई, सूरत और कोलकाता स्थित बिहारियों के मंदिरों को भी सेवा अभियान से जोड़कर पर्षद ने अपनी पहुंच का विस्तार किया।

CMYK

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट की नजर में क्या है चुनाव आयोग की प्रक्रिया ?

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार से शुरू हुआ विवाद उत्तर प्रदेश से होकर अब पश्चिम बंगाल में केंद्रित हो गया है। पुनरीक्षण प्रक्रिया का मकसद मतदाता सूची से अपात्र लोगों को बाहर करना है, जिनमें स्थान बदलने वाले नागरिक या जिनकी मौत हो चुकी है या फिर गलत तरीके से नाम दर्ज कराने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। चुनाव में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस कवायद को जरूरी माना गया है और इस पर किसी को आपत्ति नहीं होगी, मगर इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है पारदर्शिता और निष्पक्षता का। विभिन्न राज्यों में इस प्रक्रिया के तहत मसविदा मतदाता सूची से जितनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर होने के दावे किए जा रहे हैं, उससे आम नागरिकों के मन में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इससे संबंधित मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि राज्य के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे। गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि नागरिकों के नाम मनमाने तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए और उन्हें इस संबंध में कारणों की जानकारी भी नहीं दी गई। ऐसे में निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को समय पर सूचित करने और उन्हें अपनी पात्रता साबित करने के पर्याप्त अवसर देने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है, अगर पुनरीक्षण को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने को प्राथमिकता दी जाती, तो संभवतः अनावश्यक विवाद खड़े नहीं होते। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिया था कि इस पूरी प्रक्रिया में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पारदर्शी ढंग से होना चाहिए, ताकि इससे नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा या तनाव न हो। आयोग को तार्किक विसंगति सूची में नामों का उल्लेख करने के कारणों को तत्काल सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि संबंधित व्यक्ति यह जान सके कि गड़बड़ कहां हुआ है और उसमें अपेक्षित सुधार किया जा सके। दावा किया जा रहा है कि राज्य में नाम, उपनाम या आयु में गड़बड़ी को लेकर अब तक 1.36 करोड़ लोगों को तार्किक विसंगतियों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

**उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। दिनांक 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को 'मदर आफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है।**

## भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है

(प्रह्लाद सबनानी)

क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है। इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी (संयुक्त रूप से) अर्थव्यवस्था (यूरोपीय यूनियन - 22 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (भारत - 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है।

उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवतः मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दर्शाता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दे रही है। भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते से इस उथल पुथल में कुछ सुधार आता हुआ दिखाई देगा। भारत में कृषि एवं डेयरी क्षेत्र अतिसंवेदनशील है। क्योंकि, भारत की कुल आबादी का लगभग 60 प्रतिशत भाग आज भी ग्रामीण इलाकों में उक्त क्षेत्रों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर है। अतः उक्त



दोनों क्षेत्रों को मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। हां, भारत के समुद्री उत्पाद उद्योग, वस्त्र एवं परिधान उद्योग, जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग, चमड़ा उद्योग, खिलौना उद्योग जो श्रम आधारित उद्योग हैं, को उक्त मुक्त व्यापार समझौते से अधिकतम लाभ होगा क्योंकि यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों द्वारा भारत से उक्त उत्पादों के आयात पर आयात ड्यूटी को शून्य किया जा रहा है। वर्तमान में भारत से समुद्रीय उत्पादों के निर्यात पर 26 प्रतिशत का आयात कर लगाया जाता है, जिसे मुक्त व्यापार समझौता के लागू होने के पश्चात शून्य कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, वस्त्र एवं परिधान के आयात पर वर्तमान में लागू 12 प्रतिशत के आयात कर को शून्य किया जा रहा है, खिलौना पर लागू 4.7 प्रतिशत के आयात कर को शून्य, जेम्स एवं ज्वेलरी के आयात पर 4 प्रतिशत से शून्य, केमिकल उत्पादों के आयात पर 12.8 प्रतिशत से शून्य, चमड़ा से निर्मित उत्पादों के आयात पर 17 प्रतिशत से शून्य, फर्नीचर उत्पादों के आयात पर 10.7 प्रतिशत से शून्य आयत कर किया जा रहा है।

यूरोपीय यूनियन के 27 देश, जो विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं, में जन्म दर पिछले कई वर्षों से लगातार गिर रही है एवं कुछ देशों में तो यह शून्य के स्तर पर पहुंच गई है जिससे इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले नागरिकों का इन देशों में नितांत अभाव दिखाई देता है। अतः इन देशों में श्रमबल की भारी कमी है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात भारतीय नागरिकों को यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों में तकनीकी क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, आदि में रोजगार के भारी मात्रा में अवसर प्राप्त होंगे। इन समस्त देशों द्वारा भारतीय नागरिकों को वीजा प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। युनाईटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रान्स आदि जैसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जैसे देशों में भारतीय इंजिनीयरों एवं डाक्टरों की भारी मांग है। उक्त देशों द्वारा भारतीयों के परिवार के सदस्यों को रोजगार प्रदान करने के अवसर भी प्रदान करने सम्बंधी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। भारतीय विद्यार्थियों द्वारा यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों के विश्वविद्यालयों में अपनी शिक्षा समाप्त करने के उपरांत 9 माह से 12 माह तक का समय रोजगार तलाशने के लिए प्रदान किया जाएगा। इस समयावधि तक भारतीय युवाओं को इन देशों में प्रवास की अनुमति प्रदान की जाएगी।

भारतीय कारीगरों के लिए अब वैश्विक बाजार खुल रहा है। साथ ही, भारत अब विनिर्माण इकाईयों का वैश्विक केंद्र बन सकता है। क्योंकि, यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं एवं वे अपनी सम्पत्ति/पूंजी का निवेश भारत में विनिर्माण इकाईयों में कर सकते हैं एवं कुछ लाभप्रद क्षेत्रों में वे अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भी कर सकते हैं। अधिक उत्पादन इकाईयों की स्थापना से भारत में रोजगार के अधिक अवसर भी निर्मित होंगे। इससे भारत में बेरोजगारी की समस्या का हल भी निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को इस दृष्टि के साथ सम्पन्न किया जा रहा है ताकि इससे भारत के किसान, मजदूर, कारीगर, पेशेवर नागरिकों एवं सूक्ष्म, छोटे एवं मध्यम उद्योगों को विशेष लाभ हो। यूरोपीयन यूनियन के समस्त 27 देशों में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र का आकार 26,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, इससे भारत से वस्त्र एवं परिधान का निर्यात वर्तमान में 64,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसी प्रकार, चमड़ा उत्पादों का बाजार 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जेम्स एवं ज्वेलरी का बाजार 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। 27 देशों में इस विशाल क्षेत्र में भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग एवं अन्य उत्पादों को प्रवेश मिलने से भारत में श्रम आधारित कई सूक्ष्म, छोटी एवं मध्यम इकाईयों को लाभ होने जा रहा है। लगभग इसी प्रकार का लाभ अन्य क्षेत्रों यथा, समुद्री उत्पाद, चमड़ा उत्पाद, खिलोना उत्पाद, जेम्स एवं ज्वेलरी उत्पाद, केमिकल उत्पाद, फर्नीचर उत्पाद आदि, में कार्यरत इकाईयों की भी होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में कार्यरत विनिर्माण इकाईयों के व्यापार में वृद्धि का आश्य सीधे सीधे अधिक श्रमबल की आवश्यकता होना भी है, जिसकी पूर्ति आज विश्व में केवल भारत ही कर सकता है।

रक्षा के क्षेत्र में भारत बहुत तेज गति से विकास कर रहा है। इस क्षेत्र में भारत का अंतिम लक्ष्य आत्मनिर्भरता हासिल करने का है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों को सुरक्षा के सम्बंध में अमेरिका पर निर्भर नहीं रहते हुए अपने पैरों पर खड़े होने की सलाह दी है। अतः यूरोपीय देश अपने सुरक्षा बजट में अत्यधिक वृद्धि करने का विचार कर रहे हैं। भारत के लिए ऐसे समय पर उक्त मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जाना एक सुनहरे अवसर के रूप में सामने आया है। इससे सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादन कर रही भारतीय कम्पनियों को यूरोपीय यूनियन का अति विशाल बाजार मिलने जा रहा है। इसी के साथ ही यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों से सुरक्षा के क्षेत्र में उच्च तकनीकी का हस्तांतरण भारतीय कम्पनियों को सम्भव हो सकेगा। कुल मिलाकर यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों के साथ सम्पन्न किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते से भारत के लिए अतिलाभप्रद स्थिति बनने जा रही है। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक )। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## आम बजट 2026-27 से होगा समावेशी विकास, विकसित बनेगा भारत

(मनोज गोयल)

केंद्रीय बजट भारत को 2047 तक विकसित बनाने की दिशा में अगला महत्वपूर्ण कदम प्रतीत होता है। दरअसल, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की अर्थव्यवस्था को निरंतर मजबूत बनाए रखने के लिए जो निर्णायक कदम उठाए हैं, उससे देश के विकास को रफ्तार मिलेगी।

राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा ने अमृत काल में विकसित भारत के दृष्टिगत विगत एक दशक से जारी अनवरत समावेशी विकास के तहत एनडीए सहयोगियों को भरोसे में लेकर जिस प्रकार से आम बजट 2026-27 को प्रस्तुत किया, उसमें आरएसएस की जनोन्मुखी सोच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सियासी दूरदर्शिता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आर्थिक शिल्पकारिता का सटीक संदेश मिलता है। इससे विगत 12 वर्षों से जारी चतुर्दिक विकास को और अधिक बढ़ावा मिलेगा, और सियासी संसारमें मजबूत भारत का डंका बजेगा। भारत अब अमेरिका और चीन से प्रतियोगिता करेगा और राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से अगले दशक तक उन्हें भी मात देगा। दुनियादारी के विशेषज्ञों की टिप्पणियों से भी इस बात की तस्दीक की जा सकती है।

आम बजट 2026-27 साफगोई पूर्वक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की नीतियों और सुशासन की निरंतरता को रेखांकित करता है। यह केंद्रीय बजट भारत को 2047 तक विकसित बनाने की दिशा में अगला महत्वपूर्ण कदम प्रतीत होता है। दरअसल, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की अर्थव्यवस्था को निरंतर मजबूत बनाए रखने के लिए जो निर्णायक कदम उठाए हैं, उससे देश के विकास को रफ्तार मिलेगी। चूंकि जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा करती है, इसलिए उसकी समग्र बेहतरी के लिए लाया हुआ यह युवा बजट हरेक दृष्टि जनकल्याणकारी है।

वर्तमान बजट में समाज के सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ खास जरूर है, जिससे सबका साथ, सबका विकास जैसी लोकतांत्रिक जनभावना को जनविश्वास हासिल होता है और सरकार को मजबूती मिलती है। सरकार ने कोशिश की है कि युवाओं, किसानों, महिलाओं, कामगारों, उद्यमियों और बुजुर्गों के निजी व सार्वजनिक हितों का संबर्धन होता रहे। मौजूदा बजट हमारे लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र की प्रगति करता है, देश में उत्पादन क्षमता में वृद्धि करता है, पशुपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों में काम करने वालों के उज्ज्वल भविष्य को मजबूत बनाता है, नए रोजगार और कौशल बढ़ाता है, जिससे निश्चय ही विकास की गति तेज होगी। इसलिए मैं इस बजट को विकसित भारत 2047 के स्वर्णिम भविष्य के लिए तैयार युवा बजट कहूंगा। क्योंकि यह वास्तव में एक ऐसा बजट है जो भारत की जरूरत और लक्ष्य को हासिल करने की नींव रखता है।

जैसा कि हमारे दिग्गज नेताओं ने एक स्वर से कहा भी है कि यह आम बजट देश और इसकी जनता के अरमानों को पंख लगाता है, जिससे गरीब, युवा और बेरोजगार सबको आगे बढ़ने के सुनिश्चित साधन मिलते हैं। चूंकि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास और भरोसा करती है, इसलिए बजट का मुख्य उद्देश्य विकास और प्रगति दोनों है, क्योंकि इसमें देश और उसकी जनता की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाया गया है।इसके सभी प्रावधान आम जनता के लिए ही बनाए गए हैं। इसलिए आम बजट 2026-27 विकास और प्रगति पर केंद्रित बजट है। जिससे देश के लोग खुश हैं। इस बजट की सियासी आलोचना के अलावा अन्य की कोई गुंजाइश नहीं है। इससे मोदी है तो मुमकिन है, का भाव और मजबूत हुआ है।

भविष्य में भारत को और अधिक समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए सरकार के संकल्प को दर्शाता है। जब महज 12 वर्षों के भाजपा और राजग शासनकाल में भारत, अमेरिका और चीन को रणनीतिक कूटनीतिक स्वायत्तता जैसी टक्कर देने की स्थिति में पहुंच चुका है तो अगले 10 वर्षों और खासकर विकसित भारत 2047 तक भारत की अंतरराष्ट्रीय हैसियत क्या होगी, समझना मुश्किल नहीं है। (लेखक भाजपा नेता व पूर्व पार्षद हैं)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## जेफ्री एपस्टीन की फाइल से उठे सवालों के जवाब जानकर आपका हैरान होना पक्का है

**जेफ्री एपस्टीन पहले ही यौन अपराधों में दोषी ठहराया जा चुका था। वर्ष 2008 में उसे सजा मिली, पर वह कड़े दंड से बच गया। वर्ष 2019 में उसे फिर नाबालिग लड़कियों की तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में पकड़ा गया, लेकिन मुकदमा पूरा होने से पहले ही वह जेल में मृत पाया गया। अमेरिका के न्याय विभाग ने जब जेफ्री एपस्टीन से जुड़े लाखों पन्नों के कागजात सार्वजनिक किये, तो दुनिया भर में हलचल मच गयी। इन दस्तावेजों में कई देशों के बड़े नेताओं, धनवान लोगों और प्रभावशाली हस्तियों के नाम संदर्भ के रूप में सामने आये, जिससे राजनीति और कूटनीति दोनों में गरमाहट बढ़ गयी। हालांकि अधिकारियों ने साफ कहा है कि किसी का नाम आना अपराध का प्रमाण नहीं है।**

(नीरज कुमार दुबे)

इन खुलासों ने वैश्विक स्तर पर बहस और सनसनी का माहौल बना दिया है। हम आपको बता दें कि जेफ्री एपस्टीन पहले ही यौन अपराधों में दोषी ठहराया जा चुका था। वर्ष 2008 में उसे सजा मिली, पर वह कड़े दंड से बच गया। वर्ष 2019 में उसे फिर नाबालिग लड़कियों की तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में पकड़ा गया, लेकिन मुकदमा पूरा होने से पहले ही वह जेल में मृत पाया गया। उसकी मौत को आधिकारिक रूप से आत्महत्या बताया गया, पर उसके संपर्कों का जाल दुनिया भर में फैला होने से संदेह और चर्चा का दौर कभी थमा नहीं।

नये कागजातों में अनेक देशों के प्रभावशाली लोगों के साथ उसके संदेश, मुलाकातें और संपर्क दर्ज हैं। अमेरिका के बड़े राजनेताओं, उद्योगपतियों और तकनीकी जगत के धनाढ्यों तक के नाम सामने आये हैं। पर हर जगह एक ही चेतावनी दोहरायी गयी है कि संदर्भ का अर्थ दोष सिद्धि नहीं है।

भारत के संदर्भ में सबसे अधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम को लेकर हुई। कागजातों में कुछ संदेश कथित रूप से ऐसे हैं जिनमें उद्योगपति अनिल अंबानी और एपस्टीन के बीच बातचीत में भारत के प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं और मुलाकातों का जिक्र है। इन संदेशों में अमेरिका और इजराइल से जुड़ी कूटनीतिक पहल पर चर्चा दिखती है। हम आपको याद दिला दें कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री मोदी की इजराइल यात्रा ऐतिहासिक मानी गयी थी, क्योंकि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी।

इन संदेशों में यह भी दिखता है कि अनिल अंबानी ने कुछ मौकों पर अमेरिकी सत्ता से जुड़े लोगों से संपर्क साधने में मदद की बात कही। एपस्टीन ने भी अपनी शेखी भरी भाषा में लिखा था कि उसकी सलाह कारगर रही। पर यह




सब उसके निजी दावे हैं, जिनका कोई स्वतंत्र प्रमाण नहीं दिया गया। भारत सरकार ने इस पूरे मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने साफ कहा कि प्रधानमंत्री की आधिकारिक इजराइल यात्रा के अलावा बाकी बातें एक दोषी व्यक्ति की बेबुनियाद बकवास हैं और उन्हें उसी तरह खारिज किया जाना चाहिए। सरकार ने दो टूक कहा कि बिना आधार की अटकलों को सच की तरह फैलाना गैर जिम्मेदाराना है।

इसी बीच विपक्ष, खासकर कांग्रेस, ने सवाल उठाये और पारदर्शिता की मांग की। कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री को स्वयं सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। हालांकि अभी तक ऐसा कोई तथ्य सामने नहीं आया है जो किसी गैर कानूनी काम की ओर सीधा संकेत करे। हम आपको यह भी बता दें कि इन कागजातों में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम भी आया है। उनके और एपस्टीन के बीच निवेश और भारत में अवसरों को लेकर संदेशों का आदान प्रदान दिखता है। इस पर हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उनके सभी संपर्क केवल औपचारिक थे।

भारत से बाहर देखें तो नॉर्वे की युवरानी मेटे मारित के एपस्टीन से लंबे समय तक संपर्क के संकेत मिले हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से खेद जताया और कहा कि यह उनका गलत निर्णय था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रुड का नाम एपस्टीन की मुलाकात सूची में दर्ज बताया गया, हालांकि उन्होंने किसी भी नजदीकी संबंध से इंकार किया है। ब्रिटेन के वरिष्ठ नेता पीटर मैंडलसन को लेकर भुगतान और संपर्क की बातें सामने आयीं, जिनके बाद उन्हें राजनीतिक आलोचना झेलनी पड़ी और पद छोड़ना पड़ा। स्लोवाकिया के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजचाक ने तो विवाद बढ़ने पर इस्तीफा तक दे दिया, भले ही उन्होंने आरोपों को नकारा। वहीं कुछ धनकुबेर जैसे एलन मस्क और बिल गेट्स के साथ संदेशों के आदान प्रदान ने यह दिखाया कि एपस्टीन प्रभावशाली लोगों के बीच पहुंच बनाने में माहिर था। पर हर मामले में वही सावधानी दोहरायी गयी कि संपर्क या संदेश अपने आप में अपराध सिद्ध नहीं करते, फिर भी इन खुलासों ने दुनिया भर में सत्ता और धन के रिश्तों पर असहज सवाल खड़े कर दिये।

हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा जेफ्री एपस्टीन से जुड़े लगभग पैंतीस लाख नये दस्तावेज जारी किये जाने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम भी फिर से चर्चा में आ गया है। हालांकि शुरुआती सरकारी बयान और उपलब्ध कागजात यह संकेत देते हैं कि ट्रंप के खिलाफ किसी यौन अपराध या आपराधिक कृत्य का सीधा प्रमाण इन फाइलों में नहीं मिला है, फिर भी उनके और एपस्टीन के संबंधों को लेकर सवाल पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं।

न्याय विभाग के उप महान्यायवादी टॉड ब्लांश ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि एपस्टीन के वर्षों के पत्राचार की समीक्षा के बाद ऐसा कुछ नहीं मिला जिसमें एपस्टीन ने ट्रंप पर कोई आपराधिक आरोप लगाया हो या पीड़ितों के साथ ट्रंप के अनुचित संबंध का जिक्र किया हो। उन्होंने यहां तक कहा कि जब एपस्टीन ने ट्रंप की बुराई करने की कोशिश भी की, तब भी उसने कोई आपराधिक आरोप नहीं लगाया। यह बयान साफ तौर पर ट्रंप को संभावित राजनीतिक नुकसान से बचाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

लेकिन दस्तावेजों को विस्तार से देखने पर तस्वीर थोड़ी जटिल लगती है। ट्रंप का नाम कुछ अपुष्ट सूचनाओं में आया है जो जांच एजेंसी को भेजी गयी थीं। एक पीड़िता के साक्षात्कार के हस्तलिखित नोट्स में भी उनका नाम दर्ज है। एपस्टीन के एक कर्मचारी ने जांचकर्ताओं से कहा कि उसे याद है कि ट्रंप कभी एपस्टीन के घर आये थे। साथ ही वर्ष 2002 के कुछ संदेशों में मेलानिया नाम की महिला द्वारा दोस्ताना संवाद और पाम बीच यात्रा का जिक्र मिलता है। ये संदर्भ सीधे तौर पर अपराध साबित नहीं करते, पर संबंधों की प्रकृति पर जिज्ञासा जरूर बढ़ाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप प्रशासन ने लंबे समय तक इन फाइलों को सार्वजनिक करने में अनिच्छा दिखाई, जबकि चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप पारदर्शिता की बात करते रहे थे। ट्रंप ने अपने ऊपर लगे एक आरोप को लेकर एक बड़े अखबार पर मुकदमा भी किया, जिसमें दावा था कि उन्होंने एपस्टीन के लिए आपत्तिजनक चित्र और टिप्पणी भेजी थी। इन फाइलों में ट्रंप के करीबी लोगों के नाम भी सामने आये हैं। हॉवर्ड लटनिक के परिवार सहित एपस्टीन के द्वीप जाने की योजना का जिक्र है, हालांकि उन्होंने मुलाकात से इंकार किया है। एलन मस्क के संदेशों में एपस्टीन के द्वीप और पार्टियों में रुचि दिखती है, भले ही यात्रा साकार न हुई हो। स्टीव बैनन और एपस्टीन के बीच लंबा संवाद और एक विस्तृत वीडियो साक्षात्कार का भी उल्लेख है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या ट्रंप सभी एपस्टीन फाइलें जारी करवाएंगे? हालांकि अमेरिकी न्याय विभाग संकेत दे चुका है कि हालिया जारीकरण उनके प्रयासों का लगभग अंत है। दूसरी ओर कुछ सांसदों का कहना है कि अभी लाखों पन्ने रोके गये हैं और उन्हें सार्वजनिक होना चाहिए। लेकिन घरेलू राजनीति यहां निर्णायक भूमिका निभा सकती है। पूरी फाइलें जारी करने से कई प्रभावशाली लोगों के नाम और संदर्भ खुल सकते हैं, जिसका राजनीतिक असर व्यापक होगा। ऐसे में संभावना यही दिखती है कि पारदर्शिता और राजनीतिक नुकसान के बीच संतुलन साधने की कोशिश चलेगी। ट्रंप फिलहाल सीधे आरोपों से बचे दिखते हैं, पर अधूरी जानकारी और रोके गये दस्तावेज यह बहस जिंदा रखेंगे कि क्या सच का पूरा हिस्सा अभी सामने आना बाकी है। इन सबके बीच तरह तरह की कहानियां भी चल पड़ी हैं। कुछ लोग हर नाम को अपराध का प्रमाण मान रहे हैं, तो कुछ इसे बड़ी साजिश बताकर प्रचारित कर रहे हैं। स्पष्ट है कि एपस्टीन प्रकरण ने सत्ता, धन और प्रभाव के रिश्तों पर सवाल जरूर खड़े किये हैं, पर हर नाम को दोषी ठहराना न्याय के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। देखा जाये तो एपस्टीन प्रकरण में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कागजातों में संदर्भ मात्र को भी अपराध की मुहर की तरह पेश किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति न्याय और विवेक दोनों के लिए खतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो शोर मचाया गया, वह इसी राजनीति का उदाहरण लगता है। एक दोषी व्यक्ति के निजी संदेशों में कही गयी शेखी को ऐसे उछाला गया मानो वही अंतिम सत्य हो। यह पूछने की जरूरत किसी ने नहीं समझी कि क्या कोई आधिकारिक प्रमाण है, क्या कोई जांच है, क्या कोई आरोप पत्र है। केवल नाम जोड़कर बदनाम करने की कोशिश हुई। हम हर सनसनी पर बह जाएं तो कल कोई भी कहानी हमारे विवेक को बंधक बना लेगी। इसलिए जरूरी है कि हम नाम नहीं, प्रमाण देखें; आरोप नहीं, सत्य खोजें। तभी न्याय भी बचेगा और लोकतंत्र भी।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देशानुसार सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया से पूर्व एवं मतदान के पश्चात किए जाने वाले समस्त कार्यों एवं उत्तरदायित्वों से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वरीय पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग-सह-परियोजना निदेशक, आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सेक्टर मजिस्ट्रेट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने पूर्व चुनावों में किए गए बेहतर कार्यों की सराहना करते हुए इस निर्वाचन में भी उसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही यह भी कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य मतदान कर्मियों को भी सही तरीके से प्रशिक्षित करें।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी दी गई।

इसमें मुख्य रूप से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइंस, मतदान की तिथि एवं समय, मतदान कर्मियों के साथ समन्वय, मतपेटिका से मतदान की प्रक्रिया, मतदान हेतु आवश्यक सामग्री, मतदाता पहचान, मतपत्र, मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं, वल्नरेबल मैपिंग, मतगणना की तिथि सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा पूछे गए प्रश्नों के भी उत्तर दिए गए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनर समेत संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## तम्बाकू मुक्त क्षेत्र होंगे मतदान केंद्र

खूंटी। नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 की घोषणा के उपरान्त निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारु संचालन एवं आमजनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, शिकायत अथवा समस्या के निराकरण हेतु आमजन निम्नलिखित दूरभाष संख्याओं पर संपर्क कर सकते हैं। 8987791131 एवं 8987791132। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त दूरभाष संख्याओं के माध्यम से निर्धारित अवधि में संपर्क स्थापित कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। रांची। स्वास्थ्य विभाग ने नगर निकाय चुनाव को लेकर निकाय क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। मतदान केंद्रों में किसी भी प्रकार का तंबाकू पदार्थ जैसे सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटखा, जर्दा आदि का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

# झारखण्ड भाजपा में भागमभाग की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजनीति में इन दिनों झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) लगातार अपनी सियासी पकड़ मजबूत करता नजर आ रहा है। एक के बाद एक दूसरे दलों, खासकर भाजपा के कद्दावर नेताओं का झामुमो में शामिल होना राज्य के राजनीतिक समीकरणों को तेजी से बदल रहा है।धनबाद के बाद अब कोडरमा में हुई राजनीतिक सेंधमारी ने यह साफ कर दिया है कि झामुमो का प्रभाव अब केवल अपने पारंपरिक इलाकों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वह उन क्षेत्रों में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है, जिन्हें अब तक विपक्ष का गढ़ माना जाता रहा है।धनबाद के पूर्व मेयर और भाजपा के कद्दावर नेता रहे चंद्रशेखर अग्रवाल का झामुमो में शामिल होना कोयलांचल की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। अग्रवाल का स्थानीय राजनीति में लंबा अनुभव और मजबूत जनाधार रहा है। उनके झामुमो में आने से न सिर्फ पार्टी को संगठनात्मक मजबूती मिलेगी, बल्कि आगामी नगर निकाय चुनावों में भी झामुमो की स्थिति पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होगी। चंद्रशेखर अग्रवाल मेयर का चुनाव भी लड़ रहे हैं। जिससे धनबाद में राजनीतिक मुकाबला और रोचक हो सकता है।

इसी तरह, कोडरमा में नगर परिषद की पूर्व चेयरमैन शालिनी गुप्ता के झामुमो में शामिल होने से वहां भी राजनीतिक समीकरण बदलते दिख रहे हैं। कोडरमा को लंबे समय से भाजपा का मजबूत इलाका माना जाता रहा है, लेकिन शालिनी गुप्ता के इस कदम से भाजपा के प्रभाव को झटका लगा है। स्थानीय स्तर पर उनके समर्थकों के झामुमो से जुड़ने की संभावना भी जताई जा रही है, जिससे आने वाले नगर निकाय चुनावों में झामुमो को सीधा फायदा मिल सकता है।

लगातार हो रही इन राजनीतिक उठापटक से विपक्षी दलों खासकर भाजपा में खलबली मची हुई है। संगठनात्मक स्तर पर मजबूती बनाए रखने और नेताओं के पलायन को रोकने की चुनौती अब विपक्ष के सामने खड़ी हो गई है। यदि यह सिलसिला यूं ही जारी रहा तो आने वाले समय में विपक्ष को अपनी रणनीति पर गंभीरता से पुनर्विचार करना पड़ेगा।

झामुमो की इस सियासी बढ़त के पीछे संगठनात्मक विस्तार, स्थानीय नेतृत्व को तरजीह और जमीनी मुद्दों पर पकड़ को अहम वजह माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व लगातार यह संदेश देने में सफल रहा है कि झामुमो पूरे राज्य की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है। यही कारण है कि अन्य दलों के अनुभवी नेता भी झामुमो को अपने राजनीतिक भविष्य के लिए बेहतर विकल्प मान रहे हैं।

धनबाद और कोडरमा जैसे इलाकों में झामुमो की बढ़ती ताकत का असर आगामी नगर निकाय चुनावों के साथ-साथ भविष्य के चुनावों पर भी पड़ेगा। विपक्षी दलों के लिए यह एक चेतावनी भी है कि यदि समय रहते संगठनात्मक कमजोरियों को दूर नहीं किया गया तो झामुमो का विस्तार उनके लिए चुनौती पेश करेगा। झामुमो की लगातार मजबूत होती स्थिति ने सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए नए समीकरण खड़े कर दिए हैं।

## जरूरतमंद कोचिंग छात्रों के बीच बांटी गई अध्ययन सामग्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू।** स्थानीय वंचित युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए स्पर्श ई-वॉइस द्वारा संचालित निःशुल्क एसएससी जीडी कोचिंग में शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया। गुरुवार को स्वर्णरेखा समिति की अध्यक्षा रेनू सहगल ने छात्रों के बीच अध्यन सामग्री का वितरण किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती सहगल ने छात्रों को कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। उन्हों छात्रों को केंद्र बिंदु को एकाग्र होकर अपने उद्देश्य के लिए आगे बढ़ने का मूल मंत्र बताया।संस्थान की सचिव नम्रता रघुवंशी और कार्यकारी सदस्य दिव्या गंगवार की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र काफी उत्साहित दिखे। अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए छात्रों ने कहा कि ₹संसाधनों के अभाव में जो पढ़ाई अधूरी लग रही थी, वह अब इन किताबों , पीवीयूएनएल के कर्मचारी , एक्सटर्नल फैकल्टी की मदद से पूरी हो रही है और बहुत सहयोग भी मिला है । विद्यार्थियों ने इस सहयोग के लिए पीवीयूऐनएल और स्पर्श ई-वॉइस' का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# 251 प्रत्याशी गिरिडीह निकाय चुनाव में ठोंक रहे ताल

## प्रत्याशी समर्थकों के साथ कूदे मैदान में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर निगम चुनाव को लेकर नाम निर्देशन प्रक्रिया के अंतिम दिन बुधवार को मेयर पद के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया, जबकि वार्ड पार्षद पद के लिए 83 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। इसी के साथ मेयर पद के 20 और वार्ड पार्षद पद के 251 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।

अंतिम दिन मेयर पद के लिए अर्जुन बैठा, प्रकाश कुमार दास, पंकज कुमार सागर, कामेश्वर पासवान, ब्रज मोहन तुरी, गोविंद तुरी, नागेश्वर दास, जीवन कुमार दास, दयानंद निरंजन, पप्पू रजक, कृष्णा तुरी, प्रदीप पासवान और समीर राज चौधरी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।

इसके अलावा वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या एक से नौ में 20, 10 से 18 में 25, 19 से 27 में 20 और 28 से 36 में 18 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।

मेयर पद के लिए नामांकन कराने वाले प्रत्याशियों ने जनसेवा और शहर के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया है। अर्जुन बैठा ने कहा कि उनका उद्देश्य शहर की समस्याओं का समाधान करना है। शहर में काफी समस्याएं हैं। मौका मिला तो सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। कामेश्वर पासवान ने कहा कि कार्यकताओं की भावना का सम्मान करते हुए वह चुनाव लड़ रहे हैं। शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करना, पेयजल संकट सहित अन्य समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। नागेश्वर दास ने कहा कि अगर मौका मिला तो पूरी ईमानदारी से जनता की सेवा करेंगे। शहर में जो भी समस्याएँ हैं, उनका समाधान किया जाएगा।

प्रकाश कुमार दास ने कहा कि जनता के बीच रहकर लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ देंगे। साथ ही शहर की समस्याओं का समाधान करेंगे। समीर राज चौधरी ने कहा कि शहर की समस्याओं का समाधान और गिरिडीह नगर निगम को पूरे राज्य में विशेष पहचान दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी।प्रदीप पासवान ने कहा कि शहर में काफी समस्याएं हैं। सभी समस्याओं का समाधान क्रमबद्ध तरीके से किया जाएगा। गोविंद तुरी ने कहा कि वह लोगों की सेवा करने और शहर के विकास के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं।पप्पू रजक ने कहा कि पेयजल, यातायात और स्वच्छता उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही सीसीएल क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में भी पहल करेंगे। ब्रज मोहन तुरी, पंकज कुमार सागर, दयानंद निरंजन और कृष्णा तुरी ने भी शहर के विकास और जन

## दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमनी पहाड़पुर गांव के बनबीर टोला में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला है ।विवाहिता का नाम फुल कुमारी देवी है। उसके पति ओम प्रकाश महतो है। देर रात ही विवाहिता का शव उसके ससुराल में पाया गया। बुधवार की सुबह मुफस्सिल थाना की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया । मृतका के स्वजनों ने इसे दहेज हत्या करार दिया है। स्वजनों का आरोप है कि फुल कुमारी के पति ओमप्रकाश ने गला दबा कर हत्या की और शव को फंदे पर लटका दिया।

विवाहिता की शादी तकरीबन छह साल पहले हुई थी। विवाहिता के पिता खगेंद्र महतो ने बताया कि कुछ दिन सब कुछ ठीक ठाक रहने के बाद विवाहिता को अचानक दहेज के लिए पति सहित ससुराल के अन्य सदस्यों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पिता ने यह भी बताया कि उनके दामाद आए दिन नशे में रहता था तथा उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू–272– 147–टी1–54, दिनांक 04.02.2026,** मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/परियोजना, पूर्व रेलवे, तीसरा तल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों जिनके पास समप्रकृति के कार्य का पर्याप्त अनुभव है एवं न्यूनतम पात्रता मानदंड की संतुष्टि करते हैं, से निर्धारित प्रारूप में 'खुली' ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः– **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** माझेरहाट, ब्रेस ब्रिज, नंगी में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों की सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, इंटरलॉकिंग और आरंभ और पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के माइल 5बी–बजबज के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कार्य के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ डुअल एमएसडीएसी (दो पैकेट प्रणाली)। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.42,17,32,935.85, **कार्य की समापन अवधि :** 15 (पंद्रह) माह। **निविदा कागजात ऑनलाइन जमा देने के लिए अंतिम तिथि और समय (बंद होना):** दिनांक 05.03.2026 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। **बोली–पूर्व सम्मेलन :** लागू नहीं। **वेबसाइट का पता, समय और तिथि जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 04.02.2026 से। **बोली खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 05.03.2026 को 15.30 बजे। **प्रतिभूति राशि :** रु.22,58,700/– **वेबसाइट जहाँ निविदा बोली जमा की जा सकती हैः** 1.बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। 2. निविदाकार ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेल की ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत अवश्य रहें। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, यदि आवश्यक हुए, तो केवल इस साइट पर दिए जाएंगे। 3. बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। 4. इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। CON-66/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. **ई. निविदा सं. :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–08–25–26, **कार्यों के नाम :** इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) ''– पूर्वी मध्य रेलवे के धनबाद डिविजन में कोडरमा–अरिगड़ा खंड के दोहरीकरण के संबंध में, कोडरमा स्टेशन से कठौतिया स्टेशन तक Ch. 000.480 KM से 51.500KM (Ch. 16.430 KM से 18.588 KM को छोड़कर) (कुल– 48.862 किमी) तक 25T भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के लिए दोहरीकरण कार्य का निर्माण, जिसमें मिट्टी का काम, आवरण, छोटे पुल, बड़े पुल, आरओबी (मौजूदा आरओबी को तोड़ना सहित), एलएचएस/आरयूबी, हाथी पास, ट्रैक कार्य, प्लेटफार्म कार्य, स्टेशन भवन, एफओबी, अन्य भवन, सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य, विद्युत कार्य जिसमें 2x25 केवी ओएचई और संबंधित विविध कार्य शामिल हैं।, **अंकलित मूल्य (रु) :** 8,26,45,48,650.85, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 2,00,00,000.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 730 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 07.04.2026 at 15.30 बजे। ऐसी ई– निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः**http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि–पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/1746/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/वा./टी/25–26/56

# स्वास्थ्य मंत्री ने की फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** आईपीएच सभागार, नामकुम, रांची में गुरुवार को राज्य स्तरीय अंतर-विभागीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने खुद फाइलेरिया रोधी दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग अभियान की विधिवत शुरूआत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोई भी अभियान छोटा नहीं होता। अभियान और कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक यह संदेश पहुंचाया जाता है कि ये प्रयास उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए हैं।

उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना किसी संकोच के फाइलेरिया की दवा जरूर लें, क्योंकि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और शरीर में मौजूद फाइलेरिया के जीवाणुओं को नष्ट कर देती है।

डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि झारखंड को वर्ष 2029 तक फाइलेरिया मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है और खूंटी जिला पहले ही फाइलेरिया मुक्त घोषित किया जा चुका है।

स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि अगस्त 2025 में राज्य के 9 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया गया था। वहीं वर्ष 2026 में यह अभियान 10 फरवरी से 26 फरवरी तक 14 जिलों (रांची, गुमला, गिरिडीह, बोकारो, साहिबगंज, पाकुड़, देवघर, पूर्वी सिंहभूम, कोडरमा, रामगढ़, सिमडेगा, धनबाद और लोहरदगा) में संचालित किया जाएगा। 10 फरवरी को बूथ स्तर पर और 11 से 26 फरवरी तक घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों से भी फाइलेरिया की दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि साहिया, एएनएम, सीएचओ और जेएसएलपीएस से जुड़ी बहनों की सक्रिय भागीदारी से ही यह अभियान सफल हो सकेगा।

अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि सभी लोगों की सहभागिता के बिना फाइलेरिया उन्मूलन संभव नहीं है। वहीं निदेशक प्रमुख डॉ. सिद्धार्थ सागर ने दवा सेवन को सभी समुदायों तक सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, मुखिया, स्वास्थ्य कर्मी तथा विभिन्न जिलों से आए जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

खूँटी। नगर पंचायत क्षेत्र में 23 फरवरी को होने वाले नगरपालिका (आम) निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान दलों के गठन हेतु पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया।

यह रेंडमाइजेशन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका के अनुरूप सम्पन्न हुआ। प्रक्रिया सामान्य प्रेक्षक, खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र, रश्मि लकड़ा की उपस्थिति में कराई गई। इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग-सह-उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, सभी निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रथम रेंडमाइजेशन का मुख्य उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराना है, ताकि आगामी मतदान सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

## अखंड अष्टयाम का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** हर वर्ष की भांति इस साल भी नगर पंचायत एकमा बाजार के भरहोपुर गांव स्थित बदलू ब्रह्म बाबा के परिसर में शुक्रवार से 24 घंटे का अखंड अष्टयाम विधिवत पूजा-पाठ व हवन-पूजन के साथ आरंभ हुआ। वेदाचार्य अनिल दुबे व आदित्य द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-पाठ कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई।

हवन में पंडित राजकुमार मिश्रा, विपिन मिश्रा सहित अन्य आचार्य मौजूद रहे। वहीं भजन मंडली के ब्यास मनोज भारती के नेतृत्व में हरे राम-हरे कृष्ण का अखंड जाप शुरू होते ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

कार्यक्रम के संयोजक व पूर्व मुखिया सह समाजसेवी स्वर्गीय रामेश्वर दुबे के चचेरे भतीजे संजय दुबे ने बताया कि क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि व आपसी भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है। आयोजन में बूढ़ा बाबा, विष्णु देव दुबे, बड़े लाल दुबे, अजीत दुबे, बिजेंद्र दुबे, पप्पू दुबे, लवकुश जायसवाल, प्रशांत पांडेय, महेश्वर दुबे सहित समस्त क्षेत्रीय ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा है।

# रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## जांच के बाद अफवाह निकली धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट को शुक्रवार को बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे कोर्ट परिसर और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। यह धमकी रांची सिविल कोर्ट की आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजी गई थी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं।

धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम कोर्ट परिसर में पहुंची और व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि ईमेल को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। तलाशी के दौरान किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।बम निरोधक दस्ते के सदस्य गणेश पान ने बताया कि कोर्ट परिसर के हर हिस्से की बारीकी से जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया कि बम विस्फोट की धमकी महज एक अफवाह थी।

हालांकि धमकी झूठी साबित हुई, लेकिन एहतियात के तौर पर कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है। पुलिस ने कहा है कि धमकी भरे ईमेल के स्रोत और भेजने वाले की पहचान के लिए जांच जारी है।

## रोकी गयी नाबालिग की शादी

**गिरिडीह।** बिटिया की शादी की रस्में उत्साह के साथ पूरी की जा रही थी। घरैता से लेकर पहुना भी पहुंचे हुए थे। मंगल गीत भी गाए जा रहे थे। कन्या की तिलक से लेकर मेहंदी, हल्दी व अन्य रस्में भी पूरी की जा चुकी थी। हाथें में मेहंदी भी रचा गया था। 4 फरवरी को अन्य रस्मों के बाद रात में बारात आने वाली थी। लेकिन इन सब पर पानी फिर गया और शादी के उत्साह का माहौल पल भर में परेशानी में बदल गया। जिस बालिका की शादी होनी थी, वह नाबालिग निकली और सामाजिक संगठन ने इस मामले में एक्शन लेकर पूरे मामले को न्यायालय के संज्ञान में लाया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–34–25, दिनांक 02.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–34–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में "हावड़ा–बर्द्धमान कॉर्ड लाइन सेक्शन (राजधानी रूट) में कॉन्टैक्ट वायर का प्रतिस्थापन" के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 79,17,203.11, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी हैः** रु. 1,58,400/–, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समयः** दिनांक 26.02.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलनाः** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-596/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन। **क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. : 268_2025–26, कार्य का विवरण :** (i) एसएसई/पी.वे/हावड़ा के तहत गैंग नं. 1,3,4,5,6,7,8,9,11,12, 13,14,17 और एसएसई/पी.वे/बामनगाछी के तहत गैंग नं. 2,3,4,6 और 7 के लिए गैंगहट का प्रावधान। (ii) वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन एसएसई/वर्क्स/हावड़ा के अंतर्गत सीटीआई/जी/इनडोर, सीआईटी/आउटडोर, प्लेटफॉर्म–12, हावड़ा के पास, कारशेड, टिकियापाड़ा, हावड़ा झील साइडिंग, एआरटी/बामनगाछी और सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में तथा एसएसई/वर्क्स/बामनगाछी की शाखा के अधीन एआरटी/बामनगाछी एवं सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में सभी महिला कर्मचारियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ महिला ड्रेस चेंजिंग रूम का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु.3,06,42,113.19, **बयाना राशि :** रु. 3,03,200/– **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं.: 269_2025–26, कार्य का विवरण :** एसएसई/पी.वे/हावड़ा, वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन यार्ड के उन्नयन और यार्ड सुधार के संबंध में पी. वे कार्य (झील साइडिंग, टीकेपीआर, एसवाईएई, हावड़ा, हावड़ा ईएमयू कारशेड और लिलुआ यार्ड, कुल–6 यार्ड में) जैसे सीटीआर(एस) –.13 किमी, टीएसआर(एस)–2.148 किमी, टीटीआर–83 सेट, टीटीआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी)–1 इन 8.5–73 सेट, टीटीआर (डीएस)–1 इन 8.5–1 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+ डब्ल्यूसीएमएससी)–1 इन 12–3 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी–1 इन 8.5–6 सेट) टीबीआर–31.931 किमी टीएफआर–1.606 किमी, डीप स्क्रीनिंग, लिफ्टिंग, टर्न इन कर्व और फोर्स फिट लेआउट का सुधार एवं अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु.6,59,45,372.06, **बयाना राशिः** रु. 4,79,700/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00 (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 02.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान– ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-598/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

● अमेरिकी शेयर बाजार का हाल

# बिटकॉइन में 9 प्रतिशत तक की गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वॉल स्ट्रीट में आई कमजोरी और तकनीकी शेयरों में जारी बिकवाली का असर वैश्विक बाजारों पर दिखा। क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में भी तेज गिरावट आई और यह अपने रिकॉर्ड स्तर से लगभग आधे दाम पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में व्हाइट हाउस लौटने के बाद बिटकॉइन में आई पूरी तेजी लगभग खत्म हो चुकी है। शुक्रवार को अमेरिकी फ्यूचर्स और एशियाई शेयर बाजारों में ज्यादातर गिरावट दर्ज की गई।

**एशियाई बाजारों का कैसा रहा हाल-** जापान का निक्केई 225 सूचकांक 0.5 प्रतिशत चढ़कर 54,073.52 पर बंद हुआ। यह इस हफ्ते की शुरुआती गिरावट से उबरता दिखा, जिसमें टेक्नोलॉजी शेयरों ने बढ़त का नेतृत्व किया। सॉफ्टबैंक ग्रुप के शेयर 1.9 प्रतिशत और चिप निर्माता टोक्यो इलेक्ट्रॉन के शेयर 3 प्रतिशत चढ़े। जापान में रविवार को आम चुनाव होने हैं, जहां प्रधानमंत्री साने ताकाइची को मजबूत जनादेश मिलने की उम्मीद है। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 1.7 प्रतिशत गिरकर 5,076.69 पर आ गया। टेक शेयरों में कमजोरी के कारण सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 0.9 प्रतिशत और एसके हाइनिक्स के शेयर 0.6 प्रतिशत फिसले। हांगकांग का हैंग सेंग 1.2 प्रतिशत गिरकर 26,569.14 पर बंद हुआ, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट लगभग सपाट रहा और 4,075.37 पर टिक गया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 सूचकांक 1.6 प्रतिशत टूटकर 8,745.60 पर आ गया। ताइवान का ताइएक्स 0.2 प्रतिशत गिरा।

**बिटकॉइन में आई नौ प्रतिशत की गिरावट-** टेक शेयरों में इस हफ्ते आई बिकवाली के बीच बिटकॉइन में निवेशकों का उत्साह फीका पड़ा। शुक्रवार सुबह यह करीब 9 प्रतिशत गिरकर 65,000 डॉलर से नीचे कारोबार करता दिखा, जबकि गुरुवार को इसमें 12 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई थी। अक्तूबर में बिटकॉइन 1,24,000 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था।

### सोने-चांदी की कीमतों में दिखी गिरावट

कीमती धातुओं में भी इस हफ्ते भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सोने की कीमतें शुक्रवार को 1 प्रतिशत गिरकर 4,843.70 डॉलर प्रति औंस पर आ गईं, जबकि पिछले हफ्ते यह 5,600 डॉलर के करीब पहुंची थीं। चांदी की कीमतों में 6.6 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 71.63 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। पिछले शुक्रवार को इसमें 31 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई थी।

# 6 दिन में ही चांदी 2 लाख तक सस्ती

## सोना 45000 हुआ सस्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमसीएक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार गिरावट देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारी बिकवाली का सीधा असर घरेलू वायदा बाजार पर पड़ा। एमसीएक्स गोल्ड अप्रैल फ्यूचर्स करीब 1 फीसदी टूटकर 1,48,000 प्रति 10 ग्राम के आसपास आ गया। 29 जनवरी को बने रिकॉर्ड हाई 1,93,096 के मुकाबले सोना अब तक करीब 23 फीसदी यानी 45,096 रुपये तक सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी में गिरावट और ज्यादा तेज रही। एमसीएक्स सिल्वर फ्यूचर्स करीब 5.7 फीसदी गिरकर 2,29,000 के स्तर पर आ गए हैं। मार्च डिलीवरी वाली चांदी अपने ऑल-टाइम हाई 4.20 लाख से करीब 45 फीसदी या लगभग 2 लाख नीचे आ चुकी है।



### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

कमोडिटी ब्रोकरेज जियोजित का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने के दामों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन लंबी अवधि का रुझान अभी भी मजबूत है। रिपोर्ट के मुताबिक एमसीएक्स गोल्ड के लिए 1,47,200 से 1,42,700 के बीच सपोर्ट दिख रहा है, जबकि एमसीएक्स सिल्वर के लिए सपोर्ट 2,30,000 से 2,02,600 के दायरे में माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना, चांदी और प्लैटिनम हाल के रिकॉर्ड स्तरों से फिसल गए हैं। खासतौर पर चांदी में बीते छह कारोबारी सत्रों में करीब 47 फीसदी तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है।

### अब आगे क्या

एनालिस्ट्स के अनुसार इतनी तेज गिरावट के पीछे कई वजहें हैं। जियोजित के कमोडिटी रिसर्च हेड हरीश वी के मुताबिक अमेरिकी फेड को लेकर सख्त रुख की उम्मीदें, डॉलर में मजबूती और सीएमई ग्रुप द्वारा मार्जिन बढ़ाए जाने से बाजार पर दबाव आया। सीएमई ने गोल्ड फ्यूचर्स पर मार्जिन 8 फीसदी से बढ़ाकर 9 फीसदी और सिल्वर पर 15 फीसदी से 18 फीसदी कर दिया है, जिससे बड़े निवेशकों को अपनी पोजीशन कम करनी पड़ी। इसके अलावा रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद मुनाफावसूली ने भी कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव को बढ़ाया। एनालिस्ट्स का यह भी मानना है कि भू-राजनीतिक तनावों में कुछ नरमी, खासकर अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता की खबरों से सेफ-हेवन डिमांड घटी है। पिछले हफ्ते बिकवाली तब शुरू हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने केविन वार्श को अगला फेड चेयरमैन नामित किया। इससे ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को झटका लगा। हालांकि क्ष्र-जैसे वैश्विक ब्रोकरेज का कहना है कि फिलहाल थोड़ी स्थिरता के बाद मिड-2026 तक सोने की कीमतें फिर से नए रिकॉर्ड स्तर छू सकती हैं।

# व्यापार समझौता: अमेरिका में 800 डॉलर तक बिना शुल्क सुविधा खत्म



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में 800 डॉलर तक बिना शुल्क माल भेजने की सुविधा खत्म होने से छोटे निर्यातक मुश्किल में है। अब शुल्क लगने के साथ ही छोटे-छोटे पार्सल को कस्टम प्रक्रिया के तहत बाहर आने में काफी वक्त लगने लगा है। कारोबारी और निर्यातक चाहते हैं कि भारत सरकार इस मुद्दे पर भी अमेरिका से बात करे। असल में पहले 800 डॉलर मूल्य तक की अमेरिका भेजी जाने वाली खेपों पर कोई शुल्क नहीं लगता था। लेकिन जब पिछले साल टैरिफ वार शुरू हुआ तो चरणबद्ध तरीके से भारतीय सामान पर 50 फीसदी तक टैरिफ लगा दिया।

इसके साथ ही, गत वर्ष संयुक्त राज्य अमेरिका के टैरिफ एक्ट, 1930 की धारा 321 के तहत अमेरिका ने यह सुविधा खत्म कर दी है। इस सुविधा से छोटे निर्यातकों, कारीगरों और सीमा पार ई-कॉमर्स से जुड़े उद्यमों को काफी मदद मिलती थी। इस छूट के समाप्त होने से कई चुनौतियां बढ़ी हैं।

**अमेरिकी बाजार और छोटे उद्यम-** हस्तशिल्प और श्रम आधारित उत्पाद बनाने वाले छोटे उद्यम अब अधिक लागत के कारण अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहे हैं। पहले मिलने वाली यह सीमा ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय व्यापार को भी सुगम बनाती थी। अमेरिकी ग्राहकों तक सीधे भारतीय उत्पाद पहुंचाना था और अतिरिक्त शुल्क या जटिल दस्तावेजी प्रक्रिया की जरूरत नहीं होती थी। इससे कई भारतीय डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर ब्रांडों को वैश्विक पहचान मिली। शुल्क बढ़ने से ऑर्डरों में आई कमी का सीधा असर रोजगार और आय पर पड़ रहा है। अब निर्यातक चाहते हैं कि भारत सरकार अमेरिका से बातचीत कर 800 डॉलर मूल्य तक की बिना शुल्क भेजी जाने वाली खेपों पर मिलने वाली छूट बहाल कराए।

**कस्टम में माल बाहर आने में लग रहा ज्यादा समय-** राजगढ़िया एक्सपोर्ट के संस्थापक सुदीप का कहना है, ड्यूटी फ्री माल अमेरिका भेजने की सुविधा खत्म होने के नुकसान तो हो ही रहा है। साथ में, कस्टम में माल बाहर आने में बहुत वक्त लगने लगा है। सुविधा बंद होने से देशभर के लाखों छोटे उद्यमी मुश्किल हालात में हैं।

## बदल गया वेलेंटाइन डे का बाजार, अब गुलाब नहीं, तोहफे में ये सामान दे रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेलेंटाइन डे नजदीक आ रहा है। लोग समझते होंगे कि इस दिन अपने प्रियजन को लोग गुलाब और टैडी बियर उपहार में देते हैं। लेकिन आज का युवा लाल गुलाब और टैडी बियर से कहीं आगे बढ़ चुका है। आपको यदि इसमें शक नगता है तो क्विक शॉपिंग प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट के ताजा शॉपिंग डेटा पर एक बार नजर मार लीजिए।

**लद गए लाल गुलाब के दिन-** हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक लोग अब वेलेंटाइन डे पर सिर्फ लाल गुलाब और टेडी बियर के भरोसे नहीं हैं। इंस्टामार्ट के ताज़ा शॉपिंग डेटा और इस हफ्ते सोशल मीडिया पर नज़र दौड़ाएंगे, तो आपको कुछ मज़ेदार और बहुत ही आम सी चीज़ें दिखेंगी। लोग अब क्लासिक गुलदस्तों की जगह चॉकलेट, चिप्स, प्रोटीन बार, ग्रूमिंग किट और यहां तक कि कंडोम के पैकेट खरीद रहे हैं। इन्हीं सामानों को फूलों की तरह सजाकर तोहफे में दे रहे हैं।

**इस साल बदल गया ट्रेंड-** इंस्टामार्ट के ट्रेंड्स बताते हैं कि साल 2026 में प्यार का इज़हार थोड़ा ज़्यादा प्रैक्टिकल और मज़ेदार हो गया है। भारत का जेन ' इस साल प्यार का जश्न अलग तरीके से मना रहा है। इंस्टामार्ट के वेलेंटाइन डे डेटा के मुताबिक अब खरीदार पारंपरिक तोहफों से हटकर ऐसी चीज़ें चुन रहे हैं जो पर्सनल, उपयोगी और थोड़ी चुलबुली लगे। बाजार में इस बार सभी प्यार की भाषाओं के लिए गुलदस्ते नाम का खास कलेक्शन उतारा गया है। इसने सबका ध्यान भी खींचा है। आप यह जान लें कि ये गुलदस्ते गुलाबों से नहीं बने हैं।

## कंपनी का नेट प्रॉफिट में 90 प्रतिशत बढ़ा, शेयरों में 14 प्रतिशत की तेजी, 2-2 एक्सपर्ट्स बुलिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिताची एनर्जी इंडिया लिमिटेड ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी के नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर 90 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस इजाफे की वजह से कंपनी के शेयरों की कीमतों में आज तगड़ी तेजी देखने को मिली है। जिसकी वजह से शेयरों का भाव 14 प्रतिशत चढ़ गया। हिताची एनर्जी इंडिया लिमिटेड ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी के नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर 90 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस इजाफे की वजह से कंपनी के शेयरों की कीमतों में आज तगड़ी तेजी देखने को मिली है। जिसकी वजह से शेयरों का भाव 14 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई में आज शुक्रवार को हिताजी एनर्जी इंडिया लिमिटेड का शेयर 20800.10 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 21900 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया।

### कितना हुआ है नेट प्रॉफिट

कंपनी की तरफ से दी जानकारी के अनुसार अक्टूबर से दिसंबर 2025 के दौरान कुल नेट प्रॉफिट 261.40 करोड़ रुपये रहा है। हिताची एनर्जी इंडिया लिमिटेड का रेवन्यू मार्च तिमाही में 2168 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 29.60 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का दिसंबर तिमाही में 338.40 करोड़ रुपये रहा है।

# अब 200 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाली कंपनियां भी कहलाएंगी स्टार्टअप, सरकार ने बदले नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने स्टार्टअप्स को पहचानने के नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। अब कंपनियां 200 करोड़ रुपये तक का टर्नओवर होने पर भी स्टार्टअप मानी जाएंगी। पहले यह सीमा 100 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा, डीप टेक स्टार्टअप्स के लिए एक नई श्रेणी भी बनाई गई है। यह उन कंपनियों के लिए है जो बहुत नई और रिसर्च पर आधारित टेक्नोलॉजी पर काम करती हैं। यह कदम भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा देने के लिए उठाया गया है। आजकल स्टार्टअप्स को रिसर्च और डेवलपमेंट में ज्यादा समय लगता है। उन्हें ज्यादा पैसा भी चाहिए होता है और कमाई शुरू होने में भी देर लगती है। खासकर डीप टेक, मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च पर आधारित क्षेत्रों में ऐसा देखा जा रहा है। अब तक करीब दो लाख कंपनियों को स्टार्टअप के तौर पर मान्यता मिल चुकी है। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत इनकम टैक्स में छूट जैसे कई फायदे मिलते हैं। की परिभाषा का दायरा बजट में हो सकता है ऐलान उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के एक नोटिफिकेशन के अनुसार, स्टार्टअप की पहचान के लिए टर्नओवर की सीमा 100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दी गई है। साथ ही, डीप टेक स्टार्टअप्स के लिए नए नियम भी बनाए गए हैं। डीप टेक स्टार्टअप्स के लिए सरकार ने उनकी उम्र और टर्नओवर की सीमा को काफी बढ़ा दिया है।



### सहकारी समितियों को भी स्टार्टअप का दर्जा

एक और बड़ा बदलाव यह है कि अब कुछ सहकारी समितियों को भी स्टार्टअप के तौर पर मान्यता दी जाएगी। इससे जमीनी स्तर पर इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। इसके तहत ये सहकारी समितियां शामिल हैं-

मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज एक्ट, 2002 के तहत रजिस्टर हुई मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज।

राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के कोऑपरेटिव एक्ट्स के तहत रजिस्टर हुई कोऑपरेटिव सोसाइटीज।

इस कदम का मकसद खेती, उससे जुड़े दूसरे काम, ग्रामीण उद्योग और समुदाय-आधारित व्यवसायों में नए आइडिया को बढ़ावा देना है।

### नियम क्यों बदले गए

सरकार का कहना है कि पिछले दस सालों में भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में बड़े बदलाव आए हैं। कई इनोवेशन पर आधारित कंपनियां अपनी उम्र या टर्नओवर की सीमा पार कर जाती हैं, भले ही वे अभी भी डेवलपमेंट या टेस्टिंग के दौर में हों। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि स्टार्टअप इकोसिस्टम में हो रहे बदलावों और बिजनेस लाइफसाइकिल के अलग-अलग पड़ावों पर स्टार्टअप्स को खास फायदे पहुंचाने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, स्टार्टअप के तौर पर पहचान के लिए टर्नओवर की सीमा 100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दी गई है। यह फैसला स्टार्टअप इकोसिस्टम के कई लोगों और अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों से बातचीत के बाद लिया गया है।

● अदाणी मंगल सेवा का एक साल पूरा

# 500 दिव्यांग महिलाओं को 10-10 लाख रुपए की मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी मंगल सेवा ने 500 'दिव्यांग' महिलाओं के लिए सम्मान और अवसर प्रदान करते हुए एक साल पूरा कर लिया। पिछले साल 5 फरवरी को अदाणी मंगल सेवा की घोषणा दिवा और जीत अदाणी ने अपनी शादी के दौरान की थी। इसके तहत उन्होंने दिव्यांग महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा का संकल्प लिया था।

अदाणी समूह की सामाजिक कल्याण और विकास इकाई, अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित यह पहल 25 से 40 वर्ष की आयु की दिव्यांग महिलाओं को सहयोग प्रदान करती है। इन महिलाओं की पहचान परियोजना भागीदार यूथ फॉर जॉब्स द्वारा की गई है और उनके पास यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड हैं।



अदाणी फाउंडेशन की ओर से जारी बयान के अनुसार, अपने पहले वर्ष में इस पहल ने 500 दिव्यांग महिलाओं को सहायता देने का वादा पूरा किया। प्रत्येक लाभार्थी के लिए 10 लाख रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट की गई, जिससे उन्हें मासिक आय और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि जीत और दिवा अपने वैवाहिक जीवन का एक वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। इस सुखद अवसर पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं। आज के ही दिन पिछले वर्ष उन्होंने 'मंगल सेवा' का संकल्प लिया था, जिसके तहत हर वर्ष 500 नवविवाहित दिव्यांग बहनों को प्रति बहन 10 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग देने का प्रण किया गया, जो आज भी उसी समर्पण के साथ आगे बढ़ रहा है। यह मेरे लिए अत्यंत संतोष और कृतज्ञता का विषय है। उन्होंने आगे लिखा कि समय के साथ इस प्रयास ने अनेक परिवारों के जीवन में सम्मान और नई उम्मीद के साथ एक नई शुरुआत का अवसर दिया है। सच कहूं तो जब किसी बेटी के जीवन में मुस्कान और आत्मविश्वास लौटता है, उस क्षण का संतोष ऐसा होता है जिसके आगे दुनिया की बड़ी से बड़ी उपलब्धि और वैभव भी छोटे लगते हैं। एक पिता के रूप में मैं स्वयं को धन्य महसूस करता हूं कि मेरे बच्चे अपनी खुशियों के साथ अनेक परिवारों के जीवन में भी आशा और मुस्कान जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पहल कम से कम पांच वर्षों तक चलेगी और इस दौरान हर वर्ष 500 दिव्यांग महिलाओं को सहायता दी जाएगी। इसके लिए प्रतिवर्ष 50 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। शांतिग्राम स्थित बेल्वेडियर क्लब लॉन में आयोजित कार्यक्रम में अदाणी मंगल सेवा के एक वर्ष पूरे होने का अवसर मनाया गया।

इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदाणी ने कहा, अदाणी मंगल सेवा की प्रेरणा इस विचार से जन्मी है कि व्यक्तिगत खुशी का सर्वोच्च अर्थ तब है, जब उसे समाज की भलाई के लिए साझा किया जाए। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक भावना और जिम्मेदारी है।

# रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं

### अभी ईएमआई कम होने का करें इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने नीतिगत दरों का ऐलान कर दिया है। इस बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा गया है। इसका मतलब यह है कि आपको ईएमआई कम होने और कर्ज सस्ता होने का अभी और इंतजार करना पड़ेगा। केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार, 4 फरवरी से गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुरू हुई और आज इसमें लिए गए नीतिगत फैसलों का ऐलान हुआ। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि पिछली बैठक के बाद से बाहरी चुनौतियां (एक्सटर्नल हेडविंड) बढ़ गई हैं। हालांकि, हाल में सफलतापूर्वक पूरे हुए ट्रेड डील आर्थिक संभावनाओं के लिए अच्छे संकेत हैं। कुल मिलाकर, उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में घरेलू मुद्रास्फीति और विकास की दृष्टि सकारात्मक बनी हुई है।



**जीडीपी और महंगाई पर क्या बोले-** आरबीआई ने अगले फाइनेंशियल ईयर की पहली और दूसरी तिमाही के लिए ग्रोथ के अनुमान को बढ़ाकर क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 7 प्रतिशत कर दिया है। वहीं आरबीआई ने 2025-2026 के लिए महंगाई के अनुमान को 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 2.1 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले क्यू4 के लिए यह 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान था।

**नीतिगत दरों की स्थिति-** रेपो रेट अपरिवर्तित रहने से, स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) दर 5 प्रतिशत पर बनी हुई है, जबकि मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) दर और बैंक दर 5.5 प्रतिशत पर जारी है। मौद्रिक नीति समिति का यह फैसला घरेलू आर्थिक हालात और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन बनाता है। देश में विकास और मुद्रास्फीति के रुझान सहायक हैं, लेकिन समिति वैश्विक घटनाक्रम और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से आने वाले बदलते मौद्रिक नीति संकेतों को देखते हुए सतर्क बनी हुई है।

**ग्लोबल ट्रेंड क्या है-** एएनआई के मुताबिक फरवरी 2026 में, प्रमुख केंद्रीय बैंकों के मौद्रिक नीति निर्णयों में स्पष्ट अंतर देखने को मिला।




## पैसे और पावर के लिए आमने-सामने अनिल कपूर और विजय वर्मा, सीरीज 'फैमिली बिजनेस' का टीजर जारी

**ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स ने एक इवेंट में अपने इंडिया प्लान की घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज से पर्दा उठ गया है। नेटफ्लिक्स पर सीरीज 'फैमिली बिजनेस' का टीजर जारी किया गया है। इसमें विजय वर्मा और अनिल कपूर नजर आएंगे। रिया चक्रवर्ती भी सीरीज का हिस्सा हैं।**

अनिल कपूर की सीरीज 'फैमिली बिजनेस' का निर्माण विक्रम मल्होत्रा, हंसल मेहता और निरेन भट्ट ने मिलकर किया है। आज जारी टीजर काफी शानदार है। शुरुआत अनिल कपूर की एंट्री से होती है। वे बिजनेस मैन के रूप में जंच रहे हैं। अनिल कपूर जेह डावर का किरदार निभा रहे हैं। वहीं विजय उनके बेटे सिड मल्होत्रा के किरदार में हैं। सीरीज की कहानी कुछ इसी तर्ज पर है, जहां पैसों और पावर के लिए बाप-बेटे एक-दूसरे के आमने-सामने हो जाते हैं।

### लंबे वक्त बाद नजर आएंगी रिया चक्रवर्ती

इस सीरीज में रिया चक्रवर्ती, नेहा धूपिया, राइमा सेन और नंदिश संधू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। रिया चक्रवर्ती लंबे वक्त बात एक्टिंग की दुनिया में उपस्थिति दर्ज कराएंगी।





## 'तू या मैं' में विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे करियर का सबसे खास अनुभव रहा

**हिंदी सिनेमा में हर कलाकार के करियर में कुछ ऐसे प्रोजेक्ट आते हैं, जो उनके सीख और आत्मविश्वास का जरिया बन जाते हैं। अभिनेत्री पारुल गुलाटी के लिए उनकी आने वाली फिल्म 'तू या मैं' कुछ ऐसा ही प्रोजेक्ट है। इस फिल्म के जरिए उन्हें मशहूर निर्देशक विजय नांबियार के साथ काम करने का मौका मिला है। इसको लेकर पारुल का कहना है कि यह फिल्म उनके करियर का सबसे खास अनुभव है। इस सफर ने उन्हें एक कलाकार के रूप में और मजबूत बनाया है।**

फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए पारुल गुलाटी ने कहा, ''विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा रहा। मैं पहले से ही उनके काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। उनकी फिल्मों में कहानी कहने का तरीका, किरदारों की गहराई और फिल्म का माहौल ऐसा होता है कि फिल्म खत्म होने के बाद भी उसका असर मन पर बना रहता है। ऐसे निर्देशक के साथ काम करना सम्मान की बात है।'' पारुल ने कहा, ''जिस निर्देशक के काम को आप सालों से देखते और पसंद करते आए हों, उसी के निर्देशन में कैमरे के सामने खड़ा होना बहुत खास एहसास देता है। 'तू या मैं' ने मुझे यही मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें भावनात्मक, मानसिक और अभिनय के स्तर पर खुद को और बेहतर समझने का अवसर दिया। यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास है।' इस फिल्म में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

अपने सह-कलाकारों के बारे में बात करते हुए पारुल ने कहा, ''उनके साथ काम करना इस सफर को और भी खूबसूरत बनाता है। आदर्श गौरव बेहद ईमानदार और मेहनती अभिनेता हैं। वह हर सीन में पूरी सच्चाई के साथ काम करते हैं। वहीं शनाया कपूर सेट पर नई ताजगी लेकर आती हैं। उनमें सीखने की काफी लगन है।'' पारुल ने कहा, ''जब आसपास ऐसे कलाकार होते हैं, तो काम को लेकर समर्पण और खुद को बेहतर करने की प्रेरणा अपने आप मिलती है। हर दिन सेट पर कुछ नया सीखने को मिलता है, और यही चीज किसी भी कलाकार को आगे बढ़ने में मदद करती है।''



## 8 घंटे की शिफ्ट टीवी के लिए संभव नहीं

टीवी की दुनिया बाहर से जितनी चमकदार और रंगीन दिखाई देती है, अंदर से उतनी ही दबाव से भरी होती है। दर्शक रोज अपने पसंदीदा कलाकारों को टीवी स्क्रीन पर देखते हैं, लेकिन उनकी मेहनत, थकान और मानसिक तनाव से अनजान रहते हैं। घंटों शूटिंग, लगातार काम का दबाव और निजी जीवन के लिए कम समय, ये सब टीवी कलाकारों की रोजमर्रा जिंदगी का हिस्सा है। इसी मुद्दे पर छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने आईएएनएस से खुलकर बात की है और बताया है कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना कितना कठिन होता है। अर्जुन बिजलानी ने टीवी इंडस्ट्री के लंबे वर्किंग आवर्स को बेहद मुश्किल बताया। उन्होंने कहा, 'कागज पर भले ही 12 घंटे की शिफ्ट लिखी जाती हो, लेकिन असल में कलाकारों का पूरा दिन काम में ही निकल जाता है। शूटिंग के अलावा सेट तक आने-जाने का समय, मेकअप, और कई बार ओवरटाइम भी इसमें जुड़ जाता है, जिससे काम के घंटे और बढ़ जाते हैं।'

अर्जुन ने उदाहरण देते हुए कहा, ''अगर किसी कलाकार की शूटिंग सुबह 9 बजे से शुरू होती है, तो उसे सुबह 7 बजे उठना पड़ता है। 8 बजे तक घर से निकलना जरूरी होता है ताकि समय पर सेट पहुंचा जा सके। खासकर महिला कलाकारों को कई बार और भी जल्दी बुलाया जाता है, क्योंकि उन्हें मेकअप और तैयार होने में ज्यादा समय लगता है। इस वजह से उनका दिन और भी लंबा हो जाता है।'' उन्होंने कहा, ''शूटिंग अक्सर रात 9 बजे तक चलती है और कई बार इससे भी देर हो जाती है। शूट खत्म होने के बाद भी कलाकारों को मेकअप उतारने और कपड़े बदलने में समय लगता है। इसके बाद ट्रैफिक में घर लौटना एक अलग चुनौती होती है। कई बार कलाकार रात के काफी देर से घर पहुंचते हैं, जब शरीर पूरी तरह थक चुका होता है।''

अर्जुन बिजलानी ने कहा, ''सबसे मुश्किल बात यह है कि अगले दिन फिर वही दिनचर्या दोहरानी पड़ती है। शरीर को पूरा आराम मिलने से पहले ही फिर से काम पर निकलना पड़ता है। लगातार ऐसा होने से मानसिक और शारीरिक थकान बढ़ती जाती है, जिसका असर कलाकारों की सेहत पर भी पड़ता है।''

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अर्जुन ने बताया, 'एक समय ऐसा भी था जब तय समय से कहीं ज्यादा काम करना पड़ता था। कभी-कभी ऐसा महसूस होता था जैसे 30 दिनों के महीने में 35 दिन काम किया हो। यह दौर मेरे लिए मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से बेहद थकाने वाला था। लेकिन पहले के मुकाबले अब हालात कुछ बेहतर हुए हैं। पहले शूटिंग 14, 15, और 18 घंटे तक चलती थी। अब ज्यादातर प्रोड्यूसर्स कोशिश करते हैं कि शूट तय 12 घंटे में ही खत्म कर दिया जाए।' जब आईएएनएस ने उनसे पूछा कि क्या टीवी इंडस्ट्री में 8 घंटे की शिफ्ट होनी चाहिए, तो अर्जुन बिजलानी ने कहा, ''तकनीकी रूप से यह संभव नहीं है।

## एक खूबसूरत प्रेम कहानी से कहीं ज्यादा है 'दो दीवाने सहर में'




संजय लीला भंसाली के बैनर तले रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, भावनात्मक उलझनों और आज की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में प्यार की बदलती परिभाषाओं को संवेदनशील तरीके से पेश करती है, जो एक साथ निजी भी हो और बेहद रिलेटेबल भी। ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों में चर्चा का विषय बन गया है। यह फिल्म मुंबई की चमक-दमक वाली जिंदगी में दो ऐसे लोगों की कहानी बताती है जो अपनी कमियों से जूझते हुए प्यार ढूंढते हैं। ट्रेलर में संदीपा धर की छोटी लेकिन प्रभावशाली एंट्री ने खासा ध्यान खींचा है। भले ही उनका स्क्रीन टाइम कम हो, लेकिन हर फ्रेम में उनका कॉन्फिडेंस और मजबूत प्रेजेंस साफ दिखता है। संदीपा ने अपने स्क्रीन प्रेजेंस से उत्सुकता का तड़का लगाया है। उनकी मौजूदगी फिल्म के अर्बन और रोमांटिक मूड के साथ अच्छी तरह घुलमिल गई है। उनकी संयमित और सधी हुई एक्टिंग से लगता है कि संदीपा का किरदार भावनात्मक गहराई वाला है, जो फिल्म में आगे चलकर खुलकर सामने आएगा। संजय लीला भंसाली जैसे बड़े फिल्ममेकर के साथ काम करना संदीपा के करियर का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अब तक ऐसे रोल चुने हैं, जो उन्हें एक बेहतर एक्ट्रेस के रूप में आगे ले जाते हैं। इसी कड़ी में 'दो दीवाने सहर में' से उनका जुड़ाव कंटेंट-ड्रिवन और लेयर्ड सिनेमा की ओर उनके सोच-समझकर किए गए कदम को दर्शाता है।

संदीपा ने फिल्म को लेकर कहा, 'फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है। मृणाल, मेरी रोशनी, तुम्हारी परफॉर्मेंस में इतनी ईमानदारी और संवेदनशीलता है कि कई बार मैं भूल जाती थी कि तुम अभिनय कर रही हो। वहीं, रवि उदय सर, आप पलों को ऐसे कैद करते हैं कि मैं उन्हें महसूस करती हूं। अभिरूचि आनंद और पूरी टीम को शुक्रिया।'





## 'एनिमल पार्क' को लेकर संदीप रेड्डी वांगा ने दी बड़ी अपडेट, बताया कब शुरू होगी शूटिंग

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। भारत में रिलीज और अपार सफलता के लगभग दो साल बाद अब 'एनिमल' जापान में रिलीज होने वाली है। 13 फरवरी को फिल्म की रिलीज से पहले कुछ खास दर्शकों के लिए फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इस दौरान निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और अभिनेता रणबीर कपूर ने लोगों से बात भी की। इसी दौरान जब फिल्म के सीक्वल 'एनिमल पार्क' के बारे में पूछा गया तो संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि कब फिल्म की शूटिंग शुरू होगी।

### 2027 के मिड में शुरू होगी 'एनिमल पार्क' की शूटिंग

'एनिमल पार्क' के बारे में बात करते हुए संदीप रेड्डी वांगा ने कहा, 'मौजूदा फिल्म खत्म होते ही 'एनिमल पार्क' की शूटिंग शुरू हो जाएगी। इसमें और भी जानवर होंगे क्योंकि अजीज भी एक जानवर है। इसे ध्यान में रखते हुए अब कहानी दो भाइयों के बीच होगी, जो दिखने में एक जैसे हैं। इसलिए मुझे लगा कि एनिमल पार्क सही टाइटल रहेगा। मैं 2027 के मिड में शूटिंग शुरू करूंगा।' संदीप रेड्डी वांगा अभी फिलहाल प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर 'स्पिरिट' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी।

### बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी 'एनिमल'

एक्शन-थ्रिलर 'एनिमल' साल 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में पिता-पुत्र के उलझे हुए रिश्ते को दिखाया गया था। रणबीर ने रणविजय विजय सिंह का किरदार निभाया था। जबकि अनिल कपूर ने पिता का किरदार निभाया था। फिल्म में रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी भी प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसने दुनिया भर में 900 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। हालांकि, फिल्म के कई सीन और अत्यधिक हिंसा को लेकर इसकी आलोचना भी की गई थी।

### 'एनिमल पार्क' को लेकर उत्साहित हैं रणबीर

इस मौके पर रणबीर कपूर ने भी फिल्म को लेकर बात की और 'एनिमल पार्क' को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। अभिनेता ने कहा, 'संदीप के साथ सेट पर वापस आने और इस किरदार को निभाने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। अब एक और किरदार है। चूंकि यह एक निरंतर कहानी है, इसलिए पहले भाग की शूटिंग के दौरान ही उनके दिमाग में दूसरे पार्ट की कहानी भी स्पष्ट थी। एक अभिनेता के तौर पर यह मेरे लिए बहुत रोमांचक और प्रेरणादायक है। हम दोनों लगातार बातचीत करते रहते हैं और अलग-अलग आइडिया पर चर्चा करते रहते हैं।'

### 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' में नजर आएंगे रणबीर


रणबीर कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इन दिनों संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' पर काम कर रहे हैं। यह 1960 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है। इसमें उनके साथ पत्नी आलिया भट्ट और विक्की कौशल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके इसी साल रिलीज होने की संभावनाएं हैं। इसके अलावा रणबीर नितेश तिवारी की मच अवेटेड फिल्म 'रामायण: पार्ट वन' में भी नजर आएंगे। इसमें वह भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी।



## हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

- ऑस्ट्रेलिया ने रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया, 11 फरवरी को पहला मैच खेलेगी टीम

**सिडनी (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। वे हमस्ट्रिंग इंजरी से अब तक पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसकी पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया है कि हेजलवुड की जगह फिलहाल टीम में किसी भी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। ऑस्ट्रेलियाई



टीम अपना पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर टोनी डोडेमाइड ने कहा, हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर-8 स्टेज तक मैच फिट हो जाएंगे, लेकिन उनकी वापसी में अभी और समय लगेगा। उनकी रिकवरी प्रोसेस को तेज करना बहुत बड़ा जोखिम होगा।

### ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड

**मिचेल मार्श (कप्तान)**, ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोयनिश, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, मैथ्यू रैनशॉ, कूपर कॉनोली, टिम डेविड, जोश इंग्लिस, बेन ड्वारशुइस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुह्नेमन और एडम जम्पा।

**11 फरवरी को पहला मैच खेलेगी टीम**- ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में शामिल है, जहां उसके साथ श्रीलंका, जिम्बाब्वे, ओमान और आयरलैंड की टीमें हैं। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में है।

## बेन स्टोक्स को चेहरे पर गेंद लगी

- दाईं आंख सूजी, नाक भी चोटिल, सोशल मीडिया पर डरावनी फोटो शेयर की

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स एक भयानक हादसे का शिकार हो गए हैं। मैदान पर ट्रेनिंग के दौरान एक तेज रफ्तार गेंद उनके चेहरे पर जा लगी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। स्टोक्स ने सोशल मीडिया पर अपनी एक डरावनी तस्वीर शेयर की, जिसमें उनका चेहरा पहचान पाना भी मुश्किल हो रहा है।

**सोशल मीडिया पर शेयर की 'डरावनी' फोटो**- स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीर शेयर की है, उसमें



उनकी दाईं आंख पूरी तरह सूजी हुई और काली पड़ चुकी है। उनके गाल और होंठों पर खरोंच के गहरे निशान हैं और नाक से खून बहने के कारण पट्टी (बैंडेज) लगी हुई है। हालांकि, इतनी गंभीर चोट के बावजूद स्टोक्स का मजाकिया अंदाज बरकरार है। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'आपको क्रिकेट की गेंद की हालत देखनी चाहिए (यानी गेंद की हालत मुझसे भी बुरी होगी)।'

**एशेज की हार के बाद घर लौटे थे स्टोक्स**- 34 वर्षीय बेन स्टोक्स हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खत्म हुई एशेज सीरीज में 4-1 की करारी हार झेलकर इंग्लैंड वापस लौटे थे। इस शर्मनाक हार के बाद से ही उनकी कप्तानी पर तलवार लटकी हुई है और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड उनकी भूमिका की समीक्षा कर रहा है। ऐसे समय में इस चोट ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है।

**मैदान पर वापसी में हो सकती है देरी**- स्टोक्स को जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले काउंटी क्रिकेट में डरहम के लिए खेलना था। लेकिन चेहरे की इस गंभीर चोट के बाद अब उनके मैदान पर लौटने के समय को लेकर संशय बना हुआ है। कोच ब्रेंडन मैक्कुलम और इंग्लैंड की मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

- टी-20 वर्ल्डकप, पाकिस्तान से मैच पर सूर्या बोले

# हम तैयार, खेलने से उन्होंने मना किया

- हम कोलंबो जाएंगे, पाक ने मुकाबले का बॉयकॉट किया

**मुंबई (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर चल रहीं चर्चाओं के बीच भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया का रुख स्पष्ट कर दिया। गुरुवार को मुंबई में कैप्टन्स डे के दौरान सूर्या ने कहा कि भारत मैच खेलेगा। सामने वाली टीम नहीं खेलना चाहती तो यह उनकी मर्जी है।

हमारा माइंडसेट बिल्कुल साफ है। हमने खेलने के लिए मना नहीं किया है, उधर से मना किया गया है। आईसीसी ने मैच का शेड्यूल तय किया है और हम खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारे टिकट बुक हैं और दिल्ली के बाद हम कोलंबो जा रहे हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू हो रहा है। 15 फरवरी को टीम इंडिया कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ने वाली है, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान कर दिया है।

**दो शहरों में कैप्टन्स डे**- टी-20 वर्ल्ड कप का कैप्टन्स डे आज दो अलग-अलग शहरों में आयोजित किया गया। मुंबई में भारत, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड, इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज के कप्तानों ने हिस्सा लिया।




**सूर्या बोले- ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी सहज**- मुंबई में बातचीत के दौरान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया के कोच ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर के असर को लेकर बात की। उन्होंने कहा, गंभीर ने टीम के भीतर जो माहौल बनाया है, वह काफी सकारात्मक है। ड्रेसिंग रूम का माहौल भी काफी सहज रहता है।

**भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट**- भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। वहीं, श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिंहला स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।

- पाकिस्तानी पीएम बोले-

# बांग्लादेश के साथ खड़े रहना सही फैसला

### भारत का बॉयकॉट सोच-समझकर किया; बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर बोले- थैंक यू, पाकिस्तान



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के बहिष्कार को सही और सोचा-समझा फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मुद्दे पर बांग्लादेश के साथ मजबूती से खड़ा है।

एक फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने X पोस्ट में भारत से मैच का बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। उसके बाद आईसीसी ने पीसीबी से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। उसके बाद से पीसीबी का तो कोई बयान नहीं आया, लेकिन वहां के प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया कि पाकिस्तानी सरकार फैसला नहीं बदलने वाली है।

सरकार की बैठक के बाद शरीफ ने कहा- हमने टी20 वर्ल्ड कप पर बिल्कुल साफ रुख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेंगे, क्योंकि खेल के मैदान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### पाकिस्तान ने 1 फरवरी को मैच का बॉयकॉट किया

1 फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ मैच के बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश के सपोर्ट में लिया था, क्योंकि आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत की बजाय अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग की थी। यह पूरा विवाद मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से हटाए जाने के बाद शुरू हुआ। बीसीसीआई ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध में मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय लीग से




- अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइनल में

**सूर्यवंशी का 55 बॉल पर शतक, भारत का विशाल स्कोर, 9 विकेट पर 411 रन**

# सूर्यवंशी ने इंग्लैंड को धोया, 175 रन बनाए

- बाबर आजम का रिकॉर्ड भी टूटकर चूर

**हरारे (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी का नाम एक बार फिर से क्रिकेट जगत की सुर्खियों में छा गया है। इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में इस युवा बल्लेबाज ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से कोहराम मचा दिया। वैभव ने महज 55 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर न केवल भारतीय पारी को मजबूत शुरुआत दी, बल्कि अपनी प्रतिभा का एक बार फिर से लोहा भी मनवाया। उनकी इस पारी से इंग्लैंड की टीम मैच के शुरुआती पलों से पूरी तरह से बैकफुट पर चली गई है। 50 ओवर में 9विकेट खोकर 411 रन बनाए थे।

**बाबर आजम का रिकॉर्ड भी तोड़ा**- इस ऐतिहासिक पारी के दौरान वैभव सूर्यवंशी ने एक बड़ा कीर्तिमान अपने नाम किया। उन्होंने यूथ वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रनों के मामले में पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। बाबर आजम (1272 रन) के नाम यूथ वनडे में जो रिकॉर्ड दर्ज था, वैभव ने उसे तोड़कर अब इस सूची में अपना स्थान और ऊपर कर लिया है।

**वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**- अंडर-19 वर्ल्ड कप में छक्कों के मामले में वैभव सूर्यवंशी ने नया कीर्तिमान रच दिया है। 2026 एडिशन में वैभव अब तक 20 छक्के जड़ चुके हैं और इसी के साथ वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड डेवाल्ड ब्रेविस के नाम था, जिन्होंने 2022 अंडर-19 वर्ल्ड कप में 18 छक्के लगाए थे।

### फाइनल में वैभव सूर्यवंशी का तूफान, गेंदबाज दिख रहे थे पस्त

वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही जमकर चौके छक्के उड़ाए। इस खिलाड़ी ने मात्र 32 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। लेकिन इसके बाद भी वैभव थमे नहीं और उन्होंने लगातार इंग्लैंड के स्पिनर्स पर अटैक करते हुए अपना शतक भी पूरा कर लिया। 160 रन की पारी में कुल 13 छक्के और 14 चौके मार चुके थे। वैभव में 80 गेंदों पर 175 रन बनाए और कैच आउट हो गए थे। इससे पहले भी वैभव ने सेमीफाइनल मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रन की पारी खेली थी।



**सूर्यवंशी का 32 बॉल पर अर्धशतक**- 11वें ओवर में भारतीय टीम ने 10 रन बनाए। ओवर की चौथी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी ने शानदार छक्का जड़ा। उन्होंने अगली ही गेंद पर सिंगल लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह वैभव का इस वर्ल्ड कप में चौथा अर्धशतक रहा, जो उन्होंने महज 32 गेंदों में पूरा किया।

**वैभव भारत के टॉप स्कोरर**- इस अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 6 मैचों में 264 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 82 रन रहा है। इस दौरान उन्होंने 3 हाफ सेंचुरी लगाई। गेंदबाजी में हेनिल पटेल ने कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 6 मैचों में 11 विकेट झटके हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 5 विकेट देकर 16 रन रहा है।

**म्हात्रे 53 रन बनाकर आउट** - आयुष म्हात्रे 53 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एलेक्स ग्रीन ने बेन मेयस के हाथों कैच कराया। इसके साथ उनके और सूर्यवंशी के बीच 142 रन की साझेदारी भी टूट गई थी। भारतीय टीम रिकॉर्ड 10वीं बार फाइनल में पहुंची है। दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम तीसरी बार फाइनल खेलेगी, टीम ने 1998 में इकलौता टाइटल जीता था। इससे पहले 2022 के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को ही हराकर पांचवीं बार ट्रॉफी जीती थी।

**आयुष आउट, 142 रन की साझेदारी टूटी**- आयुष म्हात्रे 53 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एलेक्स ग्रीन की गेंद पर बेन मेयस ने कैच किया। इसके साथ ही आयुष और वैभव सूर्यवंशी के बीच दूसरे विकेट के लिए चली आ रही शानदार 142 रन की साझेदारी का भी अंत हो गया।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक

### हैकर्स ने आईडी बदली, मोनेटाइजेशन से आने वाले पैसे भी हड़पे; अलीगढ़ में एफआईआर

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** क्रिकेटर रिंकू सिंह की फेसबुक आईडी हैक हो गई। साइबर ठगों ने रिंकू के फेसबुक की ईमेल आईडी बदलकर उससे होने वाली कमाई अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। रिंकू के भाई सोनू की शिकायत के बाद मामले में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया।

सोनू ने शिकायत में कहा है कि ?रिंकू के फेसबुक पर 16 लाख फॉलोअर्स हैं। वे काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच और टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त थे। इस वजह से सोशल मीडिया अकाउंट पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे।

सोनू ने बताया कि रिंकू ने 4 फरवरी को मुंबई से अपना फेसबुक एकाउंट लॉग इन किया। काफी कोशिशों के बाद भी आईडी नहीं खुली। पासवर्ड गलत बताता रहा। बाद में पता चला कि उनकी ईमेल आईडी ही बदल गई है। उनका फेसबुक से लॉग-इन था, लेकिन अब अकाउंट दूसरी मेल आईडी से से लॉग-इन दिखा रहा है।

- मंधाना की समझदारी वाली पारी से बेंगलुरु ने

# दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग जीता

- दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी, मंधाना ने 87, जॉर्जिया ने 79 रन बनाए

**मुंबई (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग जीत लिया है। टीम ने गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 6 विकेट से हराया। बेंगलुरु 2024 में पहली बार चैंपियन बनी थी। जबकि दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी है।

वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में बेंगलुरु ने 2 गेंद रहते ही 204 रन का टारगेट चेज कर लिया। यह डब्ल्यूपीएल का सबसे बड़ा रन चेज है। कप्तान स्मृति मंधाना ने 87 रन की पारी खेली। जबकि जॉर्जिया वोल ने 79 रन बनाए। दोनों ने 92 बॉल पर 165 रन की साझेदारी की।

आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे। राधा यादव और



नदीन डी क्लर्क ने शुरुआती दो गेंद पर 2 सिंगल लिए। राधा ने तीसरी गेंद पर चौका लगाया। चौथी गेंद उन्होंने कवर्स की दिशा में खेली, लेकिन उनका बैट स्टंप से टकरा गया। गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई, लेकिन गिल्लियां नहीं गिरीं। इस तरह RCB ने दूसरा टाइटल जीत लिया।






# सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर पर 9 साल पुराना बैन हटाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई के पूर्व प्रेसिडेंट अनुराग ठाकुर से लाइफ टाइम बैन हटा दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को अपने 9 साल पुराने फैसले को बदला है। उसमें ठाकुर को बोर्ड से दूर रहने को कहा गया था।

अब वे भारतीय क्रिकेट के संचालन में बोर्ड के कामकाज में शामिल हो सकेंगे। कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगी भर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा- यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है। बेंच ने यह भी साफ कर दिया कि अनुराग ठाकुर पहले ही बिना शर्त माफी मांग चुके हैं, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

साल 2017 में लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों को लागू न करने की वजह से अनुराग ठाकुर को पद से हटाया गया था। लोढ़ा कमेटी के नियमों में आयु सीमा और सरकारी पद जैसे कई कड़े प्रावधान शामिल थे।



# हरियाणा के दो खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल

### क्रोएसिया में जाग्रेब ओपन रेसलिंग; 41 पहलवानों ने लिया भाग

**झज्जर (एजेंसी)।** ओलिंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन रेसलिंग 2026, यूडब्ल्यूडब्ल्यू (युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) रैंकिंग सीरीज के पहले ही दिन सिल्वर मेडल जीता है। वहीं शुरुआती में ही हरियाणा के सुजीत कलकल ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। 4-8 फरवरी तक क्रोएशिया के जाग्रेब में सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में अमन सहरावत (61 किग्रा) और सुजीत कलकल (65 किग्रा) जैसे प्रमुख नामों के साथ 41 सदस्यीय भारतीय दल भाग ले रहा है। पहले दिन सुजीत कलकल ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अमन सहरावत ने रजत पदक प्राप्त किया।

**पेरिस ओलिंपिक में जीत चुके ब्रॉन्ज मेडल**- अमन सहरावत ने पेरिस ओलिंपिक में देश के लिए ब्रोंज मेडल जीता था। वहीं हाल में नोएडा आयोजित हुई पीडब्ल्यूएल में भी अमन सहरावत ने मुंबई टाइगर्स की टीम से खेलने का मिला था।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के आरके पुरम में देर रात एनकाउंटर, पुलिस ने दरिंदा के पैर पर मारी गोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के आरके पुरम थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच गुरुवार देर रात मुठभेड़ हुई है। दिल्ली पुलिस की मुस्तैदी और सही समय पर कार्रवाई के चलते मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को हिरासत में लिया। बदमाशों ने 6 राउंड फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने 4 गोलियां चलाई। पुलिस के आगे दोनों बदमाश टिक न सके। यह घटना लगभग सुबह 3 :30 बजे की है। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, पुलिस ने आरोपियों को मोटरसाइकिल पर घूमते हुए देखा, जो कथित तौर पर लूटपाट करने की फिराक में थे। बदमाशों ने पुलिस के रोकने के बाद फायरिंग शुरू कर दी थी, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक बदमाश के पैर पर गोली भी लगी। इसके बाद घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसका ईलाज चल रहा है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों बदमाश इलाके में देर रात से ही लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम दोनों की खोजबीन में लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद जब पुलिस ने उन्होंने खोज निकाला और रोकने की कोशिश की तो इससे पहले ही उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी थी जिसके चलते सेल्फ डिफेंस में पुलिस को भी चार राउंट फायरिंग करनी पड़ी जिसमें से एक गोली एक बदमाश के पैर में जा लगी। अपराधियों की पहचान संजय और सोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में बताया कि जिस बदमाश के पैर में गोली लगी है उसने अपना नाम दरिंदा रखा हुआ है। वह कई डकैतियों और अन्य अपराधों में संदिग्ध है। पुलिस मामले में पकड़े गए अन्य आरोपी के भी आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच में जुट गई है।

### गाजियाबाद की लड़कियों ने डिमांड के साथ पिता को दे दी थी धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद की भारत सिटी सोसाइटी में 9वें मंजिल से कूदने वाली 3 लड़कियों के पिता ने अब कुछ नए खुलासे किए हैं। बच्चियों के पिता ने बताया है कि खुदकुशी करने से कुछ घंटे पहले उनकी बेटियों ने कहा था कि यदि उन्हें कोरिया नहीं ले जाया गया तो वह मर जाएंगी। पिता के मुताबिक बच्चियां साउथ कोरिया में रहना चाहती थीं और इसके लिए लागातार दबाव डाल रही थीं। इस बीच गाजियाबाद पुलिस ने कहा कि वे परिवार के लोगों से पूछताछ कर रहे हैं और उनकी ओर से मीडिया से बातचीत के दौरान किए गए दावों की पड़ताल कर रहे हैं, खासतौर पर उन आरोपों को लेकर कि लड़कियों ने खुदकुशी ऑनलाइन टास्क बेस्ड गेम्स की वजह से आत्महत्या की। बुधवार तड़के 2 बजे 11, 14 और 16 साल की इन तीन बहनों ने भारत सिटी में एक टावर के नौवें मंजिल पर स्थित घर से छलांग लगा दी। लड़कियों की खुदकुशी के तुरंत बाद पिता ने कई मीडिया संगठनों और पुलिस को बताया था कि बच्चियों ने यह कदम ऑनलाइन गेमिंग की वजह से उठाया गया। कुछ पुलिस अधिकारियों ने भी शुरुआत में यही बात कही। हालांकि, जांचकर्ताओं का कहना है कि अभी ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है। ट्रांस हिंडन जोन के डीसीपी निमिष पाटिल ने कहा, 'अभी तक की जांच के मुताबिक, घटना के पीछे टास्क बेस्ड गेम नहीं है। पिता की ओर से किए गए दावे की जांच की जाएगी। उनसे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। एक बार जब परिवार सहयोग की स्थिति में होगा तो हम उनके दावों को लेकर सबूत मांगेंगे।' पाटिल ने कहा कि जिस कमरे से लड़कियों ने छलांग लगाई वहां मिला मोबाइल फोन उनकी मां का है। उन्होंने कहा, घटना से पहले कोई संदिग्ध मैसेज या फोन कॉल नहीं था। मोबाइल में टास्क बेस्ड गेमिंग का कोई सबूत नहीं है। इस बीच उनके पिता ने घटना वाली रात लड़कियों से आखिरी बातचीत का खुलासा किया है। पिता ने कहा, मैंने करीब 10 बजे उनसे बातचीत की। मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने डिनर कर लिया है और सो जाने को कहा। उन्होंने एक बार फिर जोर दिया कि मैं उन्हें कोरिया ले जाऊं। मैंने इनकार कर दिया।

# ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में बचपन, फरीदाबाद के अस्पतालों में रोज पहुंच रहे 100 बच्चे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बच्चों में मोबाइल और ऑनलाइन गेम्स की लत लगातार बढ़ती जा रही है। शहर के अस्पतालों में रोजाना 100 से अधिक ऐसे मामले पहुंच रहे हैं। मनोचिकित्सकों ने अभिभावकों को सावधान रहने की सलाह दी है।

फरीदाबाद में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बीके सहित करीब 15 बड़े अस्पताल हैं। इनमें रोजाना करीब 100 ऐसे बच्चे और किशोर पहुंच रहे हैं, जिनमें अत्यधिक गेमिंग के कारण पढ़ाई में गिरावट, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन और सामाजिक दूरी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। कुछ मामलों में बच्चों में अवसाद, आत्मविश्वास की कमी और आत्मघाती विचार तक देखे जा रहे हैं। बुधवार को गाजियाबाद में मोबाइल पर कोरियन लव गेम के आदी तीन नाबालिग बहनों की घटना ने अभिभावकों को झकझोर कर रख दिया है। इसका असर फरीदाबाद में भी देखा जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में बच्चे मोबाइल फोन और ऑनलाइन गेम्स के आदी होते जा रहे हैं।



ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल की मनोचिकित्सक डॉ. सिमरन मलिक ने कहा कि डिजिटल गेम्स में हार-जीत बच्चों के मन पर गहरा असर डालती है। बार-बार हारने पर आत्मविश्वास कम होता है और वे खुद को दूसरों से कमतर समझने लगते हैं, जिससे वे धीरे-धीरे वास्तविक दुनिया से कटने लगते हैं। इसलिए मोबाइल या गेम्स पूरी तरह बंद करना समाधान नहीं है, बल्कि समय-सीमा तय करना जरूरी है। अभिभावकों को बच्चों से रोज बातचीत करनी चाहिए, उनके साथ समय बिताना चाहिए और खेल-कूद व रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि बच्चे के व्यवहार में लगातार बदलाव दिखे तो देर न करें और किसी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से संपर्क करें। डॉ. अंकुर ने कहा कि पैरेंटल कंट्रोल ऐप्स, समय-सीमा तय करने वाले टूल्स और सुरक्षित ब्राउजिंग सेटिंग्स का उपयोग अभिभावकों को जरूर करना चाहिए। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. अंकुर सचदेवा ने बताया कि डिजिटल गेम्स की लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। अस्पताल में हर महीने 5 से 6 बच्चे और किशोर मानसिक परेशानी के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें से करीब दो बच्चे मोबाइल और गेम्स की अत्यधिक लत से जूझ रहे होते हैं। लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से बच्चों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा, अकेलापन और ध्यान की कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। कई बच्चे पढ़ाई में पिछड़ने लगते हैं और नींद व खानपान का संतुलन भी बिगड़ जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चे अक्सर अपनी परेशानी शब्दों में नहीं कह पाते, बल्कि व्यवहार से संकेत देते हैं।

### ऑनलाइन गेम की लत का पता लगाएगा एम्स का टूल, ऐसे जान पाएंगे रिस्क स्कोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेट, मोबाइल और ऑनलाइन गेम की लत बच्चों और युवाओं के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। हाल के दिनों में गाजियाबाद में तीन लड़कियों की आत्महत्या करने के साथ ही कई घटनाएं सामने आई हैं। अब इस समस्या की समय रहते पहचान के लिए एम्स ने आईसीएमआर के सहयोग से एक खास स्क्रीनिंग टूल विकसित किया है। टूल की मदद से इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक इस्तेमाल से होने वाली लत का पता लगाया जा सकेगा। इस शोध के लिए आईसीएमआर ने एम्स को फंड जारी किया था। इसके बाद एम्स के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर के बिहेवियरल एडिक्शन्स क्लीनिक के प्रोफेसर यतन पाल सिंह बलहारा के नेतृत्व में यह स्क्रीनिंग टूल विकसित किया गया। डॉक्टरों ने 112 कॉलेज छात्रों पर अध्ययन कर इस टूल को तैयार किया है। डॉ. बलहारा ने बताया कि देश में 18 से 20 प्रतिशत बच्चे इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण इस लत से पीड़ित हैं। यह स्क्रीनिंग टूल इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल की आदत से जुड़े 11 सवालों के आधार पर तैयार किया गया है। लत की गंभीरता के आधार पर डॉक्टरों ने ऑनलाइन गेमिंग, गैंबलिंग, सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल, अत्यधिक ऑनलाइन खरीदारी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक कंटेंट देखने की लत की स्क्रीनिंग के लिए अलग-अलग स्कोर तय किए हैं।

## आरएसएस पर टिप्पणी कर फंसे दिग्विजय सिंह, मानहानि मामला खारिज करने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर से जुड़ी एक टिप्पणी के चक्कर में फंसते नजर आ रहे हैं। इस मामले में उनके खिलाफ दायर एक मानहानि याचिका को कोर्ट ने खारिज करने से इनकार कर दिया है। 8 जुलाई 2023 को सोशल मीडिया साइट पर किए गए एक पोस्ट में दिग्विजय सिंह ने दूसरे सरसंघचालक गोलवलकर की एक तस्वीर साझा करके उसके कैप्शन में लोगों से सवाल पूछा था कि क्या वह दलितों, पिछड़े वर्गों, मुसलमानों और भूमि, जल व जंगल से जुड़े मुद्दों पर गोलवलकर के विचारों से परिचित हैं? इस पोस्ट को लेकर ठाणे निवासी और संघ के स्वयंसेवक शशिकांत चंपानेकर ने कांग्रेस नेता के खिलाफ मामला दायर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे संघ की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। याचिका के दाखिल होने के बाद कोर्ट ने सुनवाई शुरू कर दी। राज्यसभा सांसद ने इस याचिका को खारिज करने की अपील करते हुए तर्क दिया कि यह मामला कानूनन विचारणीय नहीं है। इस पर सिविल जज राजेश बी. खंडारे ने कहा कि दिग्विजय सिंह के खिलाफ दायर मानहानि याचिका में वैध कारण बनता है। इसी वजह से इसे प्रारंभिक स्तर पर खारिज नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस नेता की तरफ से दलील दी गई कि याचिका कर्ता को यह मुकदमा दायर करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि संघ न तो कोई पंजीकृत संस्था है और न ही कानूनी व्यक्ति है। ऐसे में वह मुकदमा दायर नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आखिर कोई व्यक्तिगत सदस्य संघ और



गोलवलकर की ओर से हर्जाना कैसे मांग सकता है? इस पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि आपराधिक मानहानि कानून के तहत किसी पहचाने जाने योग्य समूह की मानहानि की जा सकती है और उस समूह का कोई आहत सदस्य कानूनी कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े गंभीर और विचारणीय मुद्दे हैं, जिनका फैसला केवल साक्ष्य दर्ज होने के बाद ही किया जा सकता है, न कि वाद खारिज करने के चरण पर। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि इस वाद को प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज नहीं किया जा सकता।

## बिल गेट्स से एलन मस्क तक: दुनिया के दिग्गज हस्तियों के नाम एपस्टीन फाइल में आने से भूचाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के काले कारनामों से जुड़ी एपस्टीन फाइल्स एक बार फिर दुनिया भर में चर्चा का केंद्र बन गई हैं। हाल ही में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा एपस्टीन फाइल से जुड़े लाखों पन्नों के दस्तावेज जारी किए गए हैं। जिसमें दुनियाभर के कई ऐसे दिग्गजों के एपस्टीन के साथ संबंध का खुलासा हुआ है कि गूगल ट्रेंड्स पर इस मामले की सर्च रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। दरअसल, एपस्टीन फाइल के नए दस्तावेजों में दुनिया के सबसे अमीर और शक्तिशाली व्यक्तियों- जिनमें एलन मस्क, बिल गेट्स और डोनल्ड ट्रंप के साथ एपस्टीन के कथित संबंधों का विवरण दिया गया है। लाखों पन्नों और हजारों तस्वीरों में आए दुनिया के प्रमुख हस्तियों के नाम ने वैश्विक राजनीति और कॉर्पोरेट जगत में हलचल मचा दी है। ज्ञात हो कि अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा 30 जननरी को एपस्टीन फाइल से जुड़े नए दस्तावेज जारी किए गए। लाखों पन्नों के इस फाइल में 180,000 चित्र, 2,000 वीडियो है। जिसमें रिचर्ड ब्रैनसन, बिल गेट्स और एलन मस्क जैसे कई जाने-माने हस्तियों के यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंध उजागर हुए हैं। हालांकि, इन फाइलों में नाम होने का अर्थ सीधे तौर पर किसी अपराध की पुष्टि नहीं है। पहले जारी किए गए दस्तावेजों में जिन लोगों के नाम आए हैं, उनमें से कई लोगों ने एपस्टीन से संबंधित किसी भी गलत काम से इनकार किया है। एपस्टीन फाइल में अरबति एलन मस्क और जेफरी के बीच बातचीत का ईमेल शामिल है।



## अरबों का गुपचुप कारोबार ! चीन में धड़ल्ले से बिक रहे कंडोम

**बीजिंग, एजेंसी।** जब भी जनसंख्या नियंत्रण की बात होती है तो अक्सर हमारा ध्यान कड़े कानूनों या सरकारी नीतियों पर जाता है लेकिन इन सबके बीच एक छोटा सा प्रोडक्ट खामोशी से दुनिया की आबादी को संतुलित करने में सबसे बड़ी भूमिका निभा रहा है। हम बात कर रहे हैं कंडोम की। जिस प्रोडक्ट का नाम सुनते ही अक्सर लोग झिझक जाते हैं आज उसका बाजार एशिया में अरबों डॉलर तक पहुंच चुका है। आइए जानते हैं कि एशिया के किस देश में इसका सबसे बड़ा साम्राज्य खड़ा हो चुका है। कंडोम की खपत में एशिया का सुपरपावर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शोध और व्यापारिक रिपोर्टों के अनुसार एशिया में कंडोम की बिक्री के मामले में चीन निर्विवाद रूप से नंबर-1 पर है। चीन में हर साल लगभग 5.8 अरब ( कंडोम यूनिट्स बेची जाती हैं। यह संख्या पूरे एशिया की कुल खपत का एक बड़ा हिस्सा है। इस सूची में भारत दूसरे स्थान पर है जबकि तुर्की तीसरे नंबर पर आता है। हालांकि चीन और भारत के बीच का अंतर अभी भी काफी ज्यादा है।

**अरबों डॉलर का कारोबार: 2030 तक होगा दोगुना:** चीन का कंडोम बाजार सिर्फ जरूरत नहीं बल्कि निवेश का एक बड़ा केंद्र बन गया है:

**मार्केट वैल्यू:** साल 2023 में चीन का कंडोम बाजार करीब 3.69 बिलियन डॉलर (लगभग 30,000 करोड़ रुपये) का था।

**भविष्य का अनुमान:** विशेषज्ञों का मानना है कि 2030 तक यह बाजार बढ़कर 7.24 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।



**ग्रोथ रेट:** यह सेक्टर हर साल 10त्र की रफ्तार से बढ़ रहा है जो किसी भी अन्य एफएमसीजी प्रोडक्ट के मुकाबले काफी बेहतर है।

चीन में कंडोम की इतनी ज्यादा बिक्री के पीछे तीन मुख्य कारण हैं: विशाल आबादी: चीन की 1.4 अरब की आबादी में से लगभग 60 करोड़ लोग यौन रूप से सक्रिय श्रेणी में आते हैं। चीन सरकार ने यौन स्वास्थ्य और बीमारियों से बचाव के लिए इसे एक अनिवार्य स्वास्थ्य उत्पाद के रूप में प्रचारित किया है। बेहतर यौन शिक्षा और आधुनिक जीवनशैली के कारण अब वहां कंडोम खरीदने को लेकर सामाजिक शर्मिंदगी कम हो गई है।

ब्रांड्स और क्वालिटी का बोलबाला चीन के बाजार में 85त्र से ज्यादा हिस्सा लेटेक्स कंडोम का है। वहां की जनता ओकामोटो सागामी और इलासुन जैसे ब्रांड्स पर भरोसा करती है। दिलचस्प बात यह है कि चीन अपनी खपत पूरी करने के लिए थाईलैंड, जापान और मलेशिया जैसे देशों से भारी मात्रा में कंडोम आयात भी करता है।

### भारत के लिए क्या है सबक?

भारत एशिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार तो है लेकिन यहां आज भी ग्रामीण इलाकों में इसे खरीदने को लेकर भारी सामाजिक झिझक देखी जाती है। हालांकि सरकारी योजनाओं और सुरक्षित संबंधों के प्रचार की वजह से भारत का बाजार भी अब तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है।

## सऊदी से ओमान तक... वो 6 खाड़ी देश जिनके साथ भारत जल्द ही पक्का कर सकता है फ्री ट्रेड पैक्ट

**अबुधावी, एजेंसी।** भारत और मिडिल ईस्ट देशों के छह देशों के ग्रुप गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल ने गुरुवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की बातचीत शुरू करने के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर साइन किए।

टर्म्स ऑफ रेफरेंस एक प्रस्तावित ट्रेड पैक्ट के दायरे और तरीकों की रूपरेखा बताते हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में ये हस्ताक्षर किए गए। जीसीसी खाड़ी क्षेत्र के छह देशों का एक यूनियन है, जिसमें सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन शामिल हैं। व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में मदद करेगा। उन्होंने बताया, ये दोनों ट्रेडिंग पार्टनर 5,000 से ज्यादा सालों से एक-दूसरे के साथ व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 10 मिलियन भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। गोयल ने कहा, यह बहुत सही है कि अब हम एक ज्यादा मजबूत और ठोस ट्रेडिंग एग्रीमेंट करें, जिससे सामान और सेवाओं का ज्यादा मुक्त प्रवाह हो सके, नीति में अनुमान और स्थिरता आए और ज्यादा इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि यह समझौता जीसीसी देशों के साथ-साथ भारत की खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। जहां भारत दुनिया में अनाज का एक बड़ा उत्पादक है, वहीं जीसीसी देश तेल और गैस के निर्यातक हैं। गोयल ने कहा, हमें भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर और जीसीसी में इंफ्रास्ट्रक्चर को एक साथ बढ़ाने के लिए भी मौका मिलेगा। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम करने वाली हाई-क्वालिटी कंपनियों का साथ भी मिलेगा। इस पार्टनरशिप से हमारी पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री को बहुत फायदा होगा।

### भारत पर कम टैरिफ से घबराया बांग्लादेश, अब ट्रंप के साथ यूनुस करने जा रहे सीक्रेट डील

**ढाका, एजेंसी।** भारत-अमेरिका ट्रेड डील के बाद बांग्लादेश घबरा गया है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिका और बांग्लादेश 9 फरवरी को एक ट्रेड एग्रीमेंट साइन करने वाले हैं। इस डील की शर्तों को लेकर गोपनीयता के कारण इसकी काफी आलोचना हो रही है। बड़ी बात यह है कि बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं और इससे पहले इस सीक्रेट डील की चर्चा हो रही है। भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश ने डील को फाइनल करने की जल्दी की है। ट्रंप ने भारतीय सामान पर टैरिफ घटाकर 18 परसेंट कर दिया गया है। बांग्लादेश को डर है कि अगर वह उतने ही कॉम्पिटिटिव या बेहतर शर्तें हासिल नहीं कर पाता है तो वह भारत से मार्केट शेयर खो देगा। उसकी इकॉनमी बहुत ज्यादा अमेरिका को रेडीमेड गारमेंट एक्सपोर्ट पर निर्भर करती है। यह उसके अमेरिकी एक्सपोर्ट का लगभग 90 परसेंट है। यह डील अप्रैल 2025 में वाशिंगटन द्वारा ढाका पर 37 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाने के बाद हुई है।

## जाम से मिलेगी मुक्ति, गौड़ चौक और तिगरी के बीच बनेंगे 2 नए यू-टर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चारमूर्ति/गौड़ चौक और तिगरी के बीच 60 मीटर चौड़ी सड़क पर दो नए यूटर्न का काम शुरू कर दिया गया है। सर्विस मार्ग को भी जल्द चौड़ा किया जाएगा। इस काम अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे वाहनों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। नोएडा एयरपोर्ट चालू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और बढ़ जाएगा। यूटर्न के बनकर तैयार होने पर गौड़ सिटी व उसके आसपास की 20 से अधिक सोसाइटियों में रहने वाले डेढ़ लाख से अधिक लोगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।



प्राधिकरण के परियोजना विभाग अधिकारी के मुताबिक दोनों तरफ के सर्विस मार्ग को चौड़ा किया जा रहा है। इससे यह सड़क दो- दो लेन की हो जाएगी। अभी साढ़े तीन मीटर चौड़ी यानी एक लेन की है। गौर सिटी-वन व टू की सोसाइटी में रहने वाले लोगों के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद की तरफ जाने वाले लोग भी इस रास्ते से होकर आवाजाही करते हैं। सुबह से लेकर देर रात तक ट्रैफिक का दबाव होने की वजह से अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए यहां सर्विस मार्ग को चौड़ा करने के साथ तिगरी और गौड़ चौक के बीच मुख्य सड़क पर दो नए यूटर्न बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

यूटर्न के निर्माण पर तीन करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। खजूर चौक के पास तिगरी गोलचक्कर से पहले बनने वाले इस यूटर्न से गौड़ सिटी-टू की तरफ से आना-जाना आसान हो जाएगा। वाहन चालकों को अभी तिगरी गोलचक्कर से घूमकर आना पड़ता है। यूटर्न बनने से तिगरी गोलचक्कर पर भी ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-24 गाजियाबाद की तरफ जाना आसान हो जाएगा। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि यूटर्न और सर्विस मार्ग को चौड़ा करने का काम तय समय में पूरा कराने का प्रयास रहेगा। इससे गौड़ सिटी के आसपास लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी।

### गढ़ी रेलवे फाटक पर बनेगा फ्लाईओवर, हजारों लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएमडीए की तरफ से गढ़ी रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर बनाने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर एक सलाहकार कंपनी को नियुक्त कर दिया है। अगले दो महीने के अंदर सलाहकार कंपनी की तरफ से फ्लाईओवर निर्माण की डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। इस रेलवे लाइन के एक तरफ सेक्टर-37सी और डी, सेक्टर-नौबी के अलावा गांव बसई और गांव गढ़ी हैं। इसमें करीब 10 हजार परिवार रहते हैं। करीब आधा किमी की सड़क बदहाल अवस्था में है। रेलवे लाइन होने के चलते वाहन चालकों को फाटक पर रुकना पड़ता है। इस समस्या के समाधान को लेकर जीएमडीए की तरफ से इस रेलवे फाटक के ऊपर फ्लाईओवर निर्माण की योजना तैयार की है। इसके साथ-साथ जमीन अधिग्रहण से जुड़ी जानकारी भूमि अधिग्रहण विभाग और एचएसवीपी से मांगी गई है। सलाहकार कंपनी की तरफ से सर्वे करके बताया जाएगा कि कितनी लेन का फ्लाईओवर इस रेलवे फाटक के ऊपर बनाया जा सकता है। सेक्टर-37सी और डी में रामप्रस्था सिटी, बीपीटीपी टेरा, बीपीटीपी पार्क सरीन, आदि रिहायशी सोसाइटियां हैं। फ्लाईओवर बनने के बाद सेक्टर-37सी और डी में विकसित सोसाइटी, सेक्टर के हजारों परिवारों के अलावा गांवों में रह रहे लोगों को लाभ होगा।

## पीएम मोदी ने राज्यसभा में चुनावी रैली की तरह भाषण दिया, आत्ममुग्धता दिखी: जयराम रमेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में चुनावी रैली की तरह भाषण दिया, जिसमें उनकी आत्ममुग्धता और डायलॉगबाजी देखने को मिली। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज राज्यसभा में प्रधानमंत्री का एक और 97 मिनट का चुनावी रैली जैसा भाषण देखने को मिला। हमेशा की तरह यह भाषण गालियों और हमलों, तथ्यों की तोड़-मरोड़, नाटकीयता, इशारों और अपमानजनक टिप्पणियों से भरा था, और इसमें उनके हमेशा की तरह खुल्लमखुल्ला और बेशर्म झूठ भी शामिल थे।'' दिखाई देती रही।'' प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है और दुनिया एक नयी वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है। राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी



देश के लोगों को ही समस्या मानते थे और ''हम 140 करोड़ समाधान'' के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्षी दल के पास कोई योजना या दृष्टि नहीं थी; हम उनकी गलतियों को सुधारने में काफी समय लगा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दल राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जवाब सुनना चाहते थे लेकिन भाजपा के लोगों ने सदन में कांग्रेस के उन नेताओं का अपमान किया है जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य इस बात का है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपमान करने वालों को रोकने का प्रयास तक नहीं किया। खरगे ने राज्यसभा में पीएम मोदी के राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि भाजपा के लोगों ने पूर्व पंडित जवाहर लाल नेहरू तथा इंदिरा गांधी जैसे नेताओं का जिस तरह से अपमान किया है कांग्रेस उसकी निंदा करती है। उनका कहना था कि लोकसभा में चार दिन से गतिरोध चल रहा है और वहां विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना था कि विपक्ष प्रधानमंत्री का जवाब सुनना चाहता था लेकिन सरकार दो मिनट विपक्ष की बात सुनने को तैयार नहीं हुई इसलिए सभी दलों ने प्रधानमंत्री के जवाब के समय सदन से बहिर्गमन करने का निर्णय लिया।

# समाहरणालय स्थित निर्वाचन कोषांग का डीइओ सह डीसी ने किया निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय स्थित निर्वाचन कोषांग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में डीईओ सह डीसी ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) मो. सफीक आलम से निर्वाचन संबंधी कार्यों, रिपोर्टिंग व्यवस्था एवं अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्वाचन कार्यों का निष्पादन पूरी गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को जीरो एरर के लक्ष्य के साथ संपन्न कराया जाए। डीईओ सह डीसी ने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# बजट गांव, कस्बे और शहर के युवाओं, महिलाओं और किसानों के सपनों को नई ऊर्जा देने वाला है : संजय सेठ





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा बोकारो जिला द्वारा चास में केंद्रीय बजट पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट को वायदों का नहीं बल्कि कर्तव्य और मजबूत इरादों का बजट बताया। बजट देश की जनता के प्रति सरकार के प्रत्येक दायित्व को पूरा करने का संकल्प दशार्ता है। इसमें हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का स्पष्ट दृष्टिकोण है। अब इनकम टैक्स नहीं भरने पर जेल नहीं होगा यह केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रोत्साहन और सहयोग देने वाला विजन प्रस्तुत करता है। जो नागरिकों को हर कदम पर आगे बढ़ने में सहायता करेगा। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरासत और विकास को साथ लेकर आगे बढ़ने का मार्गदर्शन देते हैं, जिसकी स्पष्ट झलक इस बजट में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यह बजट विनिर्माण से लेकर बुनियादी ढांचे तक, स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन तक, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर एआई तक, खेल से लेकर तीर्थों तक-हर क्षेत्र को समाहित करते हुए विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करता है। यह बजट गांव, कस्बे और शहर के युवाओं, महिलाओं और किसानों के सपनों को नई ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में गांव से शहर तक, राजमार्ग से समुद्र तक, शिक्षा से स्वास्थ्य तक सभी क्षेत्रों का संतुलित समन्वय किया गया है। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को एक मजबूत आधार प्रदान करता है। रक्षा बजट को 7.85 लाख करोड़ रुपये किए जाने पर संजय सेठ ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे देश का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की दिशा में और मजबूत होगा। साथ ही सीमा क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब खेल क्षेत्र को बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। खेल क्षेत्र रोजगार, कौशल विकास और आजीविका के अनेक अवसर प्रदान करता है। खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत अगले दशक में खेल क्षेत्र को रूपांतरित करने के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का प्रस्ताव सराहनीय है। इसमें युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के माध्यम से देश की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने का स्पष्ट लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और हर नागरिक के प्रति कर्तव्य को केंद्र में रखकर यह बजट तैयार किया गया है। इस समावेशी बजट के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं पूरी केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रेस वार्ता में बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण,भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय, भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी,भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह,बिनोद कुमार,विकास कुमार उपस्थित थे। प्रेस वार्ता से पूर्व चास पहुंचने पर बिनोद कुमार, पन्नालाल कांदू,झंटू दे, अविनाश झा,पंकज सिंह,अजीत बाउरी, झंटू बाउरी,सिदाम आचार्य, संजय बाउरी,रवि कुमार आदि ने स्वागत किया।

# रांची से बोकारो आने के क्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री का पेटरवार में स्वागत

## नगर निकाय चुनाव के कारण एसआइआर का कार्य स्थगित है : संजय सेठ



**पेटरवार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार एन एच 320 स्व छत्रुराम महतो चौक पर स्व छत्रुराम महतो के लगे आदम कद प्रतिमा पर सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेट ने माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी। इसी दौरान पेटरवार में भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा पुष्प गुच्छा और अंग वस्त्र भेट कर गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री सेठ ने बताया कि स्वर्गीय छत्रुराम महतो बहुमुखी और स्पष्टवादी नेता और हमारे झारखण्ड के अभिवावक थे। झारखण्ड अलग राज्य के विधानसभा में भी स्पष्ट वक्ता थे। उनसे हम सभी कार्यकर्ताओ को सिखने का मौका मिला।

वहीं पत्रकारों के द्वारा झारखण्ड में एस आई आर के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि झारखण्ड में चुनाव होने के कारण स्थगित किया गया है जबकि अभी पुरे देश के अंदर बारह राज्यों में चल रहा है। एस आई आर एक सतत प्रक्रिया है। जब भी चुनाव आते है उसके एक साल पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण होता है, जो दिवंगत हो जाते है उनका नाम कट जाता है, जो जगह छोड़ कर चले जाते है तो उनका भी नाम कट जाता है। जिनके दो जगह नाम है उनके नाम कट जाते है। ये एक प्रक्रिया है। एक सौ चालीस करोड़ देशवासी खड़े होकर कहा कि हमारे यहां कोई भी बंगलादेशी घुसपैठियों आकर अनाधिकृत रूप से रह रहा है ये गलत है। मेरा देश कोई धर्मशाला नहीं है। देश कोई शरणार्थी स्थल नहीं है। ऐसे लोगो को मताधिकार और रहने का अधिकार नहीं है। जो मजदूरों के हक छीनते हैं। ऐसे लोगो को देश में रहने का अधिकार नहीं है। मेरा देश कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक है। यहां सभी जात-धर्म और सम्प्रदाय के लोग रहते है लेकिन दूसरे देश के लोग यहाँ आकर अनाधिकृत रूप से रह रहे है। ये बर्दास्त नहीं होगा उन्हें किसी भी हाल में देश से बाहर जाना होगा। वहीं बंगाल की मुख्य मंत्री ममता बनर्जी पर उन्होंने कहा की कोर्ट में उन्हें क्या मिला ये कानून के परिधि में है दुनिया की न्यायायिक व्यवस्था सबसे बढ़ियाँ भारत की है।

# रक्षा राज्य मंत्री ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम चुनाव निमित्त चास स्थित मगध बेंकेट हॉल में प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। इस अवसर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि चुनाव कार्यालय की स्थापना से विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में निरंतरता और संगठनात्मक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर बोकारो के पूर्व विधायक सह चास नगर निगम बिरंची नारायण भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी अविनाश कुमार पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह शशि भूषण ओझा मुकुल मिहिर सिंह चौधरी, आरती राणा जी, मुकेश राय, धीरज झा, अर्चना सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, राजीव कंठ, अशोक कुमार पप्पू, चक्रधर शर्मा, संजय त्यागी रामलाल सोरेन राकेश कुमार मधु हरिष सिंह ऋषभ राय अमर स्वर्णकार चन्द्रशेखर सिंह मंतोष ठाकुर धर्मेन्द्र महथा राकेश कुमार मधु रेशव कुमार प्यूष गौरव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीइओ सह डीसी ने चास नगर निगम के निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

## नाम वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन की तैयारियों की समीक्षा एवं अधिकारियों को दिया निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को और जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय (अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। डीईओ सह डीसी ने नाम वापसी की प्रक्रिया के संबंध में संबंधित सभी निवार्ची पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा सभी कार्यो को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव चिन्ह आवंटन को लेकर की जा रही तैयारियों की भी जानकारी ली और आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगर पालिका सह उपायुक्त ने निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही/ चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी एवं निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढांडा, कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी,सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-12 थाना अंतर्गत लकड़ी गोला मोहन टिंबर के समीप बीती देर रात हुए सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक अंकित कुमार तिवारी की मौत हो गई, जबकि एक युवती सहित दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। अंकित की कार डिवाइडर से टकरा गई थी। इसके बाद कार कई बार पलटी। घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मृतक अंकित कुमार तिवारी चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित भोजपुर होटल में मैनेजर के रूप में कार्यरत था। होटल मालिक सर्वेश कुमार ने बताया कि रात करीब 1 बजे तक अंकित होटल में मौजूद था। इसके बाद रात लगभग 2 बजे वह होटल की ही कार लेकर बाहर निकला। उसके साथ कौन-कौन लोग थे, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। हादसे के बाद पुलिस ने कार में सवार सभी चार लोगों को बीजीएच पहुंचाया। घायल युवती का इलाज अस्पताल में जारी है। मृतक अंकित मूल रूप से जमुई जिले के चकाई का निवासी था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की शिकायतें

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देशानुसार शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा ने आमजनों की शिकायत सुनी। जनता दरबार में न्यू आजाद नगर भूली से आए व्यक्ति ने उनकी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने, लुतिपहाड़ी बाघमारा से आए व्यक्ति ने जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण करने, मनईटांड छठ तालाब के पास रहने वाले व्यक्ति ने उनके पैतृक जमीन एवं मकान को हड़पने की शिकायत की। वहीं कुमारधुबी से आई महिला ने पति के इलाज के लिए सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।



### महापौर पद के लिए प्रत्याशी नीलम मिश्रा ने लिया नाम वापस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव में शुक्रवार को धनबाद नगर निगम के महापौर के लिए प्रत्याशी नीलम मिश्रा ने निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बाल किशोर महतो तथा सहायक निवार्ची पदाधिकारी विशाल कुमार पांडेय के समक्ष नामांकन वापस ले लिया। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि 7 फरवरी को प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रतीक आवंटित किया जाएगा। वहीं 23 फरवरी को सुबह 7:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक मतदान होगा तथा 27 फरवरी 2026 को सुबह 8:00 बजे से मतों की गिनती की जाएगी।

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 39 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/ शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



### कोल्हान में एक साथ गूंजा मागे परब, आदिवासी एकता का संदेश

**नोवामुंडी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व मागे परब धूमधाम से मनाया गया. कई गांव के लोगों ने एक साथ इस पर्व को मनाकर आदिवासी एकता का संदेश दिया है. माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर कोल्हान क्षेत्र में आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व मागे परब 6 फरवरी को पूरे पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया. मांदर और नगाड़े की गूंज, सामूहिक नृत्य और विधिवत पूजा-अर्चना के बीच अधिकांश गांवों में एक साथ पर्व का आयोजन कर आदिवासी समाज ने एक साथ मागे परब नहीं मनाने की धारणा को झुठला दिया.

# एनएचएआई से तोपचांची के क्षतिग्रस्त भंवरदाहा बांकापुल को मरम्मत करने की मांग



**तोपचांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचएआई पर तोपचांची के भंवरदाहा बांकापुल, इस बार अच्छी बरसात की वजह से पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है।वही महरू महतो का निमार्णाधीन मकान व उपजाऊ भूमि को भारी नुकसान हुआ है।बांकापुल को जीर्णोद्वार करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड अंचला अधिकारी तोपचांची, थानाप्रभारी तोपचांची, उपायुक्त धनबाद, एनएचएआई पदाधिकारी धनबाद काड़रा, रीजनल पदाधिकारी एन एच ए आई रांची, विधायक टुण्डी, सांसद गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित करते हुए गुहार लगाई गई है।वहीं आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि बांकापुल दुमदुमी पंचायत के जीटी रोड पर महत्वपूर्ण पल है।इस पुल पर रोज हजारों गाड़ियां दौड़ती है।इसे शीघ्र मरम्मत करने की आवश्यकता है ताकि बड़ी घटनाएं को रोका जा सके।

# बोकारो चैंबर द्वारा आम बजट पर आयोजित परिचर्चा में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री

## कहा : व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में ह्लआत्मनिर्भर भारत : आम बजट 2026 पर परिचर्चाह्व विषय पर एक विचार-गोष्ठी का आयोजन अध्यक्ष मनोज चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में संजय सेठ, रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में चैंबर के संरक्षक संजय बैद ने अंगवस्त्र भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वहीं, महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने बोकारो के निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष श्री मनोज चौधरी ने रक्षा राज्य मंत्री का बोकारो चैंबर की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि मंत्री पूर्व में एफ.जे.सी.सी.आई. के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वे उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। इस अवसर पर महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने रक्षा राज्य मंत्री को बोकारो जिले के विकास से संबंधित एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि अमृतसरझ्रकोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण अविलंब कराया जाए तथा रक्षा मंत्रालय द्वारा बोकारो जिले में शस्त्र निर्माण फैक्टरी की स्थापना की जाए। मुख्य अतिथि संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि वे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु हर समय उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि आम बजट केवल बोकारो या झारखंड का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का बजट है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। यह बजट आगामी पाँच वर्षों की विकासात्मक रूपरेखा प्रस्तुत करता है। निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण ने व्यापारियों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि बोकारो एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, अतः इसे शीघ्र चालू किया जाना चाहिए। सभा को चैंबर के वरीय सदस्यों शशि भूषण, सिद्धार्थ पारीख, अजय कुमार सिन्हा एवं श्री शशांक अग्रवाल ने भी संबोधित किया। मौके पर संरक्षक प्रदीप सिंह, विनय सिंह, नरेंद्र सिंह, पी.एस. जकारिया, अशोक तनेजा, कमलेश जायसवाल, राजेश प्रसाद,मनोज सिंह,संतोष सिंह मुकेश अग्रवाल सहित सैकड़ों उद्यमी एवं व्यापारी उपस्थित थे।

# टीएसएएफ और सेल एमटीआइ के बीच हुआ एमओयू



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) और स्टील ऑथिरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ) के बीच गुरुवार को एक एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन) हुआ. टीएसएएफ व सेल के बीच यह समझौता 25 जनवरी 2028 तक रहेगा. समझौता ज्ञापन पर टाटा स्टील के वीपी (सीएस) व टीएसएएफ के चेयरमैन डीबी सुंदर रामम और सेल के कार्यकारी निदेशक (ह्यूमन रिसोर्सेस, लर्निंग एंड डेवलपमेंट) संजय धर ने हस्ताक्षर किया. मौके पर टाटा स्टील खेल के प्रमुख मुकुल चौधरी, टाटा स्टील स्पोर्ट्स एकेडमी व एडवेंचर प्रोग्राम के हेड हेमंत गुप्ता, सेल के जीएम अतनु मुखर्जी व अन्य लोग मौजूद थे. इस समझौते का उद्देश्य सेल के कर्मचारियों के लिए आउटबाउंड लीडरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रमों को जारी रखना है. पिछले आठ वर्षों में टीएसएएफ ने 100 से अधिक साहसिक गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये है. टीएसएएफ द्वारा संचालित आउटबाउंड कार्यक्रमों में सेल के 2000 से अधिक कर्मचारी भाग ले चुके हैं.

# बोकारो के एनसीडी विभाग में डॉक्टर नदारद, सदर अस्पताल के भरोसे कैंसर स्क्रीनिंग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के बोकारो में एनसीडी विभाग (नन कम्यूनिकेबल डिजीज डिपार्टमेंट) बिना डॉक्टर के ही संचालित किया जा रहा है. इस विभाग की जिम्मेदारी ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की जांच करने की है. लेकिन, इस विभाग में कैंसर की स्क्रीनिंग करने के लिए सदर अस्पताल से डॉक्टरों को बुलाया जाता है. इस विभाग में ले-देकर ए-ग्रेड की एक नर्स सुजाता कुमारी हैं, जिनके भरोसे पूरा डिपार्टमेंट चल रहा है. स्क्रीनिंग के बाद कैंसर के संदेहास्पद मरीजों को हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है.

**12 साल पहले शुरू हुई एनसीडी विभाग**

वर्ष 2014 के दौरान बोकारो में एनसीडी विभाग की शुरूआत की गयी. 12 साल पहले कैंसर एक्सपर्ट के तौर पर डॉक्टर का एक पद स्वीकृत किया गया. इसके बाद भी बहाली नहीं हुई. वर्तमान में एनसीडी में तीन डॉक्टर और 40 पारा कर्मी (एएनएम, जीएनएम, काउंसेलिंग सहित अन्य) कार्यरत हैं. एनसीडी में योगदान देने के बाद भी उन्हें स्वास्थ्य विभाग में प्रतिनियुक्त करके दूसरे कामों में लगा दिया गया है.

**एक नर्स के भरोसे चल रहा एनसीडी विभाग**

सदर अस्पताल में जीएनएम और एएनएम को इमजरेंसी सेवा (एक नर्स सुजाता कुमारी को छोड़ कर) और ओपीडी सेवा में तैनात कर दिया गया. एनसीडी के डाटा इंट्री ऑपरेटर असीम कुमार को सीएस कार्यालय के काम पर तैनात कर दिया गया. सदर अस्पताल के एक कमरे में ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकिल स्क्रीनिंग सेंटर की व्यवस्था शुरू की गयी. इसमें चिकित्सक के बजाय केवल एक ए ग्रेड नर्स सुजाता को तैनात किया गया है. हालांकि, इस काम के लिए कम से कम 15 डॉक्टर और 60 पैरा-मेडिकल कर्मचारियों की जरूरत है. 2,35,710 मरीजों की स्क्रिनिंग, 548 संदेह में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकडों में बताया गया है कि सत्र 2025-26 (अप्रैल 2025 से जनवरी 2026) में कुल 235710 मरीजों की स्क्रिनिंग की गयी. इस दौरान 548 लोगों को संदेह के दायरे में रखा गया है. सर्वाइकल कैंसर के 30865 मरीजों की स्क्रिनिंग हुई. इसमें 132 पर संदेह है. ब्रेस्ट कैंसर के 59570 मरीजें की स्क्रिनिंग हुई. इसमें 140 पर संदेह है. ओरल कैंसर के 145275 मरीजों की स्क्रिनिंग हुई. इसमें 276 मरीजों को संदेह के दायरे में रखा गया है.

**क्या कहते हैं सिविल सर्जन**

बोकारो के सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि मुख्यालय को डॉक्टरों और पैरा-मेडिकल कर्मचारियों की कमी की जानकारी लगातार दी जा रही है. जल्द ही कैंसर के एक्सपर्ट डॉक्टर की नियुक्ति की जाएगी. स्क्रीनिंग में अभी तक कोई परेशानी नहीं हुई है. नर्स को ट्रेंड कर दिया गया है.

# कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने दावेदारी छोड़ी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी पूर्व अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने चास नगर निगम के मेयर पद के प्रत्याशी के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था, लेकिन प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा चास मेयर पदनके लिए किसी अन्य का समर्थन की घोषणा के बाद मैने अपना नाम वापस ले लिया। मीडिया को जानकारी देने के क्रम में उन्होंने कहा, कांग्रेस के एक अनुशासित सिपाही रहने के कारण तथा शुभचिंतको, समर्थकों एवं अभिभावक स्वरूप वरिष्ठ कोंग्रेसी हरेंद्र सिंह, सुशील झा,देवेंद्र चौबे,रास नारायण सिंह,नारायण सिंह चौधरी सहित कांग्रेसजनों से सलाह मशविरा से अपना मेयर पद नामांकन पत्र दाखिला वापस लिया। मेरे लिए कांग्रेस संगठन सर्वोपरी है। मौक पर कमरुल हसन,जीतेन्द्र यादव, मनोज वर्मा, रविंद्र गुप्ता, अरविन्द कुमार,राम कुमार, विनय कुमार, मिंटू गुप्ता, रेनू कुमारी,शकुंतला देवी उपस्थित रहीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com